## एक नजर

### धान किसानों को 10,145 करोड़ से अधिक का भुगतान

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के धान किसानों को 10,145 करोड़ से अधिक का भुगतान किया गया है। इससे सात लाख से ज्यादा किसान लाभान्वित हुए हैं। शासन के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में किसानों से धान खरीद जारी है। किसानों को क्रय केंद्रों पर समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। किसानों को समय से भुगतान भी किया जा रहा है। अब तक सात लाख 37 हजार से अधिक किसानों से धान की खरीद हो चुकी है। सामान्य धान का समर्थन मूल्य 2183 रुपये व ग्रेड ए का समर्थन मूल्य 2203 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित है।

### 6 फरवरी को यूपी में प्रवेश करेगी न्याय यात्रा

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा छह फरवरी को प्रदेश में प्रवेश करेगी। यात्रा की तैयारी को लेकर प्रदेश कांग्रेस जुट गई है। सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय 30 जनवरी को पार्टी के पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

### खुलेंगे सात नए गौ-संरक्षण केंद्र, 5.6 करोड़ जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** गौ-संरक्षण के लिए प्रदेश के आधा दर्जन जिलों में सात नये गौ-संरक्षण केन्द्र बनाए जाएंगे। इसके लिए प्रथम किस्त के रूप में राज्य सरकार ने 5.6 करोड़ रुपये भी भेज दिये हैं। पशुपालन विभाग के विशेष सचिव देवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने पशुपालन विभाग के निदेशक को बजट जारी करते हुए निर्देश दिये हैं कि एक गौ संरक्षण केन्द्र के लिए 80 लाख रुपये स्वीकृत किये गये हैं। उक्त क्रम में फर्रुखाबाद में दो गौ-संरक्षण स्थापित होंगे, ये सदर तहसील अंतर्गत गांव अछरौडा व कायमगंज में ग्राम पचरौली में बनाए जाएंगे। इसके अलावा बुलंदशहर, महराजगंज, जालौन, कन्नौज व गोरखपुर में एक-एक नया गौ-संरक्षण केन्द्र बनाया जाएगा।

# एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य साधने वाला होगा बजट

## लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश सरकार के बजट 2024-25 में लोक लुभावन योजनाओं की मिल सकती है सौगात

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

▸▸ नव्य राम मंदिर, महाकुंभ व ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के जरिए तेजी से आय बढ़ने का अनुमान

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार विधानसभा सत्र में इस बार एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य साधने वाला बजट पेश करेगी। इसमें लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लोक लुभावन वादों और दावों की भरमार तो होगी ही, नव्य राम मंदिर में रामलला के दर्शन शुरू होने और अगले वर्ष महाकुंभ से पर्यटन समेत सेवाकरों में अप्रत्याशित वृद्धि का अनुमान है। साथ ही, ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के जरिए हर जिले में औद्योगिक विस्तार से विकास दर में इजाफा होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में अफसरों को बजट का स्वरूप कैसा होगा, इसका खाका समझाया था। अब वित्त विभाग वर्ष 2024-25 के बजट को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। पिछली बार 22 फरवरी को वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने बजट प्रस्तुत किया था, इस बार 5 या 6 फरवरी को प्रस्तुत होगा। उसी दिन राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का अभिभाषण होगा, फिर अगले दिन से बजट पर चर्चा शुरू होगी।

सरकार ने 2023-24 के लिए 6 लाख 90 हजार 242 करोड़ 43 लाख रुपये का बजट पेश किया था, लेकिन इस बार अयोध्या में नव्य राम मंदिर में शुरू हुए दर्शन में अप्रत्याशित बढ़ रही भक्तों की



संख्या से महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट, लखनऊ एयरपोर्ट और गोरखपुर एयरपोर्ट के जरिए भक्तों के आने का सिलसिला, ट्रेनें संचालित होते ही फुल हो रही बुकिंग, होटलों में भीड़ समेत खान-पान, टूरिंग-ट्रेवेल्स आदि की बढ़ी आय बजट अनुमान को पिछले बार से 15 फीसदी तक बढ़ा सकती है। प्रयागराज महाकुंभ को लेकर बजट में विशेष प्रावधान होगा।

बजट सुविधाएं और बाजार को बढ़ावा देने वाला होगा। औद्योगिक प्राधिकरण क्षेत्र में स्थापित इकाइयों का सर्वेक्षण, अप्रयुक्त प्लॉटों का चिन्हीकरण और नये इंडस्ट्रियल कॉरिडोर की स्थापना पर सरकार का जोर है। 10 स्थानों पर प्लेज पार्क, पर्यटन, होटल/रेस्टोरेंट, ट्रान्सपोर्ट, संचार, रियल एस्टेट, प्रोफेशनल सर्विस, लोक सेवा, रक्षा व अन्य सेवाओं में विकास पर फोकस होगा। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के माध्यम से प्रदेश में कुल 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों में 11.8 लाख करोड़ के प्रस्ताव केवल मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए है। इसे जमीन पर उतारते ही आर्थिक परिवेश में बड़ा उछाल आएगा। हर जिले में औद्योगिक इकाइयां शुरू करने के लिए होने जा रही ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी अर्थव्यवस्था को वर्ष 2027 तक एक ट्रिलियन डालर करने का लक्ष्य को तेजी से पूरा होता दिखेगा। बजट में प्रदेश की बेहतर ब्रांडिंग, व्यापार अनुकूल माहौल और निर्यात प्रोत्साहन के प्रयासों पर जोर होगा। चीनी मिलों का आधुनिकीकरण और शुगर कॉम्प्लेक्स बनाने में सरकार और तेजी लाएगी। प्रदेश गन्ना उत्पादन में प्रथम स्थान पर है। लैंड लॉक प्रदेशों की श्रेणी में फिशरीज सेक्टर में राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली है। देश में सबसे बड़ा एमएसएमई सेक्टर उत्तर प्रदेश का है। इन सभी पर बजट में लोकलुभावन घोषणाएं होंगी।

### शून्य त्रुटि के साथ बजट भाषण में आंकड़े शामिल करने के निर्देश

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने निर्देश दिया है कि बजट भाषण में शामिल आंकड़ों व तथ्यों को शून्य त्रुटि के साथ तैयार करें। बजट भाषण के लिए तथ्य तैयार करते समय राज्य सरकार की नीतियों, प्राथमिकताओं, फ्लैगशिप योजनाओं और नई योजनाओं को खासतौर पर शामिल किया जाए। उधर, अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार ने सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव को वित्तमंत्री के बजट भाषण के लिए बजट सामग्री तैयार करने के निर्देश दिए हैं। राज्यपाल के अभिभाषण और बजट भाषण में शामिल आंकड़ों में जरा सी भी भिन्नता न हो।

### तेजी से बढ़ी अर्थव्यवस्था

पिछले साढ़े छह वर्षों के नियोजित प्रयासों से देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था उप्र विकास का ग्रोथ इंजन बन रहा है। 2021-22 में प्रदेश की कुल जीडीपी 16.45 लाख करोड़ थी, जो अब 2022-23 में 22.58 लाख करोड़ से अधिक हो गई है। वर्तमान 2023-24 में प्रदेश की जीडीपी 25.55 लाख करोड़ से अधिक होने का अनुमान है। राष्ट्रीय आय में प्रदेश 9.2 फीसदी का योगदान कर रहा है। अर्थव्यवस्था की विकास दर के राष्ट्रीय मानकों का आंकलन करें तो 2021-22 में प्रचलित भावों पर प्रदेश की विकास दर 20.1 फीसदी रही, जबकि देश की 18.4 फीसदी। स्थायी भाव पर राष्ट्रीय वृद्धि दर 9.1 फीसदी रही, जबकि प्रदेश में 9.8 फीसदी की वृद्धि दर दर्ज की गई। इसी प्रकार, 2022-23 में स्थायी भाव पर राष्ट्रीय विकास दर 7.2 फीसदी रही, जबकि प्रदेश में 9.8 फीसदी की वृद्धि दर दर्ज की गई और प्रचलित भाव पर 14.3 फीसदी वृद्धि दर रही।



मुख्यमंत्री योगी से उनके आवास पर मुलाकात के दौरान केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले। अमृत विचार

# नीतीश के हटने से इंडिया गठबंधन हुआ ताकत विहीन

## केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले बोले- तीसरी बार नरेंद्र मोदी बनेंगे प्रधानमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ बसपा प्रमुख मायावती को आरपीआई का अध्यक्ष पद स्वीकार करने की पेशकश की

**अमृत विचार :** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) के अध्यक्ष व केंद्रीय राज्यमंत्री रामदास आठवले ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हटने से इंडिया गठबंधन ताकत विहीन हो गई है। उन्होंने इंडिया गठबंधन पर तंज कसते हुए दावा किया कि तीसरी बार नरेंद्र मोदी ही देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। केंद्रीय राज्यमंत्री सोमवार को राजधानी स्थित वीवीआईपी गेस्ट हाउस में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

नीतीश कुमार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल होने की बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने कहा कि उनसे पहले ही कहा गया था कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के साथ न जाएं, मोदी के साथ जुड़ जाएं, लेकिन देर आए दुरुस्त आए। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार विपक्षी गठबंधन का प्रमुख हिस्सा थे, उनके हटने से गठबंधन को बड़ा झटका लगा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इंडिया गठबंधन में केवल कांग्रेस रह जाएगी, क्योंकि पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी और पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) के अरविंद केजरीवाल पहले ही साथ छोड़ चुके हैं। गठबंधन में ताकत नहीं बची है।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के सवाल पर आठवले ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास रथ चल रहा है, हम सभी इस पर बैठे हैं। देश एकजुट है। पूर्व में 70 साल तक कांग्रेस की सरकार थी, तब देश एकजुट क्यों नहीं हुआ। वास्तव में राहुल गांधी को कांग्रेस को एकजुट करने के लिए यात्रा करनी चाहिए। साथ ही उन्होंने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर के योगदान को कमतर बोलने वाली कांग्रेस के सुधीर कुलकर्णी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की बात कही। एक सवाल के जवाब में उन्होंने बसपा प्रमुख मायावती को आरपीआई का अध्यक्ष पद स्वीकार करने की पेशकश की।

### सत्र के दौरान स्थगित रहेंगी विधायकों से जुड़ी समितियों की बैठकें

**अमृत विचार, लखनऊ :** संसदीय कार्य विभाग ने राज्य विधानमंडल के बजट सत्र के दौरान विधायकों से जुड़ी मंडल व जिला स्तर पर गठित सभी समितियों की बैठकें स्थगित करने का निर्देश दिया है। प्रमुख सचिव जेपी सिंह ने सभी मंडलायुक्त और जिलाधिकारियों को भेजे गए आदेश में कहा है कि 2 फरवरी से विधानमंडल का सत्र प्रारंभ हो रहा है। ऐसे में मंडल व जिला स्तर की गठित ऐसी सभी समितियां, जिनमें विधायक सदस्य नामित हों, उसे सत्र की अवधि के दौरान आहूत न करें। यदि ऐसी बैठकों का आयोजन किया जाना अपरिहार्य हो तो इन बैठकों को तभी आहूत किया जाए, जब अधिवेशन लगातार तीन दिन स्थगित हो।

# सपा के पास राज्यसभा में संख्या बल बढ़ाने का मौका

## 10 प्रत्याशी मैदान में रहे तो निर्विरोध होंगे निर्वाचित, 11 होने पर होगा मतदान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र. से राज्यसभा की 10 सीटों में जहां भाजपा को सात सीटें मिलना तय है। वहीं, मुख्य विपक्षी दल सपा को इस बार अपनी बढ़ी हुई संख्या बल के चलते तीन सीटें जीतने की उम्मीद है। बाकी किसी दल के लिए कोई उम्मीद नहीं बचेगी। 10 प्रत्याशी मैदान में रहे तो सभी निर्विरोध निर्वाचित हो जाएंगे लेकिन अगर दस सीटों के लिए 11 प्रत्याशी मैदान में आ गए तो इसके लिए विधायकों को मतदान करना होगा।

इससे पहले 2018 में हुए राज्यसभा चुनावों में इन दस सीटों में भाजपा ने नौ उम्मीदवार विजयी कराये थे, जबकि सपा को अपनी सीमित संख्या वाले विधायकों के चलते केवल जया बच्चन को ही राज्यसभा में भेजने में कामयाबी मिलेगी। उस चुनाव में सपा ने बसपा से दोस्ती निभाने की मंशा से बसपा के उम्मीदवार को समर्थन दिया था, लेकिन अपेक्षित मतदान न हो पाने के चलते बसपा उम्मीदवार को पराजय का मुंह देखना पड़ा था। दरअसल, साल 2017 के विधानसभा चुनाव में सपा के जहां मात्र 47 विधायक थे, वहीं 2022 के चुनाव में विधायकों की संख्या बढ़ कर 111 हो गई। राज्यसभा चुनाव के लिए एक प्रत्याशी को जीत के लिए लगभग 37 वोट चाहिए। इस वक्त सपा के पास 108 और रालोद के पास 9 विधायक हैं। ऐसे में 117 विधायकों के साथ सपा तीन सीट जीत सकती है। इधर, कांग्रेस से मौजूदा गठबंधन के चलते उसके दो वोट भी सपा को जाने की उम्मीद है।

### सपा को मई में फिर मिल सकता है नेता प्रतिपक्ष का पद

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी को विधान परिषद में मई में नेता प्रतिपक्ष का पद फिर मिल जाएगा। फिलहाल 100 सीटों वाली विधान परिषद में सपा के मात्र नौ सदस्य हैं। इस कारण नेता प्रतिपक्ष का पद उससे छिन गया था। नेता प्रतिपक्ष के लिए न्यूनतम 10 सदस्यों की जरूरत होती है। यह संख्या मई में रिक्त हो रही सीटों के चुनाव में पूरी हो जाएगी। दरअसल, विधान परिषद में एमएलसी की 13 सीटें रिक्त हो रही हैं। इसमें भाजपा की 10, सपा, अपना दल (सोनेलाल) व बसपा की एक-एक सीट शामिल है। यह सभी सीटें विधान सभा क्षेत्र की हैं। इसमें विधायक ही वोट देते हैं। प्रत्येक सीट की जीत के लिए 31 विधायकों के मतों की जरूरत होगी। ऐसे में विधायकों की संख्या के हिसाब से सपा अपने गठबंधन के सहयोगी रालोद के साथ मिलकर अधिकतम चार सीटें जीत सकती है। पांच मई को सपा के एक एमएलसी का कार्यकाल अगर खत्म होगा तो चार नये जीतकर आ भी सकते हैं। इस जीत के बाद सपा की 11-12 सीटें होने की उम्मीद है। इसके बाद सपा को एक बार फिर विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष का पद मिल जाएगा।

# एसआई-एएसआई पद के आवेदन की बढ़ी तारीख

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ अब 31 तक मौका, 2 फरवरी तक कर सकेंगे संशोधन

**अमृत विचार :** पुलिस उप निरीक्षक (गोपनीय), सहायक उप निरीक्षक (लिपिक) और सहायक उप निरीक्षक (लेखा) के 921 तथा प्रोग्रामर ग्रेड-2 और कम्प्यूटर ग्रेड-ए के पदों पर सीधी भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की तारीख बढ़ा दी गई है। पहले 28 जनवरी अंतिम तिथि थी। अब 31 जनवरी की रात 12 बजे तक इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

वहीं आवेदन में किसी तरह की हुई त्रुटि में संशोधन के लिए दो फरवरी को रात 12 बजे तक का मौका मिलेगा। ऑवेदन में संशोधन भी ऑनलाइन और खुद ही करना होगा। ऑवेदन के बाद अगर कोई अभ्यर्थी फीस न जमा कर पाया हो तो उसके लिए भी दो फरवरी को रात में 12 बजे तक मौका रहेगा। पहले 30 जनवरी तक की तारीख तय की गई थी।

उप्र प्रोन्नति पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अपर सचिव ने इस आशय का निर्देश जारी किया है। उन्होंने कहा है कि 25 जनवरी से 28 जनवरी तक सार्वजनिक अवकाश होने के चलते ऑवेदन करने और फीस जमा करने में होने वाली दिक्कतों को देखते हुए आवेदन की तारीख बढ़ाने का फैसला किया गया है।

### भाजपा सरकार में शंकराचार्य भी सुरक्षित नहीं : अजय राय

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि भाजपा के शासन में सनातन ध्वज वाहक शंकराचार्य भी सुरक्षित नहीं हैं। यहां जारी बयान में उन्होंने कहा कि ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को उनके ही मठ में पुलिस ने चारों तरफ से घेर लिया है। स्वामी सोमवार को अपरान्ह तीन बजे मूल विश्वनाथ मंदिर की परिक्रमा व ज्ञानवापी जाना चाहते थे। प्रशासन ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को वहां जाने से मना किया और धारा-144 लागू होने का हवाला दिया। इस पर स्वामी अकेले ही जाने को तैयार थे, पर प्रशासन ने विद्यामठ में उन्हें नजरबंद कर दिया।



# सीएजी ने मांगा 1912 सेवा पर हुए खर्च का ब्योरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक को भेजा पत्र

**अमृत विचार :** कंट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल ऑफ इंडिया (सीएजी) ने मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की टोल फ्री उपभोक्ता सेवा 1912 पर खर्च हो रहे व्यय पर सवाल उठाये हैं। सीएजी ने निगम से खर्च का ब्योरा पेश करने को कहा है।

उपभोक्ताओं की शिकायतों को सुनने व उनका निस्तारण करने के लिए सभी वितरण निगमों में टोल फ्री 1912 सेवा चल रही है। बिजली आपूर्ति बाधित होने अथवा हाईवोल्टेज से उपभोक्ताओं को होने वाले नुकसान के मुआवजे की धनराशि की गणना भी इसी नंबर पर दर्ज शिकायतों के आधार पर की जाती है। सूत्रों के अनुसार, सीएजी ने मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक भवानी सिंह खंगारौत को पत्र भेजकर वर्ष 2020-21 से वर्ष 2023-24 के दिसंबर तक यानी लगभग चार वर्षों में खर्च हो चुके 35 करोड़ 40 लाख का ब्योरा पेश करने को कहा है।

इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इस प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस सेवा पर करोड़ों रुपये खर्च हो रहे हैं, इसके बावजूद उपभोक्ता इससे संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने इस सेवा को मोबाइल ओटीपी सिस्टम जोड़े जाने की मांग की।



कोरोना महामारी के दौरान नियुक्त किए गए कर्मचारियों को एनएचएम में समायोजित करने को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात करता कोविड-19 कर्मचारी संघ का प्रतिनिधिमंडल, साथ में अन्य। अमृत विचार

### अखिलेश यादव से मिला कोविड-19 कर्मचारी संघ का प्रतिनिधिमंडल

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव से सोमवार को कोविड-19 कर्मचारी संघ उप्र. के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने महामारी के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत प्रदेश में नियुक्त किए गए कर्मचारियों को एनएचएम में समायोजित करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन में बताया कि मध्य प्रदेश और हरियाणा की सरकार ने कोविड-19 के दौरान नियुक्त कर्मचारियों को समायोजित किया है। प्रतिनिधिमंडल में शामिल कर्मचारियों में डॉ. स्वप्निल, शाहिद, अखिलेश, प्रदीप वर्मा और संदीप यादव ने बताया कि अखिलेश यादव की सरकार में उन्हें लैपटॉप मिला था।

# आयकर संबंधी विवादों का निपटारा होगा आसान

## आयकर अपीलीय अधिकरण भवन का केंद्रीय राज्यमंत्री ने किया उद्घाटन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** अब राजधानी में आयकर से संबंधित विवादों का निपटारा आसानी से हो सकेगा। केंद्रीय विधि और न्याय राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार अर्जुन राम मेघवाल ने यहां सोमवार को वर्चुअली आयकर अपीलीय अधिकरण भवन का उद्घाटन किया।

इस मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि विवाद से विश्वास स्कीम 2020 के तहत करदाताओं को केवल विवादित करों की राशि का भुगतान ही करना था। इससे संबंधित मामलों का अधिकरण ने अच्छे से निपटारा किया। आयकर अपीलीय अधिकरण के अध्यक्ष जस्टिस सीवी भडंग ने कहा कि जयपुर, बंगलुरु और कटक के बाद आयकर अपीलीय अधिकरण को चौथा भवन लखनऊ में मिला है। उन्होंने कहा कि आईटीएटी में लंबित मामलों की संख्या कम और निस्तारित किए गए मामलों की संख्या बढ़ती जा रही है। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष आयकर अपीलीय अधिकरण (दिल्ली और अहमदाबाद क्षेत्र) जीएस पन्नू, उपाध्यक्ष, आयकर अपीलीय अधिकरण, (लखनऊ और पुणे क्षेत्र) शक्तिजीत डे भी उपस्थित रहे ।



राजधानी में आयकर अपीलीय अधिकरण भवन का उद्घाटन करते केंद्रीय विधि और न्याय राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार अर्जुन राम मेघवाल, साथ में अन्य। अमृत विचार

### अखिलेश ने सिर्फ अपना व परिजनों का ही किया विकास : बृजलाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सांसद बृजलाल ने सपा मुखिया अखिलेश यादव पर पलटवार करते हुए कहा कि उन्होंने सिर्फ अपना और परिजनों का ही विकास किया है। उनकी सरकार में जंगलराज, दंगा-फसाद और अपराधों की बाढ़ आ गई थी।

सपा मुखिया अखिलेश यादव द्वारा बिहार में भाजपा के सहयोग से नीतीश कुमार की फिर सरकार बनने पर भाजपा को कमजोर पार्टी होने का तंज कसा था। जवाब में सोमवार को भाजपा के राज्यसभा सांसद बृजलाल ने कहा कि भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी और मजबूत पार्टी है और हमेशा नारियों, किसानों, गरीबों और युवकों के हितों की चिंता करती है। बृजलाल ने कहा कि अखिलेश तो परिवारवाद के पोषक हैं। परिवारवाद ही भ्रष्टाचार का जनक होता है। उन्होंने अपने परिवार को विकसित किया। दो दर्जन से अधिक लोगों को प्रदेश में महत्वपूर्ण पद दे दिए।

# डीजी के पदों पर होगी नई तैनाती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ 1 फरवरी को तिलोत्तमा वर्मा और राजीव कृष्णा बनेंगे डीजी

**अमृत विचार :** कार्यवाहक डीजीपी विजय कुमार के 31 जनवरी को सेवानिवृत्त होने पर न केवल नये डीजीपी की तैनाती होगी, बल्कि विजिलेंस और मानवाधिकार में भी नये डीजी पोस्ट किए जाएंगे।

दरअसल, 31 जनवरी को विजय कुमार के अलावा डीजी (मानवाधिकार) एसके माथुर भी रिटायर होंगे। चूंकि विजय कुमार के पास कार्यवाहक डीजीपी के साथ ही डीजी विजिलेंस की जिम्मेदारी है। ऐसे में उनकी सेवानिवृत्ति के बाद डीजीपी और विजिलेंस का भी पद खाली हो जायेगा। वहीं एसके माथुर के रिटायर होने से डीजी मानवाधिकार का पद भी खाली हो जाएगा। ऐसे में नये डीजीपी के अलावा बाकी उन दोनों पदों पर भी नई तैनाती की जाएगी।

डीजी स्तर के इन दोनों अफसरों की सेवानिवृत्ति से एडीजी स्तर के दो अफसरों को प्रमोशन का लाभ मिलेगा। एक फरवरी को 1990 बैच की आईपीएस अफसर एडीजी (प्रशिक्षण) तिलोत्तमा वर्मा और 1991 बैच के एडीजी (विजिलेंस) राजीव कृष्णा को डीजी पद पर प्रोन्नति मिल जायेगी। 1990 बैच के आईपीएस प्रशांत कुमार को एक माह पहले ही डीजी पद पर प्रमोशन मिल जाने से एडीजी राजीव कृष्णा को इस बार खाली होने वाले पद के सापेक्ष प्रमोशन का लाभ मिल जायेगा। अन्यथा मुकुल गोयल के फरवरी में रिटायर होने के बाद उन्हें प्रमोशन मिलता। डीजी विजय कुमार और एसके माथुर के अलावा 31 जनवरी को डीआईजी (इंटेलिजेंस) लल्लन सिंह और डीआईजी (पीटीसी) राजकमल यादव भी रिटायर होंगे। इन पदों पर भी नई तैनाती की जायेगी।

### सरकारी डॉक्टरों को मिलेगा अल्ट्रासाउंड करने का प्रशिक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** सरकारी अस्पतालों में अल्ट्रासाउंड की सुविधा बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के एमबीबीएस डॉक्टरों को छह माह का विशेष प्रशिक्षण (फंडामेंटल इन एब्डोबिनो-पेल्विक अल्ट्रासोनोग्राफी) दिलाया जाएगा। यह प्रशिक्षण सरकारी मेडिकल कॉलेजों में दिया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए स्वास्थ्य महानिदेशालय ने 45 साल से कम उम्र के डॉक्टरों से आवेदन मांगे गये हैं। महानिदेशक प्रशिक्षण, डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल ने सभी अस्पताल प्रभारी व अन्य सक्षम अधिकारियों को आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि पीसीपीएनडी एक्ट अनुपालन के लिए स्वास्थ्य विभाग में पांच साल की सेवाएं पूरी कर चुके एमबीबीएस डॉक्टरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही आवेदन करने वाले चिकित्सकों की वार्षिक प्रविष्टियों में रेटिंग भी देखी जाएगी। इच्छुक चिकित्सक 9 फरवरी तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर सकते हैं।

# परिषदीय स्कूलों में हर महीने होगा पीटीएम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ अभिभावकों से नियमित संवाद करेंगे शिक्षक

▸▸ विद्यार्थियों की पढ़ाई और अनुशासन को लेकर होगी चर्चा

**अमृत विचार :** नये शैक्षिक सत्र से परिषदीय स्कूलों में हर महीने अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का आयोजन होगा। इसी सप्ताह में पहली पीटीएम होगी। इसमें उपस्थिति, गृहकार्य, यूनीफॉर्म आदि को लेकर चर्चा होगी। कई अभिभावकों ने सरकार से मिले 12 सौ रुपये में यूनिफार्म, जूता व मोजा आदि नहीं खरीदा है, इसे भी अमल में लाया जाएगा।

सरकार निजी स्कूलों की तर्ज पर सरकारी स्कूलों में भी अभिभावकों से नियमित संवाद पर जोर देने जा रही है। कक्षा में विद्यार्थियों की पढ़ाई और अनुशासन में क्या स्थिति है, प्रतिदिन गृहकार्य वह कर रहा है या नहीं और नियमित स्कूल आ रहा है या नहीं इसे लेकर अभिभावकों से अध्यापक चर्चा करेंगे। वहीं यूनिफॉर्म, जूता व मोजा इत्यादि के लिए अभिभावकों के खाते में भेजे गए 1,200 रुपये की धनराशि का उपयोग कराया जाएगा।

स्कूल शिक्षा महानिदेशालय की ओर से सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों (बीएसए) को निर्देश दिए गए हैं कि वह स्कूलों में हर महीने इसके आयोजन की मानीटरिंग करें। अभिभावकों के साथ शिक्षकों की बैठक होने से विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान मौके पर होगा। ऐसे विद्यार्थी जो पढ़ाई में कमजोर हैं, उनके अभिभावकों को इसकी जानकारी दी जाएगी। घर पर भी वह हर दिन पढ़ाई करें और फुल यूनिफॉर्म में ही विद्यालय आएं, इसे सख्ती से लागू कराया जाएगा। कुछ अभिभावक ऐसे हैं, जिन्होंने यूनीफार्म नहीं खरीदी। नियमित पीटीएम होने से उन पर इसे लेकर दबाव बनाया जाएगा कि वह सरकार की ओर से दी गई धनराशि का सदुपयोग करें। अभी इसके लिए बार-बार अभिभावकों को विद्यालय बुलाने पर भी वह नहीं आते। फिलहाल अब ऐसा नहीं होगा। इस सप्ताह प्रायोगिक तौर पर एक पीटीएम विद्यालयों में आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि आगे किसी भी तरह की कठिनाई न हो।

SOC SHIVENDRA'S ORTHO CLINIC
शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि ट्यूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत नि:शुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
WE CARE YOUR BONES & JOINTS
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
20 वर्षों से अधिक अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)

ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोन: 0522-3545321, 9839330666
Timings:- Morning : 11am-2pm, Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency

## शहर में आज



- लखनऊ विकास प्राधिकरण,गोमती नगर में नागरिक सुविधा दिवस- 10:00 बजे।
- लखनऊ विश्वविद्यालय में 9 दिवसीय अंतर छात्रावास प्रतियोगिता- 10:00 बजे।
- पिकनिक स्पॉट रोड स्थित सीमैप में किसान मेला- 11:00 बजे
- डीएवी कालेज मैदान में देवकीनंदन ठाकुर द्वारा रामकथा वाचन- 01:00 बजे।
- लोक संस्कृति शोध संस्थान, गोमतीनगर में दादी-नानी की कहानी कार्यक्रम- 05:00 बजे।

## एक नजर

### अजगर निकलने से दहशत

अमृत विचार, काकोरी : काकोरी के बरकताबाद गांव में सोमवार की सुबह गांव की ग्राम पंचायत भवन के पीछे जंगल में एक अजगर सांप के निकल आने से गांव में दहशत का माहौल बना गया। दुबग्गा वन रेंज के नरौना बीट प्रभारी दीपक कनौजिया ने बताया कि ग्राम प्रधान सुरेन्द्र की सूचना पर रेस्क्यू टीम ने अजगर को पकड़ जंगल में छोड़ दिया है। बताया कि अजगर का वजन करीब 30 किलो का होगा ।

### चार दिन में गांव के विकास पर दो करोड़ खर्च

अमृत विचार, लखनऊ : जिले की ग्राम पंचायतों में डंप पड़ी ग्राम निधि विकास कार्यों में खर्च होने लगी है। चार दिन में दो करोड़ रुपये कार्यों के लिए निकाले गए हैं। समीक्षा के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी ने सचिवों को फटकार लगाई थी। जिले की सभी 494 ग्राम पंचायत को 43 करोड़ रुपये बजट मिला था। 24 जनवरी को विकास भवन में जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर ने सचिवों के साथ समीक्षा की थी। उस दौरान 28 करोड़ रुपये ही खर्च करना पाया गया। जबकि 15 करोड़ रुपये खातों में डंप मिले। इससे विकास कार्यों पर भी सवाल उठे। इधर मार्च नजदीक होते देख बजट खर्च न होने पर सचिवों को फटकार लगाते हुए प्रतिकूल प्रविष्टि देने की चेतावनी दी थी। इसके बाद गांवों में नए व पुराने कार्य शुरू किए गए और दो करोड़ रुपये चार दिन में खर्च किए गए।

# पुलिस बल के साथ हुआ अकबर नगर का सर्वे

## अवैध रूप से मकान बनाने वालों को एलडीए करेगा विस्थापित, अधिकारियों ने घर-घर जांची पात्रता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अकबर नगर में कुकरैल नदी और बंधे पर मकान बनाकर रहने वाले लोगों को प्रधानमंत्री शहरी आवास देने के लिए परिवार की पात्रता का सत्यापन सख्ती के साथ तेज हो गया है।

रविवार को आक्रोशित लोगों के विरोध का सामना करने के बाद सोमवार को भारी पुलिस बल के साथ जिला प्रशासन, लखनऊ विकास प्राधिकरण, डूडा, नगर निगम की गठित पांच टीमें पहुंची। घर-घर आवास के लिए पात्रता की जांच की। परिवार के मुखिया व सदस्यों के आधार कार्ड देखे। कारोबार, आय आदि विवरण नोट किया। टीमों ने अकबर नगर प्रथम और द्वितीय क्षेत्र का सर्वे किया। हालांकि इस दौरान भी लोग आक्रोशित दिखे। जबकि कुछ लोगों ने हाईकोर्ट से स्टे होने का हवाला दिया। अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा ने बताया कि यहां ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जानी है। अवैध रूप से मकान बनाकर रहने वाले लोगों को आवास देकर विस्थापित करेंगे। इसके लिए पात्र व अपात्र का सर्वे किया जा रहा है।



सर्वे के दौरान एलडीए टीम के सदस्य व साथ में मौजूद पुलिसकर्मी। अमृत विचार

- रविवार को एलडीए टीम को आक्रोशित लोगों के विरोध का करना पड़ा था सामना
- लोगों ने हाईकोर्ट से स्टे होने का दिया हवाला, 1200 अवैध निर्माणों का होना है ध्वस्तीकरण

### 1200 मकान व दुकानदारों को दी गई थी नोटिस

कुकरैल नदी का सुंदरीकरण किया जाना है। नदी व बंधे की जगह पर तेजी से मकान व दुकानें बनती गईं। जमीन की खरीद-बिक्री भी गलत तरह से की गई। इस तरह से करीब 1200 अवैध निर्माण खड़े हो गए। इसमें मुख्य रोड पर 100 से अधिक बड़े व छोटे शोरूम बने हैं। इन सभी को एलडीए ध्वस्त करेगा। इसके लिए पूर्व में ध्वस्तीकरण नोटिस जारी किया गया था और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की गई थी। उस दौरान यहां रहने वाले लोग हाईकोर्ट गए थे और कार्रवाई पर रोक लगवाई थी। इस मामले की सुनवाई 7 फरवरी को होगी। एलडीए ने कैंप लगाकर आवास के पंजीयन भी किए थे।

### एफआई हॉस्पिटल के ध्वस्तीकरण पर लगी रोक

लखनऊ, विधि संवाददाता। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एफआई हॉस्पिटल के ध्वस्तीकरण पर 1 फरवरी तक के लिए रोक लगा दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति अब्दुल मोईन की एकल पीठ ने फरजाना सिराज की ओर से दाखिल याचिका पर पारित किया। याची की ओर से न्यायालय के समक्ष एफआई हॉस्पिटल का नक्शा व मालिकाना सम्बंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए समय की मांग की गई, इस पर न्यायालय ने अगली सुनवाई के लिए 1 फरवरी की तिथि नियत करते हुए, तब तक ध्वस्तीकरण न करने का आदेश एलडीए व राज्य सरकार को दिया है।

### कोर्ट का आदेश मिलते ही रुकी कार्रवाई

अमृत विचार, लखनऊ : एफआई अस्पताल के ध्वस्तीकरण पर रोक का आदेश जैसे ही सोमवार की दोपहर लखनऊ विकास प्राधिकरण को मिला तो कार्रवाई रोक दी गई। टीम रविवार से निर्माण तोड़ने में लगी थी। कैंट रोड स्थित बर्लिंगटन चौराहे पर मुख्तार के करीबी बिल्डर सिराज इकबाल ने बिना मानचित्र स्वीकृत कराए पांच मंजिल बिल्डिंग बनाई थी। इसे तोड़ने के लिए विहित न्यायालय ने आदेश दिए थे। पूर्व में कार्रवाई की गई थी। इसके बाद शनिवार को मंडलायुक्त ने बिल्डर द्वारा की गई अपील खारिज की थी। इससे हरकत में आए एलडीए ने रविवार से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की। इस दौरान सोमवार दोपहर तक पांचवें तल की छत व दीवार हथौड़े और ड्रिलिंग मशीन से तोड़ी गई। अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा ने बताया कोर्ट के आदेश पर कार्रवाई रोक दी है।

# साड़ी पहनकर महिलाएं 5 किमी की लगाएंगी दौड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** टी शर्ट-नेकर, ट्रैक सूट या फिर लोअर और टीशर्ट में महिला खिलाड़ियों को दौड़ लगाते हुए सभी ने देखा होगा। लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। इस बार महिलाएं साड़ी पहन कर पांच किमी की दौड़ लगाएंगी। घरों में काम करने वाली महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए यह दौड़ आयोजित की जा रही है। यह रोमांचक दौड़ पांच जगहों पर आयोजित की जाएगी। इसकी शुरुआत मोहनलालगंज से होगी।

मोहनलालगंज क्षेत्र में महिलाओं के लिए पांच किमी की दौड़ 10 फरवरी को आयोजित की जाएगी। इस दौड़ में महिलाएं साड़ी पहन कर हिस्सा लेंगी। मोहनलालगंज लोकसभा सांसद और केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने रविवार को वीवीआईपी गेस्ट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि युवाओं और महिलाओं की खेल में भागीदारी बढ़ाने के लिए 'सांसद खेल स्पर्धा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

मोहनलालगंज क्षेत्र में महिलाओं की 5 किलोमीटर की सेमी क्वार्टर मैराथन दौड़ आयोजित की जाएगी। इसी तरह से बीकेटी में 11 फरवरी, सिधौली में 13 फरवरी, मलिहाबाद में 15 फरवरी, सरोजनी नगर में 17 फरवरी को महिलाओं की 5 किलोमीटर की सेमी क्वार्टर मैराथन दौड़ आयोजित की जाएगी। सभी जगहों पर यह दौड़ सुबह 10 बजे से ही शुरू होगी।

**महिलाओं की भागीदारी अहम :** कौशल किशोर ने कहा कि सांसद खेल स्पर्धा का मुख्य उद्देश्य खेलों के प्रति युवाओं और महिलाओं में रुचि बढ़ाना है। कौशल किशोर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को विकसित भारत आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। विकसित और आत्मनिर्भर भारत बनाने में युवाओं और महिलाओं की भागीदारी अहम है। इसलिए सभी क्षेत्रों में युवाओं और खासकर महिलाओं को आगे आना है।

बताते चलें कि अभी हाल ही में केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने 21 किलोमीटर की महिलाओं की हॉफ मैराथन दौड़ का आयोजन बीते 31 दिसंबर को किया। इसमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अन्य लोग शामिल हुए।



जानकारी देते केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर।

- मोहनलाल गंज में 10 फरवरी को आयोजित होगी रोमांचक दौड़
- इसके बाद बीकेटी, सिधौली, मलिहाबाद और सरोजनी नगर में भी होगी दौड़

### सेमी क्वार्टर मैराथन

- मोहनलालगंज विधानसभा– 10 फरवरी को, किसान पथ में खुरदही से शुरू होकर 2 .5 किलोमीटर जाना फिर 2 .5 किलोमीटर वापसी।
- बक्शी का तालाब–11 फरवरी को, बीकेटी किसान पथ से सीतापुर रोड चंद्रिका देवी रोड तक 5 किलोमीटर।
- सिधौली – 13 फरवरी – अलादातपुर से होते हुए महमूदाबाद चौराहा विसवां चौराहा होते हुए मिश्रिख रोड से पुन: अलादातपुर वापसी।
- मलिहाबाद – 15 फरवरी – रजवाडा लान से साहिलामऊ से वापिस महमूदनगर से रजवाडा लान
- सरोजनी नगर – वृंदावन सेक्टर 4 से सेक्टर 6 के मध्य डिफेंस एक्सपो में।

## रेरा की ई-कोर्ट में उपस्थित न हुए तो एक तरफा फैसला

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र भू-सम्पदा नियामक प्राधिकरण (रेरा) बिल्डरों की 11 शिकायतों की सुनवाई ई-कोर्ट से करेगा। यदि बिल्डर उपस्थित नहीं हुए तो एकतरफा फैसला सुनाएगा। गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर में आवंटियों ने बिल्डरों के खिलाफ घर खरीदने से जुड़ीं 11 शिकायतें रेरा में की हैं। इसकी ऑनलाइन सुनवाई प्राधिकरण फरवरी में अलग-अलग तिथियों पर करेगा। सूचना संबंधित बिल्डरों को दी गई है। इसमें चार शिकायत मेसर्स ला रेजिडेंसिया लि., तीन शिकायत बीसीसी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लि. रत्न बिल्डटेक प्राइवेट लि., इन्वेस्टर क्लिनिक प्राइवेट लि., ओऐसिस रियलटेक प्राइवेट लि. व रुद्रा बिल्डवेल होम्स प्राइवेट लि. की एक-एक शिकायत है।

# नवजात को अस्पताल में छोड़ भाग रही थी महिला, गार्ड ने पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हजरतगंज स्थित झलकारीबाई महिला अस्पताल में एक महिला ने आठ दिन के शिशु को अस्पताल में छोड़ कर भागने की कोशिश की। हाथ में लगे वीगो को देख कर गार्ड को शक हुआ तो उसने उसे रोक लिया। जिसके बाद काफी देर तक अस्पताल के बाहर महिला अपनी मां के साथ मिलकर हंगामा करती रही। पुलिस और अस्पताल प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद महिला नवजात के पास रुकने को राजी हुई।

दरअसल संगीता नाम की महिला का आठ दिन पहले अस्पताल में प्रसव हुआ था। बताया जा रहा है कि महिला और उसके पति के बीच विवाद चल रहा है। बच्चे के जन्म के बाद से ही दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। इसके बाद महिला संगीता बच्चे को छोड़कर जाने लगी। अस्पताल के गेट पर मौजूद गार्ड ने उसको रोक कर जानकारी ली। जिस पर मामला खुल गया। गार्ड ने इस बात की जानकारी अस्पताल प्रशासन को दी। अस्पताल की सीएमएस ने बताया कि महिला को समझाया गया, लेकिन वह मानने को तैयार नहीं थी। इस पर पुलिस को बुलाया गया। पुलिस ने भी दंपति को समझाया है। अब महिला अपने बच्चे के पास है।

- पति से विवाद के चलते महिला ने उठाया कदम
- हजरतगंज स्थित झलकारीबाई महिला अस्पताल का मामला
- पुलिस और अस्पताल प्रशासन के समझाने पर मानी महिला

### नवजात की बिगड़ी तबियत

बताया जा रहा है कि दंपति के बीच विवाद इस हद तक बढ़ गया कि महिला ने नवजात की देखरेख में लापरवाही शुरू कर दी। इससे बच्चे की तबियत बिगड़ने लगी। हालात गंभीर होने पर बच्चे को चिल्ड्रन केयर यूनिट में ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया है।



झलकारीबाई महिला अस्पताल के गेट पर रोती- बिलखती संगीता व अन्य परिजन।

# 13 घंटे देरी से चारबाग पहुंची मालदा टाउन फरक्का एक्सप्रेस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ठंड और कोहरे के चलते ट्रेनों के लेट होने का सिलसिला जारी है। देरी से चलने के कारण यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ट्रेन नंबर 13484 दिल्ली मालदा टाउन फरक्का एक्सप्रेस सोमवार को 13 घंटे देरी से चारबाग रेलवे स्टेशन पहुंची।

ट्रेन नंबर 12875 पुरी आनंदविहार नीलांचल एक्सप्रेस साढे पांच घंटे, ट्रेन नंबर 13307 धनबाद फिरोजपुर कैंट गंगा सतलुज एक्सप्रेस पौने तीन घंटे, ट्रेन नंबर 12332 जम्मूतवी हावडा हिमगिरी एक्सप्रेस चार घंटे, ट्रेन नंबर 13152 जम्मूतवी कोलकाता एक्सप्रेस ढाई घंटे की देरी से राजधानी पहुंची। ट्रेन नंबर 15910 लालगढ़ डिब्रूगढ़ अवध आसाम एक्सप्रेस पौने तीन घंटे, ट्रेन नंबर 13009 हावडा योगनगरी ऋषिकेश दून एक्सप्रेस दो घंटे, ट्रेन नंबर 09466 डिब्रूगढ अहमदाबाद स्पेशल तीन घंटे, 13483 मालदाटाउन दिल्ली फरक्का एक्सप्रेस आठ घंटे, ट्रेन नंबर 13258 आनंदविहार दानापुर जनसाधारण एक्सप्रेस पौने आठ घंटे की देरी से लखनऊ आई। इसके अलावा ट्रेन नंबर 22425 अयोध्या कैंट आनंदविहार वंदे भारत एक्सप्रेस आधे घंटे, ट्रेन नंबर 12369 कोलकाता हरिदार कुंभ एक्सप्रेस साढ़े आठ घंटे, ट्रेन नंबर13308 फिरोजपुर कैंट धनबाद गंगा सतलुज एक्सप्रेस साढे चार घंटे देरी से आई।

- ट्रेनें लेट होने से बढ़ रही यात्रियों की मुश्किलें

### कोहरे के कारण दो विमान डायवर्ट, पांच उड़ानें रद

**अमृत विचार, लखनऊ :** मौसम खराब होने के कारण सोमवार को भी लखनऊ एयरपोर्ट से आने-जाने वाली पांच उड़ानें निरस्त रहीं। वहीं मस्कट और मुंबई से लखनऊ आने वाले दो विमान लखनऊ एयरपोर्ट पर नहीं उतर सके। उन्हें दूसरी जगह डायवर्ट कर दिया गया। जबकि अन्य उड़ानें एक से तीन घंटे तक विलंब से रहीं। इसकी वजह से यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सोमवार को मौसम खराब होने के कारण चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट से दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की, लखनऊ से आगरा, इंदौर जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की, आगरा से लखनऊ आने वाली इंडिगो की और वाराणसी से लखनऊ आने वाली इंडिगो की उड़ान रद कर दी गई। उधर मस्कट से सुबह 7 :50 पर लखनऊ आने वाली ओमान एयर की उड़ान मौसम खराब होने के कारण लखनऊ एयरपोर्ट पर नहीं उतर सकी। एटीसी ने एयरपोर्ट पर उसे उतरने की अनुमति नहीं दी। बाद में उसे नागपुर डायवर्ट कर दिया गया।

# धूप से चढ़ा पारा, एक बार फिर शीतलहर का अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

**अमृत विचार :** सुबह से खिली धूप से सोमवार को आमजन को काफी राहत मिली। वहीं मौसम विभाग की ओर से एक बार फिर लखनऊ और उसके आसपास इलाकों में शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं बारिश का भी अनुमान है।

एक दिन पहले की अपेक्षा सोमवार को सुबह से ही खिली धूप निकली। ऐसे में न्यूनतम पारा बढ़कर 8.5 डिग्री तक पहुंच गया। मौसम विभाग की ओर से एक बार फिर शीत लहर का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिक एके सिंह के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के बढ़ते क्षेत्रफल के कारण पहाड़ों पर ठंडी हवाएं चल रही हैं। ऐसे में असर मैदानी क्षेत्रों में देखने को मिल रहा है। ऐसे में अति शीत दिवस की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।



गुनगुनी धूप निकलने के बाद हजरतगंज में घूमने निकलीं युवतियां। अमृत विचार



धूप निकलने से स्कूल में बच्चों की भी बढ़ी संख्या, चमके चेहरे। अमृत विचार

- न्यूनतम पारा बढ़कर 8.5 डिग्री तक पहुंचा

### चलेंगी ठंडी हवाएं

शुष्क मौसम के बीच आने वाले दिन में ठंडी हवाएं चल सकती हैं। ये दृश्यता को प्रभावित कर सकता है। ऐसे में आवाजाही को लेकर मौसम विभाग की ओर से अलर्ट जारी किया गया है।

### सबसे ठंडा लखीमपुर

मंडल में लखीमपुर का तापमान सबसे कम रहा। यहां न्यूनतम पारा 7 डिग्री रिकार्ड हुआ। बाराबंकी का तापमान 9 रहा। वहीं हरदोई में तापमान 9 .5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### छाया रहेगा घना कोहरा

लखीमपुर खीरी और उसके आसपास के जनपदों में घने कोहरे की स्थिति बन सकती है। लखनऊ और आसपास इलाकों में सुबह कोहरा छाया रहने की संभावना है।

शुरुआत | नए पाठ्यक्रम में सनातन वैदिक संस्कृति का भी होगा प्रश्नपत्र

# लविवि के नए सत्र में छात्र पढ़ेंगे एमए हिंदू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय अगले सत्र से सनातन वैदिक संस्कृति को आगे बढ़ाने जा रहा है। विवि के कुलपति का कहना है कि नए सत्र में छात्र एमए हिंदू अध्ययन से शिक्षा ग्रहण करेंगे। पाठ्यक्रम में रिसर्च को भी विस्तार दिया जा रहा है।

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने बताया कि विवि लखनऊ हिन्दू अध्ययन केंद्र स्थापित करने जा रहा है। इसमें एमए इन हिंदू अध्ययन को शामिल किया गया है। शासन को भेजे गए प्रस्ताव के बाद ये अध्ययन अगले सत्र में आरंभ होगा। पाठ्यक्रम दो वर्षों का होगा। इसमें हिंदू अध्ययन शोध पीठ और रिसर्च को विस्तार दिया जाएगा।

**एक धरा एक परिवार पर हो रहा कार्य :** लविवि में आए आचार्य अभिषेक ब्रम्हचारी कहते हैं कि भारत वेद शास्त्र आधारित देश है। करपात्री महाराज ने वेदों को सिद्ध करते हुए उसकी प्रमाणिकता को स्थापित किया है। भारत में तेजी से एक धरा एक परिवार पर कार्य किया जा रहा है। हम लोग अखिल ब्रह्मांड की चिंता कर रहे हैं। ऐसे में भारत के हर वर्ग के बच्चे वेद और विचारों से प्रभावित हो रहे हैं। इसी जनाधार को आगे बढ़ाना है।



लविवि में वार्ता के दौरान आचार्य अभिषेक व विवि के कुलपति प्रो . आलोक कुमार राय।

### संस्कृत - प्राच्य में संबंधित विषय होंगे अनिवार्य

कुलपति कहते हैं कि विवि में संस्कृत विभाग - प्राच्य संस्कृत विभाग पहले से हैं। इनमें संबंधित विषयों को अनिवार्य रूप से लागू कराया जाएगा।

### फैकल्टी बोर्ड तैयार

नए पाठ्यक्रम में एक पेपर सनातन वैदिक संस्कृति का भी रहेगा। इसमें एक वर्ष का पीजी कोर्स भी शामिल है। इसको लेकर फैकल्टी बोर्ड, समितियां व संसाधन पूरी तरह तैयार कर लिए गए हैं।

### जुलाई से एयरपोर्ट पर शुरू होगा एक और टर्मिनल

**अमृत विचार, लखनऊ :** चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नया टर्मिनल बनाया जा रहा है। इसके जुलाई तक पूरा होने की संभावना है। नया टर्मिनल बनने के बाद हवाई अड्डे पर 25 से 30 विमान पार्क कराए जा सकेंगे। बता दें कि हवाई अड्डे से वर्तमान में 150 विमान आते-जाते हैं। 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के दौरान 50 चार्टर्ड विमानों को उतारने की व्यवस्था की गई थी। साथ एक दर्जन चार्टर्ड विमानों को पार्क कराने की तैयारी थी। अभी चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे पर 15 से 20 विमानों के पार्क कराने की क्षमता है। इसमें दो राज्य सरकार के पास आरक्षित रहते हैं। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार तीसरे टर्मिनल के निर्माण का काम बहुत तेजी से चल रहा है। इसके जुलाई तक पूरा होने की संभावना है। जुलाई में नया टर्मिनल शुरू होने के साथ ही हवाई अड्डे पर 25 से 30 विमानों के पार्किंग की सुविधा हो जाएगी। अलग-अलग पार्किंग बनाने के साथ ही एरोबिक भी बनाए जाएंगे।

# शाबाश गरिमा... खूब दौड़ाई मेट्रो

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ में सबसे अधिक मेट्रो ट्रेन चलाने के लिए गरिमा सिंह को सोमवार को पुरस्कृत किया गया । उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कारपोरेशन प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने उन्हें इस उपलब्धि के लिए प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही उन्हें एम्पलाय ऑफ द मंथ के खिताब से भी नवाजा गया। इस मौके पर प्रबंध निदेशक ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अन्य कर्मचारियों को भी पुरस्कृत किया।

गोमती नगर स्थित कारपोरेशन के प्रशासनिक भवन में आयोजित समारोह में प्रबंध निदेशक ने कहा कि गरिमा ने 82000 किमी मेट्रो चलाने के साथ ही अनुशासन, समय की पाबंदी और सभी नियमों का पालन किया है। उन्होंने गरिमा को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। जूनियर इंजीनियर सिविल मोहित कुमार सिंह को आगरा फोर्ट भूमिगत मेट्रो स्टेशन के त्वरित निर्माण कार्य में अहम भूमिका निभाने के लिए सम्मानित किया। सुरक्षा गार्ड धीरेंद्र बहादुर को उनकी सत्यनिष्ठा के लिए सम्मानित किया गया। टिकट ऑपरेटर राजू सिंह को उनकी कड़ी मेहनत और यात्रियों की तत्परता से सहायता करने के लिए सम्मानित किया गया। विजेताओं को बधाई देते हुए प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा कि मुझे अपनी गौरवशाली और समर्पित टीम पर गर्व है।



गरिमा को पुरस्कृत करते यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार।

- 82 हजार किलोमीटर ट्रेन चलाने पर किया गया पुरस्कृत

## एक नजर

### एकेटीयू में पीएचडी परीक्षा परिणाम घोषित

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2023-24 के प्रथम चरण के पीएचडी प्रवेश के लिए चयनित छात्रों की लिस्ट जारी कर दी गयी है। चयनित छात्रों के प्रमाणपत्रों का भौतिक सत्यापन प्रशासकीय समिति द्वारा किया जाएगा। काउंसलिंग की तिथि भी घोषित की जा रही है।

### आईटीआई अलीगंज में रोजगार मेला आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में मंगलवार को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 24 कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। कंपनियों के अधिकारी कामगारों को साक्षात्कार लेंगे। इसके बाद उनका इजराइल भेजे जाने के लिए चयन किया जाएगा। आईटीआई के प्रधानाचार्य राजकुमार यादव ने बताया है कि चयन प्रक्रिया में 3785 पद सम्मिलित किये गए हैं। पूर्व में भी अलग-अलग जनपदों से श्रमिक साक्षात्कार दे चुके हैं।

# आरक्षण को लेकर छात्रों ने किया हंगामा, सौंपा ज्ञापन

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,**

**अमृत विचार : लखनऊ** विश्वविद्यालय में छात्र संगठन ने एक बार फिर जमकर हंगामा किया। धरना- प्रदर्शन करते हुए छात्रों द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। शिकायती पत्र में आरक्षण, छात्रवृत्ति सहित अन्य मुद्दे शामिल रहे ।

कांग्रेस की शाखा एनएसयूआई के नगर अध्यक्ष प्रिंस प्रकाश पूर्व में लखनऊ विश्वविद्यालय से जुड़े मुद्दे उठाते रहे हैं। सोमवार को भी छात्र संगठन एकजुट दिखा। बताते हैं कि बड़ी संख्या में जमा छात्रों ने गेट बंदकर हंगामा किया।

मुद्दे के रूप में आरक्षित रिक्तियों को सामान्य श्रेणी में भरे जाने का दावा भी छात्र संगठन द्वारा किया गया। इस दौरान छात्रवृत्ति, पीएचडी में एनएफएस, नियमित कक्षाएं सहित अन्य मुद्दे भी शामिल रहे। बढ़ते आक्रोश के बीच छात्र कुलपति कार्यालय के निकट पहुंचे और धरना दिया। इस दौरान यूजीसी की गाइडलाइन की कॉपी भी छात्रों द्वारा जलाई गयी। बढ़ते बवाल की सूचना पाकर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक वीएन त्रिपाठी मौके पर पहुंच गए और छात्रों को शांत कराया और ज्ञापन लिया।

इस दौरान इकाई अध्यक्ष शुभम खरवार, राणा सुधांशु शर्मा, अंकुश चौहान, प्रीतम मौर्य, गोपीचंद्र, हर्षित शुक्ला आदि उपस्थित रहे।


लखनऊ विश्वविद्यालय में परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन सौंपते छात्र।

### मांगे नहीं मानीं तो होगा आंदोलन

इकाई अध्यक्ष शुभम खरवार कहते हैं कि विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है। ऐसे में निस्तारण के लिए सप्ताह भर का समय घोषित किया गया है। यदि छात्रों की समस्याओं का निस्तारण नहीं होगा तो आंदोलन को विस्तार दिया जाएगा।



विधानभवन के समीप चार सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन करते मदरसा आधुनिकीकरण शिक्षक एकता समिति के पदाधिकारी व सदस्य। अमृत विचार

## मदरसा आधुनिक शिक्षकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** अनिश्चितकालीन सत्याग्रह आन्दोलन के 43वें दिन मदरसा आधुनिकीकरण शिक्षकों के सब्र का बांध टूटा और सभी शिक्षकों ने विधान सभा की ओर कूच किया। विधानसभा पहुंचने पर पुलिस और मदरसा शिक्षको के बीच कहासुनी हुई। जिसके बाद मदरसा आधुनिक शिक्षकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार कर इको गार्डेन भेज दिया। प्रदेश अध्यक्ष अशरफ अली ने बताया कि अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री संग अधिकारियों की बैठक के बाद भी हल नहीं निकला। राज्यांश बंद किये जाने की खबर के सदमे से एक माह में पांच शिक्षकों की मौत से मदरसा शिक्षकों में बढ रहा आक्रोश बढ़ रहा हैं। यह कैसी विडम्बना है कि एक तरफ जहाँ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास सबका प्रयास को लेकर चल रहे हैं वहीं उनके ही मंत्रिमण्डल की सहयोगी अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री स्मृति ईरानी ने मदरसों में बच्चों को शिक्षा देने वाले उत्तर प्रदेश के 21546 मदरसा आधुनिकीकरण शिक्षकों को पिछले छः सालों से अधिक समय से मानदेय/वेतन न देकर दाने-दाने को मोहताज कर दिया है।


**सूचना**


सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना बिजनौर लखनऊ में मु0अ0सं0 202/2022 धारा 419,420,467,468,471,1208 आई0पी0सी0 से सम्बंधित वांछित अज्ञात अभियुक्त जिसने फर्जी विक्रेता अनिल कुमार पुत्र स्वर्गीय चन्द्रपाल रावत R/o ग्राम गहरू थाना सरोजनी नगर लखनऊ बनकर दिनांक 07/01/2020 को गाटा संख्या-370 मि. से रकबा 167.286 वर्गमीटर यानी 1800 वर्ग फीट स्थित ग्राम महरू सरोजिनी नगर लखनऊ को धोखाधड़ी करते हुए कूट रचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी रजिस्ट्री कर दी गयी है. जिसकी तलाश की जा रही है।
अतः सहयोग की अपेक्षा रखते हुए आप सभी से अनुरोध है कि उपरोक्त व्यक्ति की पहचान व जानकारी होने पर निम्न फोन नम्बरों पर सूचना देने की कृपा करें जिससे आप लोगों के सहयोग से अभियोग का सफल अनावरण किया जा सके।– **उप निरीक्षक– उमाकांत तिवारी (विवेचक) थाना–बिजनौर लखनऊ, मो0–8707298738, प्रभारी निरीक्षक थाना–बिजनौर लखनऊ मो0–9454405395**

**आवश्यकता है**

**ज्वाला देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय रेताही मानिकपुर, प्रतापगढ़ (उ.प्र.)**
(सम्बद्ध प्रो.राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज, (उ.प्र.)
प्राचार्य – 01 पद
प्रवक्ता – (स्नातक/ परास्नातक स्तर पर) हिन्दी – 05 पद, संस्कृत 03 पद, अर्थशास्त्र 01 पद ,अंग्रेजी 03 पद ,समाजशास्त्र 05 पद , शिक्षाशास्त्र 05 पद , राजनीति विज्ञान 05 पद, गृह विज्ञान 05 पद , प्राचीन इतिहास 05 पद , भूगोल 05 पद , भौतिक विज्ञान 05 पद , रसायन विज्ञान 05 पद , गणित 05 पद , जन्तु विज्ञान 05 पद , वनस्पति विज्ञान 05 पद
**योग्यता – उपरोक्त पदों पर यू.जी.सी./ उ.प्र.शासन द्वारा निर्धारित योग्यतानुसार**
**वेतनमान –उ.प्र.शासन के मानकानुसार देय होगा।**
**नोट– इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त पत्रावली के साथ विज्ञापन तिथि 15 दिनों के अन्दर सम्पर्क कर सकते हैं।**
अध्यक्ष
**ज्वाला देवी**
स्नातकोत्तर महाविद्यालय रेताही मानिकपुर, प्रतापगढ़
सम्पर्क सूत्र – 8765312453,9532071072

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा यूपी बोर्ड हाई स्कूल वर्ष 2018 अनुक्रमांक 0170788 अंक पत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गए हैं।– रोहित पुत्र सूरज सिंह, निवासी– ग्राम ऐरवा कुइली ब्लॉक ऐरवा कटरा, जिला– औरैया

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र चंदन के गलत संगत में पड़ने और नशीले पदार्थों का सेवन करने के कारण चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए उससे सभी प्रकार के रिश्ते समाप्त कर दिए हैं। किसी प्रकार के गैर कानूनी कृत्य के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगा। माता पिता से उसका कोई सरोकार न होगा। **–विनीता देवी पत्नी राकेश कुमार निवासी– 40 गली नंबर 2 सुंदरपुर वार्ड नंबर 4 अड्डा पाय, जिला इटावा**

**सूचना**

सूचित किया जाता है मैने अपना नाम DIPU से बदलकर DIPU KUMAR रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। DIPU KUMAR S/O BACHHRAJ ASWAR TARAPUR FATEHPUR, ASWA TARAPUR, POST-TARAPUR, DIST-FATEHPUR (UP-212664)

**सूचना**

सूचित किया जाता है मैने अपना नाम SUHAIL MALIK से बदलकर SUHAIL MALLICK रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। SUHAIL MALLICK s/o -SAIFUL MALLICK, ADD-328/01C (009/2), CHOWK BAZAR KALI JI SABJIMANDI, LUCKNOW-226003


# परीक्षा पे चर्चा के दौरान बच्चों को मोदी ने दिए सुझाव

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**»» बच्चों ने परीक्षा से जुड़े सवालों का पाया समाधान**

**अमृत विचार :** राजकीय बालिका इंटर कालेज में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से 'परीक्षा पे चर्चा' 7वें संस्करण के प्रसारण को कक्षा 6 से 12 तक बच्चों की ओर से ध्यान से सुना गया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा परीक्षा संबंधी विस्तृत चर्चा की गई।

परीक्षा पर चर्चा के 7वें संस्करण का प्रसारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से सोमवार को दिल्ली के प्रगति मैदान से किया गया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि मैंने अभी बच्चों की एग्जीबिशन देखी। वो इतनी अच्छी थी कि मुझे 5-6 घंटे लग जाते। उन्होंने बच्चों से ये भी कहा कि आप लोग जिस जगह (भारत मंडपम, प्रगति मैदान) बैठे हुए हैं, वहां दुनिया के दिग्गज नेता चर्चा कर चुके हैं। इस मौके पर परीक्षा से जुड़ी तमाम टिप्स प्रधानमंत्री ने बच्चों को दी। वही बच्चों ने भी परीक्षा से जुड़ी जिज्ञासाओं का समाधान पाया।

प्रधानमंत्री मोदी की ओर से परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के प्रसारण के दौरान राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गोमती नगर में छात्राओं के साथ अपर मुख्य सचिव माध्यमिक दीपक कुमार, विशेष सचिव माध्यमिक आलोक कुमार, अपर राज्य परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा वीके पाण्डेय, उप शिक्षा निदेशक रेखा दिवाकर, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, सहायक शिक्षा निदेशक प्रतिमा सिंह, एसोसिएट डीआईओएस जयशंकर श्रीवास्तव, विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. शशिकला राय, समस्त शिक्षिकाओं एवं अभिभावक उपस्थित रहें।


परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के संबोधन को सुनते छात्र-छात्राएं।

## सार-संक्षेप

### बीबीएयू में होगा निशुल्क कोचिंग का संचालन

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के अंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र द्वारा अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए संघ लोक सेवा आयोग तथा राज्य सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा (प्रारम्भिक एवं मुख्य) परीक्षा के लिए नि:शुल्क कोचिंग का संचालन किया जा रहा है। समन्वयक प्रोफेसर शशि कुमार ने बताया है कि इसमें कुल सीटों की संख्या 100 हैं। प्रवेश परीक्षा में चयनित छात्र-छात्राओं को सम्बधित सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा 4 हजार रुपये प्रतिमाह छात्रवृत्ति के रूप में भी दिए जायेंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 10 फरवरी है।

### बीबीएयू में परीक्षा को लेकर चर्चा

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। बीबीएयू के अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम में शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के 7वें संस्करण का लाइव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि के कुलपति आचार्य संजय सिंह ने की। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों के सामने आने वाली चुनौतियों, दबाव और प्रतिस्पर्धी भाव आदि से धैर्यपूर्वक निपटने के विभिन्न उपायों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। कार्यक्रम के दौरान डीएसडब्लयू प्रोफसर बीएस भदौरिया, प्रॉक्टर प्रो. संजय कुमार व विभिन्न संकायों के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण एवं विवि के अन्य विद्यार्थी मौजूद रहे।

### आज से शुरू होगी अंतर छात्रावास प्रतियोगिता

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में 9 दिवसीय अंतर छात्रावास प्रतियोगिता की शुरुआत मंगलवार से होगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की भूमिका में प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश कुमार मेश्राम रहेंगे। प्रतियोगिता में लविवि के 18 छात्रावासों के छात्र प्रतिभाग करेंगे। लविवि में आयोजित अंतर छात्रावास प्रतियोगिता को लेकर सोमवार को विवि स्थित हबीबुल्ला हॉल में रिहर्सल कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विवि प्रवक्ता प्रोफेसर दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि वॉलीबाल प्रतियोगिता सहित अन्य प्रतियोगिताएं शामिल की गई हैं।

### पुनर्वास विवि में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के बीच वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय दिव्यांगजनों का तकनीकी के लिए अनुकूलन रहा। पुनर्वास विवि में कार्यक्रम में समन्वयक की भूमिका आशीष कुमार गुप्ता द्वारा निभाई गई। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल के रूप में डॉ. सुधा राव एवं पूजा रहे। प्रतियोगिता के प्रथम स्थान पर चंदन कुमार कश्यप, द्वितीय स्थान पर ज्ञान चन्द्र यादव तथा तृतीय स्थान पर राजेश कुमार रहे। सांत्वना पुरस्कार शैलेन्द्र पाल को मिला। इस अवसर पर डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. बृजेश कुमार राय, डॉ. विजय शंकर शर्मा सहित काफी संख्या में छात्र और शोधार्थी उपस्थित रहे।

### गिरमिटिया गीतों में दिखती है भारतीय संस्कृति : प्रो. विमलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** भाषा, साहित्य और संस्कृति विषयों पर लखनऊ विश्वविद्यालय में व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाषाविद प्रोफेसर विमलेश कांति वर्मा रहे। उन्होंने बताया कि गिरमिटिया भारतीयों को आज के प्रवासियों से जोड़कर नहीं देखना चाहिए। इनमें भाषा – भाषियों के मध्य अंग्रेजी के बाद हिंदी ही संपर्क का साधन है। प्रो. कांति ने प्रवासी साहित्य को एक अलग अनुशासन के रूप में रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अगर विदेशों एवं गिरमिटिया देशों में हिंदी का विकास करना चाहते हैं तो रामचरितमानस और लोक वार्ता को भाषिक आधार बनाना होगा। इस अवसर पर विभागीय शिक्षकों के अतिरिक्त शोध छात्र उपस्थित रहे।


शिक्षक भर्ती मामले को लेकर एससीईआरटी कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करते अभ्यर्थी। अमृत विचार

# अभ्यर्थियों ने एससीईआरटी कार्यालय का किया घेराव

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**»» नियुक्ति की मांग को लेकर 593 दिनों से ईको गार्डेन में दे रहे हैं धरना**

**अमृत विचार :** 69000 शिक्षक भर्ती के तहत चयनित 6800 आरक्षित वर्ग के शिक्षक अभ्यर्थियों ने नियुक्ति की मांग को लेकर सोमवार को एससीईआरटी कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान अभ्यर्थियों ने जोरदार नारेबाजी भी की।

अभ्यर्थियों का कहना है कि जब तक न्याय और नियुक्ति नहीं मिल जाती तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। यह अभ्यर्थी पिछले 593 दिनों से इको गार्डन में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। साथ ही 38 दिन से क्रमिक भूख हड़ताल पर भी है।

आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने कहा की शिक्षक भर्ती में आरक्षण लागू करने में घोर अनियमितता बरती गई है। जिस कारण आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को नौकरी से वंचित कर दिया गया। इस संबंध में कई बार आंदोलन के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीड़ित अभ्यर्थियों को नियुक्ति दिए जाने का आदेश अधिकारियों को दिया था, लेकिन अभी तक न्याय नहीं मिल सका। हमारी मांग है की सरकार इस मामले का त्वरित समाधान निकाले और सभी 6800 चयनित अभ्यर्थियों का हक अधिकार देते हुए उनकी नियुक्ति करें।

## अंतिम परिणाम घोषित करने को लेकर अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** पांच साल से लंबित सहायक सांख्यिकी अधिकारी (एएसओ) एवं सहायक शोध अधिकारी सांख्यिकी (एआरओ-एस) अंतिम परिणाम को लेकर सोमवार को अभ्यर्थियों ने आज पिकप भवन पर प्रदर्शन किया।

अभ्यर्थियों का कहना है कि हम सभी ने परीक्षा दी और उसके बाद से पांच साल से परिणाम का इंतेजार कर रहे हैं। लेकिन उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन (यूपीएसएसएससी) के अधिकारियों ने अभी तक परिणाम घोषित नहीं किया है। जिसको लेकर हम सभी अभ्यर्थियों का भविष्य अंधकार में हैं। हम लोग बहुत समय से इको गार्डेन में धरना दे रहें है। और कई बार अधिकारियों से भी मिले। लेकिन अभी तक सिर्फ आश्वासन ही मिला हैं। जब तक अंतिम परिणाम नहीं घोषित हो जाएगा हम लोगों का धरना निरंतर चलता रहेगा।


**M/s. NATRAJ VIKAS SANSTHAN, UP**
**RE-TENDER REFERENCE No. SFURTI-II/– TUNDLA LEATHER CLUSTER, FIROZABAD, UP/SFURTI/02/2023-24**
**Address: H No 11, Natraj Puram, Tundla, UP, Phone: 9999751120/8077134336**

TENDER DOCUMENT

For and on behalf of M/s. NATRAJ VIKAS SANSTHAN, sealed tenders are invited from reputed manufacturers / dealers for the Design, supply, erection and commissioning of machineries, equipment, and its accessories for the Common Facility Center of TUNDLA LEATHER CLUSTER, FIROZABAD, UP on turnkey basis under the "Scheme of Fund for Regeneration of Traditional Industries (SFURTI)", supported by Ministry of MSME, Government of India. UPKVIB is the Nodal Agency for the cluster development under the scheme. Download link https://1drv.ms/b/s!AiZgJEy1YBZ2hcxP-YuSlucEpYGRQQ?e=87wgT

| Description of work | Package no. | Site Location | Approximate value of work | Period of Execution |
|---|---|---|---|---|
| **Supply Of Machinery And Equipment's For Cfc – Tundla Leather Cluster, Firozabad, Up** | 2 | VILLAGE -KOTKI , TEHSIL TUNDLA, DISTRICT – FIROZABAD, UTTAR PRADESH - 283204 | TENDER COST- Rs 139 LAKHS Tender Fee – Rs. 5,000/- EMD – Rs. 278,000/- | 120 Days |

Date & Time of Release of Tender 26/01/2024 by 10.00 A.M. Date & Time of Pre-Bid Meeting 02/02/2024 by 4 P.M. Last Date &Time for Submission of Bid 09/02/2024 by 5 P.M. Date &Time of Opening of Bid (Technical bid only) 12/02/2024 by 2 P.M. The tender document shall be Buy & Submitted at the office of Zila Khadi Gram Udyog, Firozabad, UP

**Sd- General Secretary**

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**


**डा. जियाराम वर्मा**
प्रबन्धक
चेयरमैन, चिकित्सा
उ0प्र0 कांग्रेस

**सावित्री मैरिज लान**
सभी तरह की सुविधा
खुशहालगंज, मोहान रोड, (बुद्धेश्वर से आगे)
**कल्पना नर्सिंग होम**
ई-ब्लाक, राजाजीपुरम्
सब्जी मंडी

**सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा**

**सैक्स समस्याएं!!**
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, नि:सन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रात: 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
**राना डिस्पेंसरी** 9919792325 9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ


**आयोजन** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में डीएवी कॉलेज के मैदान में हो रही रामकथा

# रामायण की शक्ति परिवार को जोड़ सकती है : देवकीनंदन ठाकुर


रामकथा सुनते भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी व अन्य।


लखनऊ के डीएवी कॉलेज के मैदान में देवकीनंदन ठाकुर की रामकथा का आनंद लेते लोग। अमृत विचार


रामकथा सुनतीं उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की पत्नी नमृता पाठक व अन्य।

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार :** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में लखनऊ के डीएवी कॉलेज के मैदान में देवकीनंदन ठाकुर की रामकथा का आयोजन किया जा रहा है। 24 जनवरी को शुरू हुआ रामकथा का सिलसिला 1 फरवरी तक चलेगा। रामकथा की शुरुआत करने से पहले यहां विश्वशांति की प्रार्थना कराई गई। प्रार्थना के बाद देवकीनंदन ठाकुर ने कान्हा हमारे की महिमा निराली भजन को बहुत अच्छे अंदाज में सुनाया।

रामकथा की शुरुआत करते हुए देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि आज हमारे घर टूट रहे हैं क्योंकि हमारे घरों में सब कुछ है लेकिन रामायण नहीं है। रामायण की शक्ति परिवार को जोड़ सकती है। रामायण के अलावा इस संसार में न कोई ऐसा पैसा है और न पद जो मनुष्य के घर को जोड़ सके। मनुष्य जीवन में रामायण को धारण कर ले तो जीवन में कभी परेशानी नहीं आयेगी।

राम बनवास का प्रसंग सुनाते हुए रामकथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि सभी लोगों को अपने बच्चों को राम बनवास के प्रसंग जरूर सुनाने चाहिए क्योंकि यही प्रसंग उन्हें रास्ते से कभी भटकने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि चित्रकूट में राजा जनक ने कष्ट भोगती सीता को देखा तो कहा कि तुमने दोनों कुलों को धन्य कर दिया। परीक्षा विपत्ति काल में ही होती है और सीता ने अपनी परीक्षा पास कर ली।

रामसेतु निर्माण का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि राम ने देखा कि उनके नाम लिखे पत्थर पानी में तैर रहे हैं। उन्हें लगा कि हम भी मदद करें तो सेतु जल्दी बन जायेगा लेकिन उन्होंने कई पत्थर पानी में छोड़े जो डूब गए। हनुमान ने उन्हें रोकते हुए कहा कि प्रभु कितने पत्थर डुबाएंगे। राम ने कहा कि जिन पर मेरा नाम लिखा है वह तैर रहे हैं लेकिन मेरे छोड़े पत्थर डूब रहे हैं। इस पर हनुमान जी ने कहा कि आपके नाम पर पत्थर तैर रहे हैं लेकिन जिन्हें आपने छोड़ दिया उन्हें डूबने से कौन रोक सकता है। उन्होंने कहा कि आज भी जो काम राम के सहारे करेंगे वह पूरे होंगे।



रामकथा सुनाते देवकीनंदन ठाकुर

### रामकथा सुनने पहुंचे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी रामकथा सुनने पहुंचे तो उन्होंने कहा कि देश को आगे बढ़ाने में गुरुजनों, धर्माचार्यों और कठोर तपस्या काम करती है। उन्होंने कहा कि हम सब के लिए यह बहुत आनन्द वाला क्षण है कि 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद देश और दुनिया में सनातन के प्रति हमारे विश्वास और परम्परा को मान मिला है। इसमें संत परम्परा का बहुत बड़ा हाथ है। रामकथा के मुख्य यजमान और उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की पत्नी नमृता पाठक, डीएवी कालेज के प्रबंधक मनमोहन तिवारी, कथा के प्रमुख यजमान सर्वेश पाण्डेय, मुरलीधर आहूजा, अंशु गुप्ता, अरविन्द सिंह, सुरेश मिश्र और नितिन गुप्ता ने यहां आरती और पूजन किया।


## रद्दी बिक्री हेतु निविदा सूचना

**अमृत विचार प्रेस, इण्डस्ट्रीयल प्लॉट नं. 42, निकट बद्रीनगर इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ– 226008 (उ.प्र.)** से रद्दी अखबार, मलाड एवं रद्दी कागज (स्वीपिंग) तथा रीलएंड (रीलकोर तथा बचा हुआ कागज) और अन्य स्क्रैप बिक्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर के साथ अधोलिखित विवरण के अनुसार ऊपर दिये गये स्थान पर भेजें।

**निविदा की शर्ते निम्न हैं**

1. सभी रद्दी/स्क्रैप के मूल्य पर जीएसटी जो केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा लागू होगा अतिरिक्त देना होगा।
2. निविदा साफ–साफ हस्तलिखित या टाइप किया होना चाहिए।
3. रद्दी/स्क्रैप उठाने से पूर्व भुगतान नगद या ड्रॉफ्ट से करना होगा।
4. किसी भी तरह के विवाद का निपटारा लखनऊ स्थित न्यायाधिकरण के अंतर्गत होगा।
5. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार कम्पनी का होगा।
6. निविदा को सील बंद लिफाफे में 25.02.2024 तक कार्यालय भेजें।
7. जब टेंडर खुलेगा तब आपको सूचित करने के बाद आपको 20000 रू. जमा करने होंगे। नहीं तो आपका टेंडर निरस्त करने का अधिकार कंपनी का होगा।

**स्क्रैप का विवरण निम्न प्रकार है।**

1. अखबार रद्दी
2. मलाड एण्ड रद्दी कागज (स्वीपिंग)
3. डी.एन.पी. (धब्बा)
4. रीलएंड (रील कोर तथा बचा हुआ कागज)
5. स्क्रैप एल्यूमीनियम प्लेट
6. प्लास्टिक बाल्टी 25 किग्रा.
7. खाली कैन 20 लीटर।
8. प्लास्टिक रील गुटका एवं प्लास्टिक कचरा (पन्नी)
9. ड्रम आयरन 200 ली.
10. ड्रम प्लास्टिक 200 ली.

# डॉक्टरों के भर्ती परिणाम जारी करने में हो रही हीलाहवाली

## सीएमओ ऑफिस में 17 जनवरी को हुए थे साक्षात्कार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सरकारी अस्पतालों में संविदा पर डॉक्टरो की भर्ती के लिए आयोजित हुए साक्षात्कार का परिणाम 12 दिन बाद भी जारी नहीं किया जा सका। ऐसे में कई डॉक्टर निजी अस्पताल में ज्वाईन कर रहे हैं। जबकि पहले से ही पदों की अपेक्षा कम डॉक्टर ही साक्षात्कार में शामिल हुए थे। लिहाजा एक बार फिर से पद खाली रहने की आशंका है।

सीएमओ के अधीन 108 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का संचालन होना है। अभी करीब 75 केंद्र चल रहे हैं। जहां पर डॉक्टर व स्टॉफ तैनात हैं। एनएचएम ने बीते साल दिसंबर माह में 33 नए केंद्र शुरू करने के निर्देश दिए थे। स्वास्थ्य विभाग ने नए केंद्र शुरू करने के लिए डॉक्टरों के चयन की प्रक्रिया शुरू कराई है। इसमें 81 नए डॉक्टरों का चयन होना है। इसमें 41 डॉक्टर सीएमओ के अधीन तैनात होंगे। जबकि बाकी बचे डॉक्टर बलरामपुर, सिविल, लोकबंधु, ठाकुरगंज, बीआरडी महानगर समेत अन्य अस्पतालों में भेजे जाएंगे। बीती 17 जनवरी को सीएमओ आफिस में साक्षात्कार हुए थे। इसमें 51 एमबीबीएस डॉक्टर इंटरव्यू देने पहुंचे। करीब 30 पद खाली रह गए थे। वहीं अफसर कई 12 दिन बीतने बाद भी परिणाम जारी नहीं कर पा रहे है। यहां तक सूत्रों का दावा है कि कमेटी से जुड़े सदस्यों के हस्ताक्षर भी परिणाम पर नहीं हुए हैं।




▸▸ 81 नए डॉक्टरों का किया जाना है चयन

### हो चुकी है लापरवाही

इसके पहले भी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में डॉक्टरों की तैनाती के लिए बीते साल साक्षात्कार आयोजित कराए गए थे। परिणाम देरी से जारी होने के चलते कई डॉक्टर निजी अस्पताल में ज्वाईन कर लिया था। इससे पद खाली रह गए थे। दोबारा से हुए साक्षात्कार में पहले से ही डॉक्टरो की संख्या कम रही है। वहीं, सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल का कहना है कि जल्द ही परिणाम जारी किए जाएंगे। सारी औपचारिकताएं पूरी की जा रहीं हैं।

### केजीएमयू में रेजिडेंट डॉक्टरों की भर्ती के लिए आवेदन 8 फरवरी तक

**अमृत विचार, लखनऊ :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में रेजिडेंट डॉक्टरो की कमी दूर होगी। संस्थान प्रशासन की ओर से 335 रेजिडेंट डॉक्टरों की भर्ती के लिए आवेदन मांगे गए हैं। आठ फरवरी तक आवेदन किए जा सकेंगे। केजीएमयू में पूरे प्रदेश से मरीज आते हैं। जिनकी देखरेख के लिए करीब 500 नियमित डॉक्टर है। करीब एक हजार रेजिडेंट हैं। इसके बावजूद डॉक्टरो की कमी है। जिसे दूर करने के लिए संस्थान प्रशासन ने 45 विभागों में 335 पदों के लिए आवेदन मांगे हैं। जिसमें पल्मोनरी एंड क्रिटिकल केयर में 27, प्लास्टिक सर्जरी में 23, क्रिटिकल केयर मेडिसिन में 25, माइक्रोबायोलॉजी में 26 पद शामिल है। वहीं रेडियोडायग्नोसिस में 18, ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन 17, सीवीटीएस 14, पैथालॉजी 12 और बायोकेमिस्ट्री में 10 पदों पर नियुक्ति की जाएगी।

## बीकेटी में चला बुलडोजर, 42 रो-हाउस ध्वस्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ बिल्डरों ने दो बार सील तोड़कर तैयार किए थे भवन

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने बीकेटी के अस्ती रोड पर बुलडोजर चलाकर 42 रो-हाउस भवन ध्वस्त कर दिए। जो बिना मानचित्र स्वीकृत के बनाए गए थे।

सोमवार को प्रवर्तन जोन-5 की टीम पुलिस बल के साथ बीकेटी के अस्ती रोड पर पहुंची। एक पेट्रोल पंप के सामने करीब तीन बीघा क्षेत्रफल में बने 42 रो-हाउस भवन बुलडोजर से ध्वस्त कर दिए। निर्माण बिल्डर संदीप सिंह, अर्जुन सिंह व अन्य द्वारा कराया गया था। लेकिन, एलडीए से मानचित्र स्वीकृत नहीं कराया था। इस पर विहित न्यायालय ने ध्वस्तीकरण के आदेश दिये थे। इस क्रम में जोनल अधिकारी संजय जिंदल के नेतृत्व में सहायक अभियंता एनएन चौबे, संजय मिश्रा और सुभाष शर्मा ने कार्रवाई की।

ध्वस्तीकरण की कार्रवाई सुबह से शाम तक चली। अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा ने बताया कि इससे पहले टीम ने दो बार अवैध निर्माण सील किए थे।



बुलडोजर से तोड़ा जाता रो-हाउस।

## एक नजर

### पंचतत्व में विलीन हुए पद्मश्री डॉ. नित्यानंद



डॉ. नित्यानंद

**अमृत विचार, लखनऊ :** अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चिकित्सक, वैज्ञानिक डॉ. नित्यानंद का सोमवार को अंतिम संस्कार बैकुंठधाम के विद्युत शवदाह गृह में किया गया। डॉ. नित्यानंद वैज्ञानिक समुदाय में अब तक की ईजाद इकलौती नॉन हार्मोनल, नों स्टेरॉयडल कांट्रेसेप्टिव पिल (गैर हार्मोनल, गैर स्टेरॉइडल गर्भनिरोधक गोली), ' 'सहेली' ' के जनक थे। शनिवार को एसजीपीजीआई में इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका पार्थिव शरीर निराला नगर स्थित उनके घर पर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया था। जहां उन्हें श्रद्धांजिल देने के लिए उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक समेत राजनीति और चिकित्सा क्षेत्र के नामी लोग पहुंचे थे। सोमवार को अंतिम सस्कार के समय उनकी बेटी व केजीएमयू की कुलपति प्रो.सोनिया नित्यानंद व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ सैकड़ो शोकाकुल नागरिकों और डॉक्टरों ने अंतिम विदाई दी।

### ईपीएस-95 पेंशनर 1 फरवरी को करेंगे अनशन

**अमृत विचार, लखनऊ :** ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति की मीटिंग को प्रांतीय अध्यक्ष ओम शंकर तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि 14 दिसंबर को श्रम मंत्री के आश्वासन के बाद दिल्ली में पेंशनरों ने अपना अनशन स्थगित किया था। लेकिन अभी तक सरकार ने पेंशन बढ़ोतरी की कोई घोषणा नहीं की है। इसलिए पेंशनरों में रोष व्याप्त है। 31 जनवरी से देशभर के पेंशनर जंतर मंतर पर प्रांतवार फिर से अनशन करेंगे जिसमें उत्तर प्रदेश के पेंशनर 1 फरवरी को अनशन पर बैठेंगे और सरकार पर मांगे मानने के लिए दबाव बनाएंगे। प्रांतीय महामंत्री राजशेखर नागर ने कहा कि केंद्र सरकार के आगामी बजट में न्यूनतम पेंशन बढ़ोतरी के लिए प्रावधान किया जाए वरना पेंशनर अपना अनशन जारी रखेंगे।

### तंबाकू व धूम्रपान से रोजाना दो हजार लोगों की जा रही जान

**अमृत विचार, लखनऊ :** देश में प्रतिदिन लगभग दो हजार मौतें तंबाकू, गुटखा, और धूम्रपान के कारण हो रही हैं। यह संख्या काफी चिंताजनक है, क्योंकि हर मौत की पीछे तंबाकू के उपभोग को जिम्मेदार ठहराया गया है। यह जानकारी राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण के सहायक-नोडल अधिकारी डॉ.एसके सोनी ने साझा की। वह ठाकुर गंज संयुक्त अस्पताल में आयोजित हुए जागरूकता कार्यक्रम में जानकारी दे रहे थे। उन्होंने कहा कि तंबाकू, गुटखा, पान-मसाले, और धूम्रपान का सेवन मुंह व गले का कैंसर, हृदयाघात, अनिद्रा, और बेचैनी जैसी संक्रामक बीमारियों का कारण हैं। डॉ. एसके सोनी ने बताया कि तंबाकू सेवन करने वाली महिलाओं में गर्भपात की दर सामान्य महिलाओं से तकरीबन 15 फीसदी अधिक होती है। वहीं फेफड़ों का कैंसर, दिल का दौरा, प्रजनन संबंधी विकार आदि समस्याएं ज्यादा होती है। मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. लवकुश द्वारा डिप्रेशन, चिंता और न्यूरो संबंधी बीमारियों के बारे में जागरूक किया। इस मौके पर बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. कपिल सिंह वर्मा और डॉ. एसपी सिंह ने भी जागरूक किया।

## पावर हाउस में सर्वर डाउन होने से उपभोक्ता परेशान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ बिलों को जमा करने से लेकर नए कनेक्शनों के आवेदकों को करना पड़ा घंटों इंतजार

**अमृत विचार :** ट्रांसगोमती क्षेत्र के कमता पावर हाउस में सोमवार को सर्वर डाउन होने के चलते उपभोक्ताओं को काफी परेशानी हुई। गलत रीडिंग से बने बिलों और प्रीपेड मीटर को रिचार्ज कराने आए लोग भी परेशान होते रहे।

मीटर चार्ज होने की उम्मीद में बैठे राजवीर ने बताया कि रिचार्ज खत्म हो गया है। घर में लाइट नहीं आ रही है। कई काम नहीं हो पा रहे हैं, तो उपकेंद्र आया हूं। अब पता चला रहा है कि सर्वर डाउन है जिसकी वजह से रिचार्ज नहीं हो पाएगा। कमता उपकेंद्र के एसडीओ के अनुसार काउंटर पर भीड़ लग गई। 4 बजे के बाद सर्वर के सामान्य होने पर उपभोक्ताओं के कामों को निपटाया गया।

### सिस गोमती में आज बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी के सिस गोमती क्षेत्र के कई इलाकों में मंगलवार को अनुरक्षण कार्य के कारण बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सरोजनीनगर, मोहनलालगंज, कानपुर रोड़, नादरगंज सहित आसपास के इलाकों में दिनभर बिजली गुल रहेगी। इससे करीब 50 हजार से अधिक बिजली उपभोक्ता आज प्रभावित रहेंगे। नादरगंज के अधिशासी अभियंता के अनुसार क्षेत्र में आरडीएसएस योजना के तहत अनुरक्षण कार्य कराया जा रहा है। जिनमें जर्जर तारों को बदलने के साथ ही एचटी और एलटी लाइन के एबीसी लाइनों को बदला जा रहा है।

### बिजली कर्मचारी मोर्चा संगठन के अध्यक्ष बने चंद्रप्रकाश अवस्थी

**अमृत विचार, लखनऊ :** सोमवार को केसरवानी धर्मशाला, नरही में विद्युत कर्मचारी मोर्चा संगठन के वार्षिक महाधिवेशन में केंद्रीय कार्यकारिणी के प्रमुख पदाधिकारियों का चुनाव सम्पन्न हुआ। इनमें प्रांतीय अध्यक्ष पर चंद्र प्रकाश अवस्थी बब्बू, प्रान्तीय कार्यकारी अध्यक्ष नवीन गौतम, कार्यवाहक अध्यक्ष मोहन श्रीवास्तव, कार्यवाहक अध्यक्ष मनोज सिंह, प्रान्तीय उपाध्यक्ष एके माथुर, प्रान्तीय कोषाध्यक्ष देव आशीष तिलक, मुख्य महामंत्री गोपाल कृष्ण, प्रान्तीय महामंत्री राम शंकर, लेखा शाखा अध्यक्ष कन्हैया लाल सहित प्रान्तीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ के लिए वंदना पांडे को चुना गया।

▸▸ सम्मेलन में किया गया केंद्रीय कार्यकारिणी पदाधिकारी का चुनाव

## भू-माफिया की अब खैर नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




▸▸ अधिवक्ताओं की वेशभूषा में जमीन कब्जाने वालों पर होगी कार्रवाई

▸▸ संयुक्त पुलिस आयुक्त ने भू-माफिया के खिलाफ विशेष प्रकोष्ठ का किया गठन

**अमृत विचार :** अधिवक्ताओं की वेशभूषा में किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले भू-माफिया और कमजोरों को उजाड़ने वाले दबंगों के खिलाफ लखनऊ कमिश्नरेट पुलिस ने सख्त रुख अख्तियार किया है। ऐसे भू-माफिया के खिलाफ संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था उपेंद्र अग्रवाल ने विशेष प्रकोष्ठ का गठन किया है। बताया कि इस प्रकोष्ठ के जरिए अधिवक्ताओं की वेशभूषा में जमीन कब्जाने वालों के खिलाफ कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

दरअसल, संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था उपेंद्र अग्रवाल ने सोमवार को बताया कि उच्च न्यायालय में कुछ पीड़ित पक्षों ने अर्जी दायर की थी। उनका आरोप था कि अधिवक्ताओं की वेशभूषा में भू-माफिया उन्हें लगातार परेशान कर रहे हैं। इसको लेकर न्यायालय ने भी समय-समय पर विभिन्न निर्देश निर्गत किए हैं। अधिवक्ताओं की वेशभूषा में आपराधिक तत्व संगठित गिरोह बनाकर दूसरों की भूमि, भवन, प्लॉट, प्रापर्टी आदि पर अवैध तरीके से कब्जा करने एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों में लिप्त तथाकथित अधिवक्ताओं के विरुद्ध प्राप्त हो रही शिकायतों की मॉनिटरिंग किए जाने हेतु एक विशेष प्रकोष्ठ गठित किया गया है। संयुक्त पुलिस आयुक्त, कानून एवं व्यवस्था कार्यालय में उपनिरीक्षक स्तर के एक अधिकारी के नेतृत्व में यह प्रकोष्ठ गठित किया गया है। आम जनमानस को इस जांच प्रकोष्ठ के संबंध में जानकारी के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। यह सेल संयुक्त पुलिस आयुक्त, कानून एवं व्यवस्था कार्यालय में गठित हुआ है। इस सेल में एक उपनिरीक्षक की भी तैनाती की गई है। जिसमें अधिवक्ताओं के वेश में अपराधियों द्वारा की जा रही आपराधिक गतिविधियों के विरुद्ध यदि किसी व्यक्ति को अपनी समस्या रखनी हो तो वह इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना आवेदन दे सकते हैं।

### खराब ऑनलाइन व्यवस्था से मंडी व्यापारी परेशान

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश की सभी गल्ला व सब्जी मंडी में ऑनलाइन व्यवस्था खराब है। इससे व्यापारी वर्ग परेशान है। इस तरह की समस्याओं को लेकर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल निदेशक मंडी परिषद अंजनी कुमार सिंह से मिला और ज्ञापन देकर समाधान मांगा। सोमवार को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र के नेतृत्व पदाधिकारी गोमती नगर स्थित मंडी परिषद कार्यालय में निदेशक से मिले। ज्ञानेश ने 11 सूत्रीय ज्ञापन दिया। बताया कि प्रदेश की 220 गल्ला व सब्जी मंडी में खराब ऑनलाइन व्यवस्था में सुधार किया जाए। गेटपास बनाने मे चल रही स्वत: स्वीकृति की व्यवस्था बंद होने से व्यापार प्रभावित है। गल्ला आदि मे स्टॉक में गलती होने पर उसे ठीक करने की व्यवस्था मुख्यालय पर है। जो मंडी सचिव स्तर पर की जाये। इसके अलावा दुकानों के किराये में जीएसटी को अपनी फर्म में समायोजित करने के लिए आईटीसी व्यवस्था लागू की जाये। इस दौरान लखनऊ महानगर अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्याम सिंघल, महामंत्री अंकित अग्रवाल, कानपुर से उपाध्यक्ष अनुराग जायसवाल, प्रकाश गुप्ता, बुंदेलखंड से अमित अग्रवाल, वाराणसी से संतोष कुमार आदि पदाधिकारी रहे।



## एक नजर

### सीएचसी अधीक्षक पर होगी अनुशासनिक कार्रवाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिद्धार्थनगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बेवा (डुमरियागंज) के प्रभारी अधीक्षक डॉ.श्रवण कुमार तिवारी के खिलाफ प्रदेश सरकार ने अनुशासनिक कार्रवाई की संस्तुति करते हुए आरोपों की जांच के निर्देश दिये हैं। इसके लिए अपर निदेशक स्वास्थ्य बस्ती मंडल को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रभारी पर अधीनस्थ कर्मचारियों से अभद्रता और अमर्यादित भाषा के साथ ही महिला कर्मियों के उत्पीड़न के आरोप लगाए गए थे। स्वास्थ्य विभाग के सचिव रंजन कुमार ने आदेश जारी कर स्पष्ट किया है कि डॉ.श्रवण कुमार के विरुद्ध जांच में महिला कर्मियों ने एएनएम ने लिखित बयान भी दिया था। जांच के दौरान डॉ.तिवारी द्वारा जांच अधिकारी को धमकाने के अलावा कुशीनगर में गायत्री हास्पिटल डायबिटीज केयर सेंटर निजी अस्पताल भी संचालित किये जाने की जानकारी हुई है। इससे स्पष्ट होता है कि डॉ.श्रवण कुमार अपने उच्चधिकारियों के आदेशों की अवहेलना के साथ ही प्राइवेट प्रैक्टिस में संलिप्त हैं।

### राहों पे नजर रखना, होठों पे दुआ रखना...

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश महोत्सव में सोमवार को बाल निकुंज इंग्लिश स्कूल पल्टन छावनी और बाल निकुंज इंटर कालेज मोहिबुल्लापुर बॉयज के विद्यार्थियों ने अपने शिक्षक अनूप मिश्र अलबेला के संयोजन में काव्यपाठ कर माहौल में देशभक्ति का रंग घोल दिया। पारुल निषाद ने सुनाया :- तू कैसी जिन्दगी बनी, जग में कौन ठिकाना तेरा। अविका दीक्षित ने कहा :- जिस आँगन में मां की सेवा हो, स्वर्ग वहीं बसता है। वैष्णवी ने गजल सुनाई :- राहों पे नजर रखना, होठों पे दुआ रखना। आयुषी राजपूत ने कहा :- सारी भाषाएं प्यारी हैं लेकिन हिन्दी हमारी जान है। नैमिष तिवारी ने सुनाया :- हम राम के थे राम के रहेंगे, न कभी किसी से डरते थे न अब किसी से डरेंगे। सृजन फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. अमित सक्सेना और शैलेन्द्र मोहन ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

# डंपर ने मजदूर और सिक्योरिटी गार्ड को रौंदा, मौत

## दुबग्गा, गोसाईंगंज और मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र से सामने आए सड़क हादसों के मामले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ **सड़क दुर्घटनाओं में गई तीन लोगों की जान**

**अमृत विचारः** दुबग्गा थानाक्षेत्र अन्तर्गत सराय प्रेमराज मोड़ के नजदीक रविवार रात सड़क पार कर रहे मजदूर मो. यासीन (45) को मिट्टी से ओवरलोड डंपर से रौंद दिया। मजदूर को रौंदने के बाद चालक डंपर लेकर घटनास्थल से फरार हो गया। मृतक की पत्नी ने दुबग्गा थाने में अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ लिखित शिकायत देते हुए गैर-इरादतन हत्या की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई है। वहीं, गोसाईंगंज में तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार सिक्योरिटी गार्ड ज्ञान सिंह उर्फ दीपू यादव (26) की मौत हो गई। उधर, मोहनलाल के फत्तेखेड़ा गांव में बस के खलासी अभिषेक साहू (28) का शव खून से लथपथ हालत में हाइवे किनारे पड़ा मिला। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

दुबग्गा प्रभारी निरीक्षक मुताबिक, मूलरूप से सीतापुर जनपद के मद्दीपुर निवासी राजगीर मो. यासीन अंधे की चौकी के समीप सराय प्रेमराज में रहता था। भाई छोटू ने बताया कि रविवार रात यासीन काम कर घर लौट रहा था। वह ई-रिक्शा से उतरकर सराय प्रेमराज मोड़ के पास सड़क पार कर रहा था। इस बीच पीछे से आए मिट्टी लदे डंपर ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद भागने के चक्कर में डंपर ने रफ्तार बढ़ा दी। वह उसे रौंदते हुए भाग निकला। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रामा सेंटर भेजा, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिवार में पत्नी सबरुन, दो बेटे और एक बेटी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पत्नी सबरुन की तहरीर पर अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

वहीं, गोसाईंगंज थाने के प्रभारी निवासी महेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि मूलरूप से बाराबंकी जनपद के लोनी कटरा मंझार गांव निवासी ज्ञान सिंह उर्फ दीपू यादव सुशांत गोल्फ सिटी स्थित एक अपार्टमेंट में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। सोमवार तड़के वह बाइक से ससुराल टिकनियामऊ जा रहा था। तभी नकटा गांव के पास ओवरलोड डंपर ने उसकी बाइक पर टक्कर मार उसे रौंद दिया। घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

### हाइवे किनारे पड़ा मिला बस के खलासी का शव

मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत फत्तेखेड़ा गांव में बस के खलासी अभिषेक साहू का हाइवे किनारे शव मिला। प्रभारी निरीक्षक आलोक राव ने बताया कि प्रथम दृष्टया में सड़क दुर्घटना में खलासी की मौत होने की आशंका जताई जा रही है। जांच में पता चला कि क्षेत्र के एक वैवाहिक स्थल पर मध्यप्रदेश के करेली से बारात आई थी। वैवाहिक स्थल पर पहुंचने के चालक गनेश ने हाइवे किनारे बस को खड़ा कर दिया था। खालासी अभिषेक साहू बस से उतरने के बाद कहीं चला गया था। देर रात वह नहीं लौटा तब चालक ने फोन पर संपर्क किया लेकिन मोबाइल नहीं उठा। सोमवार सुबह चालक साथी की खोजबीन पर निकला तब उसे हाइवे किनारे एक ढाबे पर खलासी का खून से लथपथ शव पड़ा मिला।

# हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से जली पोकलैंड मशीन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ **गोमती नगर रेलवे स्टेशन पर हुई घटना**

**अमृत विचार :** गोमतीनगर रेलवे स्टेशन के निर्माण कार्य में लगे पोकलैंड मशीन में सोमवार शाम को आग लग गई। हादसा एचओयू (रेलगाड़ी को बिजली आपूर्ति देने वाला हाईटेंशन लाइन) के आपस में टकराने के कारण हुआ। सूचना पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने आग पर काबू पा लिया। कोई जनहानि नहीं हुई।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी मंगेश कुमार के मुताबिक शाम करीब 7 बजे होटल हिल्टन के सुरक्षा सुपरवाइजर शिव श्याम त्रिपाठी ने सूचना दी कि गोमतीनगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-6 पर आग लग गई है। हादसे की सूचना मिलते ही गोमतीनगर फायर स्टेशन की टीम मौके के लिए रवाना हुई। सीएफओ के मुताबिक दो फायर टेंडर के साथ टीम प्लेटफार्म नंबर-6 पर पहुंची। वहां निर्माण कार्य में लगी पोकलैंड मशीन धू-धू कर जल रही थी। हादसा एचओयू (रेलगाड़ी को बिजली आपूर्ति देने वाला हाईटेंशन लाइन) के आपस में टकराने के कारण हुआ। हादसे के वक्त चालक पोकलैंड मशीन में बैठा था। उसने कूदकर अपनी जान बचाई।

# छात्र और खिलाड़ी ने की खुदकुशी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ **इन्दिरानगर और मड़ियांव थानाक्षेत्र से सामने आए मामले**

▶▶ **मामले की गहनता से जांच में जुटी पुलिस**

**अमृत विचार :** इंदिरानगर थानाक्षेत्र अन्तर्गत फरीदीनगर में मेडिकल छात्र दिव्यांश (23) ने अपने कमरे में बेल्ट से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। जब छात्र कमरे से बाहर नहीं निकला तब परिजन ने खिड़की से झांका, तो उन्हें बेटे का शव बेल्ट के फंदे के सहारे लटकता मिला। वहीं मड़ियांव कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत महर्षि विश्वविद्यायल से इंजीनियरिंग में डिप्लोमा कर रहे ताइक्वांडो खिलाड़ी अभिजीत पांडे (21) का शव फंदे से लटकता मिला।

इंदिरानगर प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक, फरीदीनगर निवासी दिव्यांश बीबीडी यूनिवर्सिटी में बीडीएस तृतीय वर्ष का छात्र था। मामा योगेश ने बताया कि रविवार रात खाना खाने के बाद भांजा अपने कमरे में सोने चला गया। सोमवार को वह काफी देर तक न उठा। तब मां अन्जाना बेटे को जगाने पहुंची लेकिन कमरा भीतर से बंद था। इस पर मां ने खिड़की से झांक कर देखा तो बेटे का शव बेल्ट के फंदे से लटकता मिला। आनन-फानन पड़ोसियों के माध्यम से दिव्यांश को फंदे से उतार उसे नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि आत्महत्या का कारण साफ नहीं हो सका है। वहीं मड़ियांव कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत महर्षि विश्वविद्यायल से इंजीनियरिंग में डिप्लोमा कर रहे बलरामपुर सिविल लाइंस निवासी ताइक्वांडो खिलाड़ी अभिजीत पाण्डेय ने घर में आत्महत्या कर ली। प्रभारी निरीक्षक शिवानंद मिश्र ने बताया कि अभिजीत महर्षि नगर में किराए पर रहता था। अभिजीत के मोबाइल को कब्जे में लेकर जांच के लिए भेजा गया है। पिता नागेन्द्र कुमार का कहना है कि घर में सब कुछ ठीक था, उसने यह कदम क्यों उठाया, समझ से परे है। वह सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहा था, उसने कहा था कि जल्द ही उसकी खेल कोटे से नौकरी लग जाएगी।

# बैंक व बंद मकान में चोरी, लाखों का माल उड़ाया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ **इटौंजा में यूको बैंक की शाखा और बिजनौर में बंद मकान को चोरों ने बनाया निशाना**

**अमृत विचार :** इटौंजा के महोना में बैंक की दीवार में सेंध काटकर चोरी का प्रयास किया गया। वहीं, बिजनौर के पटवारी मोहल्ला बंद मकान का ताला तोड़कर चोरी की घटना हुई। बिजनौर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

महोना स्थित यूको बैंक के शाखा प्रबंधक जयशंकर वाजपेयी सोमवार को कर्मचारियों के साथ पहुंचे तो चोरी की जानकारी हुई। चोर बैंक की पिछली दीवार में सेंध काटकर अंदर दाखिल हुए थे। शाखा प्रबंधक ने इटौंजा पुलिस को सूचना दी। मौके पर कार्यवाहक थाना प्रभारी ओपी तिवारी पहुंचे। इसके बाद एसीपी बीकेटी अभिनव ने पहुंचकर पड़ताल की। शाखा प्रबंधक ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे की जांच की जाएगी। एसीपी ने भी बताया चोरों का पता लगाया जाएगा। शाखा प्रबंधक ने बताया कि चोर नकदी ले जाने में असफल रहे। उन्होंने पासबुक प्रिंटर तोड़ दिया। सीसीटीवी कैमरे तथा इलेक्ट्रिक तार काट दिया। इसी बैंक में तीन वर्ष पहले चोरों ने इसी तरफ सेंध काट दी थी। बैंक में रखें कंप्यूटर व उपकरण उठा ले गए थे। लेकिन नकदी नहीं ले जा सके थे।

उधर, बिजनौर के पटवारी मोहल्ला निवासी रोशन अमीर ने बताया कि शनिवार को उसकी शादी थी। परिवार के सभी सदस्य घर में ताला बंद कर शाम करीब 7 बजे घर से बरात लेकर नगराम चले गए। देर रात करीब 2 बजे वापस घर लौटे तो घर के अंदर दरवाजे की कुंडी टूटी मिली। अंदर जाकर देखा तो अलमारी का लाकर भी टूटा हुआ था। अंदर रखे करीब 5 लाख रुपए कीमत के गहने व 3 लाख रुपये की नगदी चोरी कर ले गए। आनन-फानन घटना की सूचना पुलिस को दी गई। बिजनौर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों का सुराग लगा रही है।

### सीसीटीवी में भागते दिखे चोर

यूको बैंक में जब चोरों ने सेंध काटी तो उसके कुछ देर पहले पुलिस की टीम गश्त कर निकली थी। इसके बाद पीआरवी गश्त करती हुई उस तरफ गई। यह खुलासा सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगालने के दौरान हुआ। पुलिसकर्मियों ने गश्त की फोटो भी ग्रुप में डाली थी। पड़ताल में सामने आया कि एक सीसीटीवी कैमरे में चोर भागते हुए दिखे। वहीं, चोर जल्दबाजी में साबड़ और बेल्चा बैंक में छोड़ गए। जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। घटना के कारण सोमवार को शाखा में कोई काम नहीं हो सका। एसीपी बीकेटी अभिनव ने बताया कि फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश में दबिश दी जा रही है।



ऐशबाग रोड स्थित डीएवी कॉलेज के बाहर सड़क पर लगे भीषण जाम में लोग घंटों हुए परेशान। अमृत विचार

# पुलिस की जांच में बेबुनियाद निकला आरोप, पेशबंदी में की गई शिकायत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

फॉलोअप

▶▶ **घटनास्थल पर नहीं मिली दुष्कर्म पीड़िता और आरोपी के मोबाइल की लोकेशन**

**अमृत विचार :** मड़ियांव के केशवनगर फैजुल्लागंज में किराए पर कमरा देखने गई दो बहनों से ब्रोकर के साथियों ने चाय में नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म करने का आरोप बेबुनियाद निकला। दोनों पक्षों में जमीन का विवाद चल रहा है। इसी कारण शिकायत की गई थी। पुलिस की जांच में सामने आया है कि घटना स्थल पर पीड़िता, उसकी बहन और आरोपियों के लोकेशन नहीं मिले।

मूलरूप से रायबरेली की जनपद की 20 साल की युवती परिवार के साथ इंदिरानगर में पांच वर्षों से किराए के मकान में रहती है। युवती ने मड़ियांव थाने में तहरीर दी। जिसमें आरोप लगाया कि मकान मालिक ने कमरा खाली करने के लिए कहा। 9 जनवरी को 14 साल की छोटी बहन के साथ अलीगंज कपूरथला स्थित ब्रोकर के कार्यालय गई। ब्रोकर ने अपने चालक के साथ केशवनगर फैजुल्लागंज में किराये का कमरा दिखाने के लिए भेजा। आरोप है कि वहां पहले से ही पांच लोग मौजूद थे। किराए दिखाने के बहाने ब्रोकर के साथियों ने दो बहनों को चाय में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। बेसुध होने पर दोनों के साथ दुष्कर्म किया। होश में आने पर पीड़िता विरोध करने लगी तब आरोपियों ने उन्हें धमकाया। पीड़िता ने बताया कि गत 12 जनवरी को उसने मड़ियांव थाने में लिखित शिकायत देते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इसके बाद पीड़िता ने आलाधिकारियों समेत राज्य महिला आयोग, मुख्यमंत्री एवं गृह सचिव से मदद की गुहार लगाई है। प्रभारी निरीक्षक मड़ियांव शिवानंद मिश्रा ने बताया कि पीड़िता ने तहरीर दी। जिसकी जांच की गई तो सच्चाई सामने आई।

## सार-संक्षेप



क्रिकेट अकादमी के उद्घाटन के मौके पर मौजूद मैनेजर शीला सिंह व अन्य।

### सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल में क्रिकेट अकादमी का उद्घाटन

**अमृत विचार,काकोरी :** पारा के बुद्धेश्वर आदर्श विहार कालोनी में सोमवार को क्रिकेट अकादमी का उद्घाटन किया गया। मैनेजर शीला सिंह ने फीता काटकर अकादमी का उद्घाटन किया। वहीं सिद्धार्थ अकादमी के कोच अभिषेक चौरसिया ने कहा कि स्कूल अभी तक शिक्षा के स्तर पर उच्च स्थान पर था लेकिन अब खेल में भी बेहतर प्रदर्शन करेगा। अभिषेक चौरसिया ने बताया कि क्रिकेट अकादमी खुलने से छात्रों को व प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।



ट्राफी के साथ प्रतियोगिता के विजयी टीम के खिलाड़ी, साथ में अन्य। अमृत विचार

### प्रधान संघ को हराकर विकास खण्ड टीम ने जीता मैत्री मैच

**अमृत विचार , मोहनलालगंज :** कनकहा के आजाद मैदान में प्रधान संघ व विकासखण्ड एकादश के बीच सोमवार को क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रधान संघ एकादश ने 16 ओवर में आठ विकेट खोकर 129 रनों का स्कोर खड़ा किया। अभिषेक दीक्षित ने सर्वाधिक 54 रन बनाये।विकास खण्ड टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 12 ओवर में 6 विकेट से मैच जीत लिया। विकास खण्ड एकादश टीम के खिलाड़ी ब्लाककर्मी विमल यादव ने सर्वाधिक 65 रन बनाकर मैन ऑफ दी मैच का खिताब अपने नाम किया। मुख्य अतिथि बीडीओ पूजा सिंह ने विकासखंड एकादश की विजेता टीम व उपविजेता प्रधान एकादश की टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया। मैत्री मैच में प्रधान संघ टीम के कप्तान भौदरी प्रधान देवेन्द्र सिंह व विकासखंड टीम के कप्तान सचिव राम बहादुर रहे। क्रिकेट मैच का आयोजन कनकहा प्रधान मंशाराम द्वारा किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव, प्रधान संघ के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह,प्रधान अभय दीक्षित,प्रधान सूर्य कुमार द्विवेदी समेत काफी संख्या में प्रधान व ब्लाक कर्मचारी मौजूद रहे।

### अधिवक्ताओं ने दो दिवसीय सुनवाई का किया बॉयकाट

**अमृत विचार,मोहनलालगंज :** नायब तहसीलदार मोहनलालगंज न्यायालय में महिला नायब तहसीलदार की अमर्यादित भाषा शैली को लेकर अधिवक्ताओं ने न्यायिक प्रक्रिया से विरत रहने का फैसला लिया है। वरिष्ठ अधिवक्ता भोलाराम ने बार से शिकायत की है कि नायब तहसीलदार प्रियम्बदा मिश्रा का न्यायालय में सुनवाई के दौरान अधिवक्ताओं से बातचीत का तरीका सही नहीं है। अधिवक्ताओं ने न्यायालय का दो दिवसीय बॉयकाट कर दिया।

### पुलिस ने तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**अमृत विचार, मलिहाबाद/काकोरी :** माल थाना क्षेत्र के ग्राम रायपुर निवासी चन्दन सिंह के विरुद्ध वर्ष 2013 में गंभीर धाराओं में अभियोग दर्ज किया गया था। जिसमें उक्त आरोपी के विरुद्ध न्यायालय ने वारंट जारी किया था। माल पुलिस ने सोमवार को चंदन सिंह के घर पर दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। इसी प्रकार रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम गहदों निवासी विमलेश पाल के विरुद्ध वर्ष 2007 में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिसमें न्यायालय ने इसके विरुद्ध वारंट जारी कर दिया था। माल पुलिस ने उसे भी सोमवार को उसके घर पर दबिश देकर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा है। काकोरी प्रभारी निरीक्षक नवाब अहमद ने बताया कि पकड़े गए वारंटी अभियुक्त आनंद कुमार (29) निवासी ग्राम पलेहंदा काकोरी के खिलाफ थाना मोहनलालगंज में हत्या का मामला दर्ज हुआ था। उसी मामले में गैर जमानती वारंट जारी था। जिसमें फरार चल रहे अभियुक्त आनंद को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# दिव्यांग महिला से की मारपीट

संवाददाता, लखनऊ/मलिहाबाद

दबंगई

▶▶ **बुलडोजर से बाउंड्री वॉल तोड़कर जमीन पर किया कब्जा**

▶▶ **पीड़ितों ने माल और बिजनौर थाने में की शिकायत**

**अमृत विचार :** माल थानाक्षेत्र अन्तर्गत कमालपुर लोधौरा गांव में नाली निर्माण का विरोध किए जाने पर दबंगों ने एक दिव्यांग महिला से मारपीट कर उसके पारिवारिक सदस्यों पर हमला कर दिया। वहीं, बिजनौर में दबंगों ने बुलडोजर से बाउंड्री वॉल तोड़कर जमीन पर कब्जा कर लिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक, कमालपुर लोधौरा गांव निवासी दिव्यांग सुमित्रा का कहना है कि गांव रहने वाले राधेलाल, राजू उसके घर के समीप नाली का निर्माण करता रहे थे। रविवार शाम करीब 6 बजे पीड़िता ने विरोध किया तब आरोपी उससे अपशब्दों का इस्तेमाल करने लगे। आरोप है कि राधेलाल,राजू, ज्ञानवती, आरती और दर्जन भर साथी पीड़िता के घर में जबरन घुस आए। इसके बाद दबंगों ने पीड़िता से मारपीट कर उसके पारिवारिक सदस्यों पर हमला कर दिया।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। उधर, मूलरूप से बिहार के मिर्जापुर सारन ताल पुरैना निवासी सैन्यकर्मी अरुण कुमार सिंह ने बिजनौर थाने में सर्वानंद दुबे और बाबूलाल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। सैन्यकर्मी का आरोप है कि जुलाई 2021 में पत्नी शिल्पी सिंह ने नाम से रियल एस्टेट कारोबारी बाबूलाल से प्लॉट खरीदा था। जिसके बाद उन्होंने जमीन के चारों तरफ बाउंड्री वॉल तैयार की थी। आरोप है कि दिसंबर 2023 प्लॉट कब्जाने की नियत से आरोपियों ने बुलडोजर से बाउंड्री वॉल तोड़ दी। विरोध करने पर आरोपी अर्मादित भाषा का इस्तेमाल करने लगे।

# आपत्तिजनक फोटो वायरल करने की धमकी देकर वसूले रुपये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत साइबर ठग ने एक शख्स को कॉल कर गलती पैसा ट्रांसफर किए जाने का झांसा देकर ठगी की। बावजूद इसके जालसाज पीड़ित से रूपयों की मांग करता रहा। इनकार करने पर ठग ने पीड़ित की आपत्तिजनक फोटोग्राफ वायरल करने की धमकी देकर रुपये ऐंठ लिए। इस सम्बन्ध में पीड़ित ने सम्बन्धित थाने में लिखित शिकायत देते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है।

प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप मिश्र के मुताबिक, क्षेत्र के रहने वाले पीड़ित ने साइबर ठग के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि कुछ दिन पूर्व उसके मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आई। फोनकर्ता ने कहा कि उसके खाते में गलती से पंद्रह सौ रुपये ट्रांसफर हो गया है, यह सुनने के बाद पीड़ित ने फोनकर्ता को रुपये वापस कर दिए। बावजूद इसके जालसाज अतिरिक्त रूपयों की मांग को लेकर उसे परेशान करने लगा। इंकार किए जाने पर आरोपी उसकी आपत्तिजनक फोटोग्राफ को वायरल करने बात कहकर कई मदों में 72968 रुपये ऐंठ लिए। फिर भी जालसाज रुपयों की मांग करता रहा।

खुलासा

**गोमतीनगर पुलिस व डीसीपी पूर्वी के सर्विलांस टीम ने अंतरराज्यीय वाहन चोर को किया गिरफ्तार**


# लग्जरी गाड़ियों को पल भर में कर देता था पार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ **हरियाणा, दिल्ली, एमपी, तेलंगाना, कर्नाटक, गुजरात, राजस्थान व महाराष्ट्र की पुलिस भी कर रही थी तलाश**

**अमृत विचार :** लग्जरी गाड़ियों को पलक झपकते पार करने वाले अंतरराज्यीय वाहन चोर को पुलिस ने सर्विलांस टीम की मदद से गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार को पुलिस ने मामले का खुलासा कर आरोपी को जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से उसके पास से 2.47 लाख, नकद, एक गाड़ी व 2 अदद मोबाईल फोन, 11 कार की इलेक्ट्रानिक चाभियां, एक चाभी दो पहिया वाहन, एक चार पहिया वाहन चाभी, 2 वाई-फाई डोंगल और 2 अदद नंबर प्लेट बरामद हुई। इसके बाद मुकदमे में जालसाजी, कूटरचना की धाराएं बढ़ाई गई हैं।

डीसीपी पूर्वी आशीष श्रीवास्तव के मुताबिक, मूलरूप से राजस्थान के जयपुर हनुमाननगर नांगल निवासी अंतरराज्यीय वाहन चोर सतेंद्र सिंह शेखावत को रविवार रात सहारा ओवर ब्रिज के नीचे से गिरफ्तार किया है। गत 28 दिसम्बर को विपुलखंड सृजन विहार निवासी नरेंद्र नाथ शुक्ला ने फार्च्यूनर चोरी होने की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। तफ्तीश के दौरान पुलिस को सतेंद्र सिंह शेखावत के बारे में अहम जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस ने सर्विलांस टीम की मदद से आरोपी को धर दबोचा। प्रभारी निरीक्षक दीपक पांडे ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि चोरी की गई गाड़ी की चाभी एक्सपैड 2 किट से तैयार की। जब गाड़ी सर्विस सेंटर पर जाती थी। वहीं, पर एक्सपैड 2 किट से चाभी तैयार कर लेता था। ओबीडी पोर्ट में जीपीएस लगा दिया था। इससे गाड़ी की लोकेशन मिल गई।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

### लॉरेंस बिश्नोई गिरोह को बेचता था गाड़ियां

वारदात को अंजाम देने के बाद शातिर शहर के अलग-अलग हिस्सों में स्थित पार्किंग में गाड़ी को खड़ा करता था। इसके बाद नंबर प्लेट बदल देता था। 5 से 7 दिन बाद जब मामला शांत हो जाता था तो उन गाड़ियों को राजस्थान ले जाया जाता था। वहां पर गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के अपराधियों व अन्य गिरोह को कम दाम पर गाड़ियां बेचता था। इन गाड़ियों से वारदात करने के बाद गिरोह कबाड़ में बेच देते थे।

# दबंगों ने दंपति से की मारपीट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ **विरोध करने पर घर में तोड़फोड़ कर दंपति को धमकाया**

▶▶ **संपत्ति के फर्जी तैयार कर दबंगों ने किया कब्जा**

▶▶ **पीड़ित पक्ष ने चिनहट थाने में लगाई गुहार**

▶▶ **मामले की जांच में जुटी चिनहट थाना पुलिस**

**अमृत विचार :** चिनहट थानाक्षेत्र अन्तर्गत कमता इस्माइलगंज वार्ड में संपत्ति हड़पने के बाद घर में घुसे दबंगों ने तोड़फोड़ कर दंपति की बेरहमी से पिटाई कर दी। विरोध किए जाने पर आरोपी दंपति को जान से मारने की धमकी देते हुए घटनास्थल से भाग निकले। हालांकि, तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी है।

प्रभारी निरीक्षक अश्वनी चतुर्वेदी के मुताबिक, महानगर कोतवाली के पुराना हैदराबाद निवासी कैलाश मिश्र ने सुनील कुमार, राजेश अग्रवाल और उनकी पत्नी श्वैतिका अग्रवाल के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि वर्ष 2006 में उन्होंने इस्मालगंज क्षेत्र में एक जमीन खरीदी थी। इसके बाद वह जमीन पर बागवानी करने लगे। आरोप है कि वर्ष 2012 में आरोपी सुनील ने उनकी जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर राजेश अग्रवाल को बेच दिया। इसके बाद आरोपी उन्हें परेशान करने लगे। पीड़ित ने बताया कि सितम्बर 2023 में आरोपी उनके घर में घुस आए। इसके बाद तोड़फोड़ कर आरोपियों ने पीड़ित व उसकी पत्नी से भी मारपीट की। हंगामा बढ़ने पर आरोपी उन्हें धमकी देते हुए घटनास्थल से भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की गहनता से जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।



## एक नजर

### 7 फरवरी से गोमती तट पर होगा मुनाल महोत्सव

**अमृत विचार, लखनऊ :** आगामी 7 से 14 फरवरी तक गोमती तट स्थित पं. गोविन्द बल्लभ पंत स्मृति उपवन में मुनाल महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। लोक संस्कृति को संजोकर रखने का काम करने वाली संस्था मुनाल लुप्त हो रही सांस्कृतिक परम्परा के प्रदर्शन के लिए मुनाल महोत्सव का आयोजन करती है।

### संदीप के खेल से जीता मेगा ट्रेंडस

**अमृत विचार, लखनऊ :** मैन ऑफ द मैच संदीप पासवान के खेल की बदौलत मेगा ट्रेंडस क्रिकेट क्लब ने सुबोध मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच में सेंट्रल क्रिकेट क्लब को 5 विकेट से हरा दिया। लार्ड्स बालाजी बी खेल मैदान पर सोमवार को खेले गए मुकाबले में सेंट्रल क्लब ने पहले बल्लेबाजी की और 26.1 ओवर में 9 विकेट खोकर 161 रन बनाए। हिमांशु शर्मा ने आतिशी पारी खेली और 51 रन बनाए। अनिकेत नारायण ने 34 रन बनाए। मेगा ट्रेंड्स की ओर से संदीप ने 5.1 ओवर में 16 रन देकर 4 विकेट चटकाए। अमन यादव को 3 और मानिक मौर्या को 2 विकेट मिले। जवाब में मेगा ट्रेंडस ने 19.2 ओवर में 5 विकेट खोकर 162 रन बनाए। विकास मौर्या ने आतिशी बल्लेबाजी की उन्होंने 52 गेंदों में 8 चौके और 3 छक्के की सहायता से 65 रनों की पारी खेली।

# मेजबान लखनऊ ने जीती ओवरऑल चैंपियनशिप, आगरा को दूसरा स्थान

## राजधानी की टीम ने प्रतियोगिता में 19 स्वर्ण सहित 71 पदक जीते

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मेजबान लखनऊ के खिलाड़ियों ने चतुर्थ भारत रत्न स्व.अटल बिहारी वाजपेयी स्मारक राज्य ताइक्वांडो प्रतियोगिता में दम दिखाते हुए 19 स्वर्ण सहित 71 पदक जीतते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी जीत ली।

उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो संघ की देखरेख में लखनऊ जिला ताइक्वांडो द्वारा केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बैडमिंटन हॉल में संपन्न प्रतियोगिता में आगरा की टीम उपविजेता रही, जबकि प्रयागराज को तीसरा स्थान मिला। लखनऊ ने 19 स्वर्ण, 21 रजत व 31 कांस्य पदक (227 अंक) के साथ पहला स्थान हासिल किया। आगरा 5 स्वर्ण, 4 रजत व 3 कांस्य सहित 12 पदक (50 अंक) के साथ दूसरे व प्रयागराज 2 स्वर्ण, 4 रजत व 3 कांस्य सहित 9 पदक



चतुर्थ भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी स्मारक राज्य ताइक्वांडो प्रतियोगिता के दौरान ट्रॉफी के साथ लखनऊ की टीम।

**तीसरे स्थान पर रही प्रयागराज की टीम**

(29 अंक) के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने विजेता व उपविजेता टीमों में शामिल खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए। समापन समारोह की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह 'शैलू' ने की। इस अवसर पर एसोसिएशन के सचिव राजकुमार व कोषाध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने प्रतिभागी टीमों में शामिल खिलाड़ियों और अन्य अतिथियों को धन्यवाद दिया।

### दूसरे दिन के परिणाम

- **सब जूनियर बालक क्योरगी अंडर :** 23 किग्रा – स्वर्ण : कृष्णा यादव (अम्बेडकरनगर), रजत : रूद्राय गुप्ता (लखनऊ), कांस्य : बलराज सिंह (कानपुर) व प्रिंस प्रजापति (जौनपुर)
- **सब जूनियर बालक क्योरगी अंडर :** 25 किग्रा – स्वर्ण : दीपांशु सिंह (लखनऊ), रजत : आदित्य मिश्रा (चंदौली), कांस्य : किशन मिश्रा (हरदोई) व वैभव सिंह (लखनऊ)
- **सब जूनियर बालक क्योरगी अंडर :** 32 किग्रा – स्वर्ण : अनमोल वर्मा (इटावा), रजत : आशीष सिंह (मुरादाबाद), कांस्य : रूद्र पाराशर (आगरा) व शौर्य सिंह चौहान (लखनऊ)
- **सब जूनियर बालक क्योरगी अंडर :** 50 किग्रा – स्वर्ण : यशराज सिंह परमार (कानपुर देहात), रजत : दिव्यांश कुशवाहा (आगरा), कांस्य : यशराज कुरील (सीतापुर) व गौरव (लखनऊ)
- **सब जूनियर बालक क्योरगी 50 किग्रा से अधिक :** स्वर्ण : अथर्व पाठक (बहराईच), रजत : श्रेयांश राय (जौनपुर), कांस्य : कार्तिकेय सिंह व डी.बहल (लखनऊ)
- **कैडेट बालिका 51 किग्रा से कम :** स्वर्ण : खुशी कुमारी (लखनऊ), रजत : आयुषी कुशवाहा (देवरिया), कांस्य : लवी मिश्रा (लखीमपुर) व जान्हवी गौतम (लखनऊ)

## सार-संक्षेप


छावनी स्थित नायक दीपक सिंह वीर चक्र परेड ग्राउंड में गार्ड ऑफ ऑनर के दौरान लेफ्टिनेंट जनरल वी साबिद सैयद। अमृत विचार

### लेफ्टिनेंट जनरल वी साबिद सैयद को गार्ड ऑफ ऑनर

**अमृत विचार, लखनऊ :** सेवानिवृत्ति से पहले लेफ्टिनेंट जनरल वी साबिद सैयद को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वह 37 वर्ष की शानदार सैन्य सेवा करने के बाद 31 को सेवानिवृति होंगे। सोमवार को लखनऊ छावनी स्थित नायक दीपक सिंह वीर चक्र परेड ग्राउंड में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। जनरल ऑफिसर ने 37 वर्ष तक शानदार सैन्य सेवा की है। उन्होंने सम्मान परेड कमांडर कैप्टन एल लक्ष्मीनारायण द्वारा प्रस्तुत सम्मान गारद टुकड़ी का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में एएमसी सेंटर और कॉलेज के सैन्य अधिकारी, जूनियर कमीशंड अधिकारी (जेसीओ), जवान और रंगरूट बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### गोमती नगर से अयोध्या के लिए आज चलेगी ट्रेन

**अमृत विचार, लखनऊ :** अयोध्या धाम में हो रही श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने ट्रेन नंबर–04278/04277 गोमतीनगर–अयोध्या धाम–गोमतीनगर मेमू इंटरसिटी स्पेशल ट्रेन का संचालन करने का निर्णय लिया है।31 जनवरी को गोमतीनगर से और 01 फरवरी को अयोध्या से एक फेरे के लिये यह ट्रेन चलाई जा रही है। ट्रेन नंबर 04278 गोमतीनगर–अयोध्या धाम मेमू इंटरसिटी स्पेशल 31 जनवरी को गोमतीनगर से सुबह 5:10 बजे रवाना कर बाराबंकी से 5:38 बजे, रूदौली से 6:31 बजे तथा अयोध्या कैंट से 7:27 बजे छूटकर अयोध्या धाम 7:45 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में ट्रेन नंबर 04277 अयोध्या धाम–गोमतीनगर मेमू इंटरसिटी स्पेशल 01 फरवरी को अयोध्या धाम से शाम 5:40 बजे रवाना कर अयोध्या कैंट से 6 बजे, रूदौली 6:34 बजे तथा बाराबंकी से रात्रि 8:15 बजे छूटकर गोमतीनगर 8:55 बजे पहुंचेगी। गोरखपुर–यशवन्तपुर जम्मीकुंटा स्टेशन पर रूकेगी।

### द क्रिएटर्स क्रिकेट क्लब की जीत में राहुल के पांच विकेट

**अमृत विचार, लखनऊ :** मैन ऑफ द मैच राहुल गोंड (पांच विकेट) की गेंदबाजी से द क्रिएटर्स क्रिकेट क्लब ने द्वितीय तारा देवी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के सोमवार को खेले गए लीग मैच में इंडियन क्रिकेट क्लब को 55 रन से पराजित किया। गियर क्रिकेट ग्राउंड पर द क्रिएटर्स क्रिकेट क्लब निर्धारित 35 ओवर के मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 26.1 ओवर में 146 रन का स्कोर ही बना सका। टीम से शिवांश त्रिपाठी ने सबसे ज्यादा 38 रन का योगदान किया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए इंडियन क्रिकेट क्लब 30.5 ओवर में 91 रन पर ही सिमट गया। अमन सिंह ने सबसे ज्यादा 30 रन बनाए। क्रिएटर्स क्रिकेट क्लब के राहुल गोंड ने 6.5 ओवर में दो मेडन के साथ 16 रन देकर पांच विकेट हासिल किए जिन्हें शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### ध्रुव स्पोर्ट्स प्रमोशन, डिवाइन और सिद्धार्थ ग्लोबल विजयी

**अमृत विचार, लखनऊ :** डिवाइन क्लब, सिद्धार्थ ग्लोबल और ध्रुव स्पोर्ट्स प्रमोशन ने सोमवार को अपने मुकाबले जीतते हुए एमएल मिश्रा मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक हासिल किए। पहले मुकाबले में डिवाइन क्लब ने पैरामाउंट क्लब को 167 रनों से हराया। दूसरे लीग मुकाबले में सिद्धार्थ ग्लोबल क्लब ने ईगल क्रिकेट क्लब को 23 रन से हराया। तीसरे लीग मुकाबले में ध्रुव स्पोर्ट्स प्रमोशन ने चैंपियन लीग क्लब को 119 रनों से हराया। ध्रुव स्पोर्ट्स प्रमोशन के 249 रन के जवाब में चैंपियन लीग क्लब की टीम 27.2 ओवर में 130 रन पर लुढ़क गई।


आशियाना स्थित कांशीराम स्मृति उपवन में भारत हस्तशिल्प महोत्सव के दौरान आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते प्रतिभागी।

## भारत हस्तशिल्प महोत्सव में मिशन ब्लैक बेल्ट ने किया रोमांचित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आशियाना स्थित कांशीराम स्मृति उपवन में चल रहे भारत हस्तशिल्प महोत्सव में सोमवार को प्रगतिशील मानव कल्याण सेवा संस्थान के तत्वावधान में कवियत्री डॉ. राधा बिष्ट ने महिला, बाल विकास एवं सुरक्षा के सहयोग से मिशन ब्लैक बेल्ट कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में ड्रैगन एकेडमी ऑफ मार्शल आर्ट के विद्यार्थियों ने मार्शल आर्ट का प्रदर्शन किया। आत्मरक्षा की इस तकनीक को देखकर लोग रोमांचित हो उठे। डॉ. राधा बिष्ट के मार्गदर्शन में नन्हे–मुन्ने बच्चों ने गीत–संगीत और नृत्य का मनभावन कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। इस मौके पर मोहन सिंह बिष्ट और ड्रैगन एकेडमी के निदेशक ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद थे। महोत्सव

**ड्रैगन एकेडमी ऑफ मार्शल आर्ट के विद्यार्थियों ने किया प्रदर्शन**

में सुरभि कल्चरल ग्रुप के कलाकारों ने कई मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षा अग्रवाल ने या वीणा वरदंड मंडित करा मां सरस्वती की स्तुति से की। अर्शजोत कौर ने :– कौशल्या दशरथ के नंदन, अनाया गौतम ने :– मेरे घर राम आये हैं, विदुषी शुक्ला ने :– राम मंदिर की बारी है को बहुत अच्छे अंदाज में प्रस्तुत किया। गौरी द्विवेदी ने श्रीराम चन्द्र कृपालु भजमन, काशवी शर्मा ने मेरे ढोलना मेरे प्यार की धुन, आशी त्रिवेदी ने नाच रही राधिका, जया सिंह ने श्रीराम चन्द्र चरणम, जन्नत अशरफ शेख ने ईश्वर अल्लाह वाहे गुरु चाहे कहो श्रीराम, मन्नत अशरफ शेख ने कंधों से मिलते हैं कंधे और शिक्षा अग्रवाल ने छाप तिलक सब छीनी रे मोह से नैना लगाये के जैसे गीतों पर मनोहारी नृत्य प्रस्तुतियां दीं। इस मौके पर सुरभि कल्चरल ग्रुप ने कला, संस्कृति और खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली बेटियों को सुरभि कन्या विशिष्ट सम्मान से अलंकृत किया। इस आयोजन में नवयुग कन्या महाविद्यालय के दर्शन शास्त्र विभाग की अध्यक्ष और एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ. मनमीत कौर सोढ़ी मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहीं। विशिष्ट अतिथि के तौर पर आईं असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ. रेखा यादव और रेखा झा ने तैराकी, बाक्सिंग, अभिनय व नृत्य के क्षेत्र में सम्मान दिए। मन्नत अशरफ शेख, जया सिंह और विदुषी शुक्ला को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। नृत्यांगना जन्नत अशरफ शेख, पलक शर्मा, आद्रित्या सिंह, शिक्षा अग्रवाल, काशवी शर्मा, आशी त्रिवेदी, गौरी द्विवेदी, होला होप, और अर्शजोत कौर को सम्मानित किया गया।

## ऋषभ ने खेली शानदार हॉकी उत्तर प्रदेश ग्रेस की जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मेजबान उत्तर प्रदेश ग्रेस ने 34वीं ऑल इंडिया केडी सिंह बाबू सब जूनियर बालक (अंडर-14) प्राइजमनी हॉकी टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली।

वहीं उत्तर प्रदेश करम, राउंड ग्लास पंजाब हॉकी अकादमी और नवल टाटा ओडिशा भी दो-दो मुकाबले जीत कर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। इन तीनों टीमों को अभी एक-एक मैच और खेलने है। केडी सिंह बाबू स्मारक सोसायटी

**मेजबान उत्तर प्रदेश ग्रेस सहित राउंड ग्लास पंजाब हॉकी अकादमी क्वार्टर फाइनल में**

की देखरेख में गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के मेजर ध्यानचंद सिंथेटिक टर्फ स्टेडियम पर खेले जा रहे टूर्नामेंट में सोमवार को उत्तर प्रदेश ग्रेस ने भास्करन हॉकी अकादमी तमिलनाडु को 11-0 से हराया। वहीं पिछली उपविजेता राउंडग्लास पंजाब हॉकी अकादमी ने सन्नी जोशी की हैट्रिक सहित चार गोल की सहायता से ध्यानचंद हॉकी अकादमी आंध्र प्रदेश के खिलाफ 11-0 से जीत दर्ज की।

### नेशनल और मुमताज पीजी कॉलेज सेमीफाइनल में

**अमृत विचार, लखनऊ :** नेशनल पीजी और मुमताज पीजी कॉलेज ने अपने मुकाबले जीतते हुए सुंदरी देवी मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। जेएनपीजी ग्राउंड में खेली जा रही प्रतियोगिता के पहले क्वार्टर फाइनल में नेशनल ने शिया पीजी कॉलेज को 45 रन से हराया। नेशनल पीजी के 139 रन के जवाब में शिया पीजी कॉलेज की टीम 17.3 ओवर में 94 रन ही बना सकी।

दूसरे क्वार्टर फाइनल में मुमताज पीजी कॉलेज ने जेएनपीजी कॉलेज को छह विकेट से हराया। जेएनपीजी कॉलेज के 148 रन के लक्ष्य को मुमताज पीजी ने 15.1 ओवर में चार विकेट खोकर हासिल किया।

### जम्मीकुंटा स्टेशन पर रुकेगी गोरखपुर-यशवंतपुर

**अमृत विचार, लखनऊ :** यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन नंबर 12591/12592 गोरखपुर–यशवंतपुर–गोरखपुर एक्सप्रेस का प्रायोगिक ठहराव जम्मीकुंटा स्टेशन पर अगले आदेश तक प्रदान किया जायेगा। 03 फरवरी से गोरखपुर से चलने वाली ट्रेन नंबर 12591 गोरखपुर–यशवंतपुर एक्सप्रेस से अगली सूचना तक जम्मीकुंटा स्टेशन पर सुबह 10:09 बजे पहुंचकर 10:10 बजे छूटेगी।


## कार्यालय नगर निगम अयोध्या- जोन अयोध्या धाम

पत्रांक : 524 / न0नि0अयो0जो0अयो0/ 2023–2024 दिनांक – 29/01/2024

**सार्वजनिक सूचना**

नगर निगम अयोध्या के कर अनुभाग में नामान्तरण के लिए निम्नलिखित भवनों के संम्बन्ध में आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं इन भवनों पर पूर्व से दर्ज भवन स्वामी / हितबद्ध को सूचित किया जाता है कि इस नामांन्तरण पर यदि किसी को आपत्ति हो तो अपने प्रमाणित साक्ष्य के साथ प्रकाशित तिथि से 30 दिवस के अन्दर आपत्ति पत्र प्रस्तुत करे अन्यथा की स्थिति में नामांतरण की कार्यवाही कर दी जायेगी जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संम्बन्धित का होगा विवरण निम्नवत है–

| क्र0सं0 | भवन संख्या | आवेदक कर्ता | पूर्व में दर्ज नाम | आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1/5/20 | विजेता कुशवाहा उर्फ गोपाल दास पुत्र विरेन्द्र कुशवाहा | हरिदास चे0 अवध बिहारी दास | रजि0 तर्कु0 सरवराहकारी 3/10/2023 |
| 2 | 6/4/10 | रघुनन्दन दास चे0 राम केवल दास | रामकेवल दास त्यागी चे0 रघुनन्दन दास | रजि0 बैनामा 2/12/1993 |
| 3 | 10/5/90 जुजभाग | प्रीती उपाध्याय पत्नी अशोक कुमार उपाध्याय | अरविन्द्र कुमार अस्थाना पुत्र हरी शंकर अस्थाना | रजि0 बैनामा 9/5/2023 |
| 4 | 10/7/81 | रामरूप मौर्या पुत्र रामेश्वर मौर्या | हरीराम पुत्र रामखेलावन | रजि0 बैनामा 20/4/2022 |
| 5 | 18/2/24 | विन्दु कुमार शुक्ला पुत्र स्व0 रामचन्द शुक्ला | रामचन्द शिष्य स्व0 शान्ती देवी | वरासतन |
| 6 | 31/3/179 | चमेली देवी आदि | राम किशन अग्रवाल पुत्र दौलतराम | वरासतन |
| 7 | 43/5/31 | लखनलाल पाण्डेय आदि | महादेव प्रसाद पाण्डेय पुत्र मनोज दत्त पाण्डेय | रजि0 वसीयत 3 / 2/2021 |
| 8 | 48/3/179 | रुद्रेश पति त्रिपाठी पुत्र श्री शिवेश्वर पति त्रिपाठी | श्री शिवेश्वर पति त्रिपाठी उर्फ शरद कुमार त्रिपाठी | रजि0 दान पत्र 30/4/2022 |
| 9 | 54/2/220/ व 54/2/75 | मं0 जयमंगल दास शिष्य दामोदर दास | दामोदर दास चे0 श्री राम किशुन दास | रजि0 महज्जरनामा 1/12/2023 |
| 10 | 54/2/128 | रामसमुझ दास चे0 दिनेश दास | श्री दिनेश दास चे0 श्री भगवत दास | रजि0 तर्कु0 सरवराहकारी 28/6/2023 |
| 11 | 13/3/65 | श्रीमती दिना आचार्य बेवा श्री आचार्य चूडामनि | श्री आचार्य चूडामणि पुत्र ऋषिराम आचार्य | वरासतन |
| 12 | 13/4/16 व 13/4/15 | संतोष कुमार गुप्ता आदि | रामकुमार पुत्र श्री राम आसरे | वरासतन |
| 13 | 13/4/16A | संतोष कुमार गुप्ता आदि | राम जानकी देवी पत्नी स्व0 रामकुमार | वरासतन |
| 14 | 8/5/18 | राघव प्रसाद आदि | राम गुलाम | वरासतन |
| 15 | 48/5/60 | नन्द नन्दनम दास साधक चेला महन्थ बलराम शरण | म0 बलराम शरण सा0 चे0 श्री राम देव शरण | रजि0 तर्कु0 सरवराहकारी 18/11/2015 |
| 16 | 8/4/3 | देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव आदि। | श्रीमती मालती देवी पत्नी श्री पति सिंह | वरासतन |
| 17 | 15/3/77 | श्री द्वादशा ज्योर्तिलिंगा आर्य वैश्या नित्याना सतराम ट्रस्ट द्वारा अध्यक्ष यदा अशोक गुप्ता पुत्र स्व0 यदा दुब्बैया | श्रीमती अल्पना श्रीवास्तव पत्नी श्री. मनोज कुमार श्रीवास्तव | रजि0 बैनामा 11/9/2023 |
| 18 | 13/5/56A | श्रीमती सीमा यादव आदि | बहादुर यादव पुत्र श्री दयाराम यादव | वरासतन |

**जोनल अधिकारी**
**नगर निगम अयोध्या**


# सत्ता व पद की चाहत रखने वाले राम को जानते ही नहीं

साक्षात्कार

## मेहरबानी करके तुलसी, कबीर व लोहिया के राम को मत बांटिए : दीपक

वीरेंद्र पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचार :** मेहरबानी करके तुलसी, कबीर और लोहिया के राम को मत बांटिए। राम को राम ही रहने दिया जाए तो उचित है। राम ने जब लंका को जीता उस समय सब ने कहा कि आप लंका के राजा बन जाइए, लेकिन राम ने अपनी जन्मभूमि को चुना। यह असली राष्ट्रवाद है। सत्ता पाने की लालसा रखना राष्ट्रवाद नहीं है। ऐसे लोग राम को नहीं जानते हैं। राम को भी आजकल कट्टरपंथियों ने खेमों में बांट दिया है।


साक्षात्कार के दौरान दीपक मिश्रा।

यह कहना है समाजवादी चिंतक व लेखक दीपक मिश्रा (47 वर्ष) का। दीपक की ख्याति एक लेखक और विचारक के रूप में भी है। दीपक मिश्रा ने हिन्दी भाषा को आधिकारिक दर्जा दिलाने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ तक से लड़ाई लड़ी। गिरफ्तार हुए जेल गए, लेकिन हिन्दी को आधिकारिक दर्जा दिलाने के लिए आज भी उनका संघर्ष जारी है। वह डॉ.लोहिया के रामायण मेले की बात करते हैं और कहते हैं जो पार्टी डॉ.लोहिया में आस्था रखेगी, वह राम में आस्था रखेगी।

अमृत विचार के संवाददाता वीरेंद्र पाण्डेय ने उनसे कई मुद्दों पर बात की जिसका उन्होंने बड़े ही बेबाकी के साथ उत्तर दिया। पेश है बातचीत के प्रमुख अंश...

### व्यक्तिगत जानकारी

- **माता का नाम :** शांति मिश्रा
- **पिता का नाम :** प्रो. जयनरायण मिश्रा
- **लेखन कार्य :** समाजवाद और राष्ट्रीय नायकों पर 43 से अधिक पुस्तकें लिखीं।
- **पुरस्कार :** नेल्सन मंडेला अवार्ड, झारखंड में लोहिया सम्मान, श्रीलंका में हेक्टर अभयवर्धने सम्मान।

**लेखन से आपका जुड़ाव कैसे हुआ ?**

**जवाब :** मन के भाव और विचारों को मूर्तरूप देने के लिए लेखन का क्षेत्र चुना। इसके अलावा जो व्यक्ति सामाजिक जीवन संवेदना और सिद्धान्त के साथ जीता है, वह कलमकार हो ही जाता है। आप महात्मा गांधी, नेहरू और डॉ. राम मनोहर लोहिया को देख लीजिए। जिन्होंने कई विषयों पर लिखा।

**डॉ. लोहिया और समाजवाद के प्रति आर्कषण कैसे बढ़ा ?**

**जवाब :** एशिया सोशलिस्ट कान्फ्रेंस में डॉ. राम मनोहर लोहिया का प्रतिनिधित्व कर रहे रिशांग कीशिंग, जार्ज फर्नाण्डीज, रवि राय, जनेश्वर मिश्र के संपर्क में आने के बाद मैं डॉ. लोहिया और समाजवाद के प्रति आकर्षित हुआ। उसी समय से लोहिया के दर्शन से प्रभावित हो गया।

**हिंदी भाषा को लेकर आपको जेल जाना पड़ा ?**

**जवाब :** जब मैं परास्नातक कर रहा था, उस समय मुझे जानकारी हुई कि संयुक्त राष्ट्र संघ में हिंदी भाषा को आधिकारिक दर्जा नहीं मिला है। इस दौरान मुझे यह भी पता चला कि हिंदी दुनिया की तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है। तभी मन में एक सवाल उठा की संयुक्त राष्ट्र संघ लोकतांत्रिक पद्धति पर बना संगठन है। ऐसे में हिंदी को जगह क्यों नहीं मिला? यह सवाल मन में लिए करीब 1000 पत्र मैने संयुक्त राष्ट्र संघ को लिखा। सत्याग्रह भी किया। इसी के चलते एक बार मेडागास्कर और कंबोडिया में स्थित लेबर चौक पर धरना देते समय गिरफ्तार हुआ।

**क्या आप आंग्ल भाषा के विरोधी हैं?**

**जवाब :** जी नहीं, हम अंग्रेजी के खिलाफ वहां खड़े होते हैं, जहां अंग्रेजी शोषण का माध्यम बनती है। हमारा अंग्रेजी से कोई बैर नहीं है। हमारे आदर्श डाक्टर लोहिया ने अंग्रेजी में किताबें लिखी हैं। भाषा के माध्यम से शोषण सामंतवाद को बढ़ावा देता है।

**देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश में हिन्दी कितना संघर्ष कर रही है।**

**जवाब :** यह सच है कि देश का सबसे बड़ा सूबा होने के बावजूद हिन्दी की वह स्थिति यूपी में नहीं है जो होनी चाहिए। लेकिन धीरे–धीरे स्थित सुधर रही है।

**देश के विकास के लिए किस भाषा की जरूरत है?**

**जवाब :** देश का विकास देशी भाषा और देशी तकनीक से ही संभव है। आज हम प्रति व्यक्ति आय में 143 देशों से पीछे हैं। समग्र विकास में 130 देशों से पीछे हैं। राम विमर्श हमारे यहां तब खड़ा होता है जब तुलसीदास राम चरित मानस लिखते हैं। गांधी ने भी हिन्दी की पैरवी इसलिए की, क्योंकि हिन्दी हमारी जनभाषा है।

**आप राम विमर्श की बात करते हैं, किंतु राम की पैरवी क्यों करते हैं?**

**जवाब :** मै नहीं तुलसीदास जी, बाल्मीकि जी और डॉ.राम मनोहर लोहिया मानते थे कि राम हमारे देश के आम जनमानस के देवता और प्रतिनिधि हैं।

**रामराज्य क्या है?**

**जवाब :** तुलसीदास ने उत्तरकांड में लिखा है 'बयरु न कर काहू सन कोई, राम प्रताप बिषमता खोई।' यानी की जब राम का राज्य होता है, तो विषमता समाप्त होती है। सभी खुशहाल होते हैं, कोई भूखा और गरीब नहीं होता। लेकिन रामराज्य की स्थापना का स्वप्न अभी पूरा नहीं हुआ है। राम को आजकल कट्टरपंथियों ने खेमों में बांट दिया है। वह राम ही हैं जिसे मशहूर शायर अल्लामा इकबाल इमामे हिन्द कहते हैं।

**राम के आदर्शों पर काम करने वाली पार्टी किसे मानते हैं?**

**जवाब :** राम, राष्ट्र और समाजवाद को दलों में क्यों बांटते हैं। समाजवाद का संकल्प भगत सिंह ने लिया था। तब कोई दल नहीं था। डॉ. राम मनोहर लोहिया की सोशलिस्ट पार्टी हो या अभी की समाजवादी पार्टी राम से अलग कैसे हो सकती है। डॉ. लोहिया रामायण मेला लगाते थे। जो भी पार्टी डॉ. लोहिया में आस्था रखती है वह राम में आस्था रखती है।

**आप रामराज्य को समाजवाद से जोड़ते हैं, लेकिन आपके पार्टी के नेता रामचरित मानस पर सवाल खड़ा करते हैं?**

**जवाब :** हमारे दल के कई नेता अन्य दलों से आए हैं। उन्होंने डॉ.लोहिया की रामायण नहीं पढ़ी। पढ़ते तो जानते। जिस चौपाई पर यह विभेद चला है, उस पर डॉ. लोहिया ने साफतौर पर कहा था कि वह वक्तव्य न तो राम का है और न ही तुलसी का। वह बात समुद्र ने कही थी। डॉ. लोहिया ने रामचरित मानस के आधार पर ही सीता राम राज्य की अवधारणा की बात की थी।

**आपका एक शौक क्रिकेट भी है, लेकिन उसको छोड़ दिया?**

**जवाब :** पूरी तरह से नहीं छोड़ा। मेरा पहला सपना क्रिकेटर बनने का ही था। किंतु कुछ कारण से पूरा न हो सका। मेरी मां ने मुझे इस तरह तराशा कि मैं आज समाज सेवा कर पा रहा हूं। यह ईमानदारी और जुनून मेरी उन्हीं की दी हुई है।

## एक नजर

### लेखन अभियान के तहत बनाया कमल का फूल

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभभा चुनाव को लेकर भाजपा की ओर से दीवार लेखन अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी राम चंद्र प्रधान ने कैंट विधानसभा, मंडल तीन के बूथ संख्या 20, मोतीलाल नेहरु चन्द्रभानु गुप्त नगर शक्तिकेंद्र की दीवार पर कमल का फूल बनाया और लिखा एक बार फिर मोदी सरकार। इस दौरान मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, मंडल अध्यक्ष विनायक पांडेय, पार्षद चरनजीत सिंह गांधी, पूर्व पार्षद सुरेंद्र सिंह राजू गांधी, विजय भुर्जी आदि मौजूद रहे।

### चरस के चार अंतरराष्ट्रीय तस्करों को किया गिरफ्तार

**राज्य ब्यूरो, अमृत विचार :** एसटीएफ ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास 16 .5 किलोग्राम चरस बरामद किया गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत लगभग 83 लाख रुपये बताई गई है। अयोध्या में पकड़े गए चारों तस्कर कानपुर नगर और देहात के रहने वाले हैं। इसमें विमल राजपूत, जितेन्द्र, आशीष यादव तथा योगेन्द्र सिंह यादव हैं। एसटीएफ को विभिन्न जनपदों में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के सक्रिय होने की सूचनाएं मिल रही थीं। इसी बीच इन तस्करों के बारे में सूचना मिली कि वह नेपाल से अवैध मादक पदार्थ (चरस) लेकर कानपुर जाने वाले हैं। इसके बाद एसटीएफ टीम सक्रिय हो गई और उन्हें अयोध्या के पूरा कलन्दर क्षेत्र से दबोच लिया। उनकी कार की जांच में 16 .5 किग्रा चरस बरामद हुई। नशे के तस्करों ने पूछताछ पर बताया कि मादक पदार्थ (चरस) नेपाल से लाकर कानपुर के मनोज तिवारी के साथ मिलकर बेचने का कार्य करते थे। इस धंधे में वह काफी समय से सक्रिय थे।

# राज्यपाल ने सर्वश्रेष्ठ झांकियों को किया पुरस्कृत

## बीटिंग द रिट्रीट समारोह में एलडीए और सूचना विभाग की झांकी को पहला व राजभवन की झांकी को मिला दूसरा स्थान

- पर्यटन निदेशालय, सिटी मोंटेसरी स्कूल व उप्र संस्कृत संस्थानम् को मिला तीसरा स्थान
- सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली टुकड़ियां सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



पुलिस लाइन मैदान में आयोजित बीटिंग द रिट्रीट समारोह में बैंड वादन करते पीएसी के जवान। अमृत विचार

**अमृत विचार :** बीटिंग द रिट्रीट कार्यक्रम के साथ गणतंत्र दिवस समारोह का सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइन में समापन हो गया। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने परेड में पहले नंबर पर आई गढ़वाल राइफल्स रेजीमेंट, दूसरे नंबर पर सिख लाइट इंफेंट्री और तीसरे नंबर पर आए कोर ऑफ इंजीनियर बंगाल सैपर्स को पुरस्कृत किया। लखनऊ विकास प्राधिकरण और सूचना एवं जन संपर्क विभाग की झांकी को संयुक्त रूप से पहला स्थान मिला। जबकि राजभवन की झांकी को दूसरा और उप्र पर्यटन निदेशालय, सिटी मॉन्टेसरी स्कूल एवं उप्र संस्कृत संस्थानम् की झांकी को तीसरा स्थान मिला।

पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में श्रेष्ठ मार्चिंग पैरा मिलिट्री- सीआरपीएफ की पुरुष टुकड़ी, आइटीबीपी और एसएसबी पुरुष टुकड़ी, पुलिस, पीएसी, होमगार्ड, पीआरडी को श्रेष्ठ मार्च पास्ट में यूपी एसटीएस कमांडो पुरुष व महिला टुकड़ी का पहला व यूपी होमगार्ड की पुरुष टुकड़ी को दूसरा और पीआरडी महिला टुकड़ी को तीसरा स्थान मिला। एनसीसी और सैनिक स्कूल की परेड में एनसीसी बालिका को पहला और एनसीसी बालक को दूसरा स्थान मिला। स्कूल मार्चिंग बालिका वर्ग में सेंट जोसेफ राजाजीपुरम को पहला, एलपीएस सहारा स्टेट को दूसरा और सीएमएस गोमतीनगर विस्तार को तीसरा स्थान मिला। स्कूल मार्चिंग बालक वर्ग में एलपीएस आम्रपाली को पहला, सीएमएस अलीगंज दूसरे और अटल आवासीय विद्यालय के बच्चे तीसरे स्थान पर रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सीएमएस राजाजीपुरम को पहला, सेंट जोसेफ राजाजीपुरम को दूसरा और एलपीएस आनंद नगर को तीसरा स्थान मिला। नृत्य में एसआर ग्लोबल प्रथम, सीएमएस कानुपर रोड द्वितीय और सिटी इंटरनेशनल स्कूल तृतीय स्थान पर रहा। जबकि बेस्ट ड्रिल में सीएमएस अलीगंज प्रथम, बाल निकुंज इंटर कॉलेज द्वितीय और एलपीएस राजाजीपुरम तृतीय स्थान पर रहा।



राजभवन के अधिकारी को झांकी के लिए पुरस्कार देतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब, जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार व पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर भी उपस्थित रहे।

### नोडल अधिकारी ने किया समस्याओं का निस्तारण

**अमृत विचार, लखनऊ :** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा प्रत्येक माह की 27 तारीख को चलाये जा रहे निधि आपके निकट 2.0 कार्यक्रम अवकाश के चलते सोमवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कर्मचारी भविष्य निधि क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ द्वारा कार्यालय के परिक्षेत्र में आने वाले सभी 6 जिलों में किया गया। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा नामित जिला नोडल अधिकारियों ने सदस्यों, पेंशनरों और नियोक्ताओं की समस्याओं को सुनकर तत्काल मौके पर ही निराकरण किया। सहायक भविष्य निधि आयुक्त प्रतीश सिंह ने बताया कि प्रत्येक माह की 27 तारीख को निधि आपके निकट 2.0 को डिस्ट्रिक्ट आउटरीच प्रोग्राम के तहत हर जिले में आयोजन किया जा रहा है।

# बीओबी ने व्यापक चालू खाता पैकेज शुरू किया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




व्यापक चालू खाता पैकेज की शुरुआत करते सीईओ देबदत्त चांद और क्रिकेटर शैफाली वर्मा।

**अमृत विचार :** बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने सोमवार को एक व्यापक चालू खाता पैकेज की शुरुआत की घोषणा की। जिसमें सात नए चालू खाता उत्पादों को शामिल किया गया है। प्रत्येक चालू खाता उत्पाद को विशेष रूप से विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों की विशिष्ट व्यावसायिक बैंकिंग आवश्यकताओं को पूरा करने, ग्राहकों को सशक्त बनाने और उनके व्यवसायों को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया है। नए चालू खाता पैकेज का अनावरण बैंक के कॉर्पोरेट कार्यालय में एक कार्यक्रम में एमडी और सीईओ देबदत्त चांद द्वारा बैंक के कार्यपालक निदेशकों, सीवीओ और शैफाली वर्मा भारतीय क्रिकेटर और बैंक के ब्रांड प्रचारक की उपस्थिति में किया गया।

इस अवसर पर बोलते हुए प्रबंध निदेशक ने कहा कि विभिन्न प्रकार की व्यवसाय विकास यात्रा के साथ बदलती हुई बैंकिंग आवश्यकताओं पर विचार किया गया।

# सरकारी अधिवक्ताओं की तैयारी व बहस से हाईकोर्ट संतुष्ट

विधि संवाददाता, लखनऊ

- पूर्व में पारित किया था सख्त आदेश



**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कहा है कि वह अब सरकारी अधिवक्ताओं की मुकदमों में तैयारी और बहस से संतुष्ट है। न्यायालय ने संतोष जाहिर करते हुए कहा कि सभी स्थायी अधिवक्तागण अब पूरी तैयारी से आ रहे हैं और उनके पास सरकार से पर्याप्त दिशा निर्देश भी रहते हैं। इसके साथ ही न्यायालय ने यह भी टिप्पणी की कि किसी सरकारी अधिवक्ता के खिलाफ कार्यवाही की आवश्यकता नहीं है।

यह आदेश न्यायमूर्ति अब्दुल मोईन की एकल पीठ ने दिलीप कुमार दुबे और मंगला की अेर से अलग-अलग दाखिल दो रिट याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान पारित किया। दरअसल न्यायालय ने 8 जनवरी को आदेश पारित करते हुए कहा था कि राज्य सरकार द्वारा तैनात किये गए स्थायी अधिवक्ताओं की ओर से कानूनी पहलुओं पर बहस के दौरान कोर्ट को उनसे उचित सहयोग नहीं मिल पा रहा है। न्यायालय ने इस पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा था कि कई बार कहने के बावजूद हालात में सुधार नहीं दिख रहा, इसे अनदेखा नहीं किया जा सकता। न्यायालय ने महाधिवक्ता और प्रमुख सचिव विधि/विधि परामर्शी को आदेश भी दिया था कि वे दो सप्ताह में बताएं कि इस स्थिति को सुधारने के लिए क्या किया जा रहा है।

न्यायालय के उक्त आदेश के अनुपालन में प्रमुख सचिव, न्याय ने अपना हलफनामा दाखिल कर कहा कि सरकार की ओर से गत 12 जनवरी को मामले में उचित कदम उठाये गए हैं और आगे से कोर्ट के बहस में स्थायी अधिवक्ताओं से पूरा सहयोग मिलेगा। न्यायालय ने प्रमुख सचिव, न्याय के हलफनामे पर संतुष्टि जताई और कहा कि उक्त 8 जनवरी के आदेश के बाद कोर्ट को सभी स्थायी अधिवक्ताओं से पूरा सहयोग मिल रहा है और किसी भी स्थायी अधिवक्ता के खिलाफ कार्यवाही की आवश्यकता नहीं है।

# थार से कुचल कर की थी किसान की हत्या

संवाददाता, मलिहाबाद

- रहीमाबाद पुलिस ने दो हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल
- गिरफ्तारी की मांग को लेकर 5 दिन से धरने पर बैठे थे परिजन



किसान राजेश

**अमृत विचार :** रहीमाबाद थानाक्षेत्र अन्तर्गत जमीलिया गांव के किसान राजेश (45) की थार से कुचलकर हत्या की गई थी। सोमवार को पुलिस ने थार सवार करन और राहुल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। तब आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार किया। इसके बाद पुलिस ने हत्यारोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया हैं। वहीं, इस वारदात में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पिता जगदेव पांच दिन से धरने पर बैठे थे।

गौरतलब है कि 24 जनवरी को जमीलिया गांव निवासी किसान राजेश (45) का शव खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला था। इसके बाद पुलिस इसको सड़क दुर्घटना का हवाला देते हुए हीलाहवाली करने लगी। पिता जगदेव बेटे इकलौते बेटे की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए सम्बन्धित थाने में कार्रवाई किए जाने की मांग की। प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार ने बताया कि ससपन निवासी करन व गोसवा निवासी राहुल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। तब हत्यारोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया। हत्यारोपियों ने बताया कि पुरानी रंजिश में थार गाड़ी से कुचलकर राजेश की हत्या की थी। वहीं पिता जगदेव की लिखित शिकायत पर पुलिस ने छह विपक्षियों के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज की है। पिता का कहना है कि उनके इकलौते बेटे की साजिश के तहत हत्या की गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस ने थार को कब्जे में लेकर कई बिंदुओं पर तफ्तीश तेज कर दी है।

# मार्च तक पूरा करें एसटीपी का कामः मंडलायुक्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 120 और 42 एमएलडी के एसटीपी का 90 प्रतिशत काम पूरा
- मंडलायुक्त ने 1090 और लक्ष्मण मेला पार्क के पास बन रहे सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का किया निरीक्षण

**अमृत विचारः** मंडलायुक्त ने शहर में निर्माणाधीन 120 और 42 एमएलडी के एसटीपी प्लांट का काम 15 मार्च तक पूरा करने का आदेश दिया है।

1090 और लक्ष्मण मेला पार्क के पास जल निगम की ओर से सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का निर्माण कराया जा रहा है। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने दोनों ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने मंडलायुक्त को बताया कि कि जीएस कैनाल पर निर्माणाधीन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का सिविल कार्य 99 प्रतिशत व मैकेनिकल कार्य 90 प्रतिशत पूरा हो गया है। लक्ष्मण मेला के सामने निर्माणाधीन 42 एमएलडी एसटीपी का सिविल कार्य 90 प्रतिशत पूरा हो गया है। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को 15 मार्च तक काम पूरा करने को कहा।



एसटीपी प्लांट के निरीक्षण के दौरान कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी लेतीं मंडलायुक्त रोशन जैकब, साथ में अन्य अधिकारी। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि एसटीपी के निर्माण के लिए श्रमिकों की संख्या बढ़ा ली जाए साथ ही सिविल कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही संबंधित अधिकारी नियमित रूप से गुणवत्ता की मानीटरिंग करें। इस दौरान अपर नगर आयुक्त पंकज कुमार आदि साथ में मौजूद रहे।

### श्रीकृष्ण जन कल्याण समिति की बैठक में चुनी गई नई कार्यकारिणी

**अमृत विचार, लखनऊ :** विकल्प खंड दो, गोमती नगर के बड़े चितवन पार्क में श्रीकृष्ण जन कल्याण समिति की बैठक में नव गठित कार्यकारिणी के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह नेगी, महासचिव दिलीप मणि, उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष डीके पाल, संयुक्त सचिव एस बी के त्रिपाठी, हरेंद्र पाल, अनिल कुमार, महेश प्रसाद एवं कार्यकारिणी सदस्य शत्रुहन यादव, अच्युतानंद यादव, गजेंद्र सिंह चौहान, रामजी यादव, दान बहादुर यादव, नवनीत पोरवाल ने कार्यभार गृहण किया। बैठक में समिति के पूर्व अध्यक्ष उमेश यादव, पूर्व महासचिव राजीव कटियार तथा सम्मानित गणमान्य सदस्य जगमोहन सिंह बिष्ट, एके ओझा, एसएन गुप्ता, राजेंद्र सिंह कनवाल, सर्वेंद्र नाथ द्विवेदी, सुशील कुमार वर्मा, जितेंद्र सिंह, डॉ. मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे।

# राजधानी पहुंची आस्था ट्रेन तो प्लेटफार्म पर हुआ जय श्रीराम का उद्घोष

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- श्रद्धालुओं के स्वागत में अन्य प्लेटफार्म के यात्री भी एक नंबर प्लेटफार्म पर पहुंच गए

**अमृत विचार :** समय दोपहर 12 बजे। जगह- चारबाग रेलवे स्टेशन का प्लेटफार्म। जैसे ही लाउडस्पीकर पर घोषणा की गई कि अयोध्या धाम जाने वाली आस्था स्पेशल ट्रेन थोड़ी देर में प्लेटफार्म नंबर एक पर आ रही है, यह सुनते ही अन्य प्लेटफार्म पर ट्रेनों का इंतजार कर रहे यात्री श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए प्लेटफार्म नंबर एक पर पहुंच गए। चंद मिनटों के बाद आस्था स्पेशल ट्रेन जब स्टेशन पर रुकी तो यात्रियों ने श्रद्धालुओं के स्वागत में जय श्रीराम का उद्घोष किया। ट्रेन से निकल कर श्रद्धालुओं ने भी यात्रियों का साथ दिया। देखते ही देखते स्टेशन पर राम धुन बजने लगी और प्लेटफार्म पर युवक, युवतियों के साथ सभी ने थिरकना शुरू कर दिया। महिलाओं की टोली भजन गाते हुए नृत्य कर रही थी।



चारबाग रेलवे स्टेशन पर आस्था ट्रेन पहुंचने पर जय श्रीराम का उद्घोष करते लोग। अमृत विचार

अयोध्या धाम में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद रेलवे ने देश भर से श्रद्धालुओं के लिए आस्था स्पेशल ट्रेनों की शुरुआत की। इसी क्रम में सोमवार सुबह चार बजे हरिद्वार- अयोध्या कैंट आस्था स्पेशल ट्रेन चारबाग पहुंची। दूसरी आस्था स्पेशल ट्रेन राजस्थान के भगत की कोठी से चारबाग आई। एसी और स्लीपर बोगियों वाली आस्था स्पेशल ट्रेन फूलों से सजी नजर आई। स्लीपर के यात्रियों को भी साफ-सुथरे बेडरोल की सुविधा दी गई थी। लखनऊ स्टेशन पर श्रद्धालुओं के लिए भोजन और पानी की व्यवस्था स्टेशन निदेशक प्रशांत सिंह ने उपलब्ध कराई। आस्था स्पेशल ट्रेन से सफर कर रहे नवीन अग्रवाल और विजय त्रिपाठी ने बताया कि प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए शुरू की गई आस्था स्पेशल ट्रेन का सफर शानदार रहा। अब प्रभु श्रीराम के दर्शन करने के लिए उत्साहित हैं।

# यूपी पावर सेक्टर के विकास ने जीता स्वर्ण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 45वीं अखिल भारतीय विद्युत परिषद पावर लिफ्टिंग एवं बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता

**अमृत विचारः** मेजबान यूपी पावर सेक्टर के विकास चौधरी ने 45वीं अखिल भारतीय विद्युत परिषद पावरलिफ्टिंग एवं बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता के दूसरे दिन स्वर्णिम सफलता हासिल की। उत्तर प्रदेश पावर सेक्टर की देखरेख में केडी सिंह बाबू स्टेडियम के वेटलिफ्टिंग हाल में आयोजित इस प्रतियोगिता में विकास ने 120 किग्रा से अधिक भार वर्ग में 555 किग्रा कुल वजन उठाकर पदक जीता। मेजबान के लिए धीरज कुमार शर्मा ने 83 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता। यूपी पावर सेक्टर के ही शक्ति कुमार जायसवाल, अमित राठी और गणेश को कांस्य पदक मिले।

केपीटीसीएल के लिए आज रोशन फरेरो, लोहित सिंह और रंगा रेड्डी ने तीन स्वर्ण जीत टीम के पदकों की संख्या 6 कर ली। पावरलिफ्टिंग के 83 किग्रा वर्ग में केपीटीसीएल के रोशन फरेरो ने 615 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण, यूपी पावर सेक्टर के धीरज कुमार शर्मा ने 517.5 किग्रा टोटल वजन उठाकर रजत पदक जीता। छत्तीसगढ़ के राकेश कुमार नायक को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

93 किग्रा वर्ग में केपीटीसीएल के लोहित सिंह 540 किग्रा वजन उठाकर अव्वल रहे। तमिलनाडु के ए.रविचंद्रन 500 किग्रा वजन उठाकर दूसरे व यूपी पावर सेक्टर के शक्ति कुमार जायसवाल 410 किग्रा वजन उठाकर तीसरे स्थान पर रहे।

105 किग्रा वर्ग में छत्तीसगढ़ के राज वासनिक ने 615 किग्रा टोटल लिफ्ट के साथ स्वर्ण, केपीटीसीएल के रमन जेनाया नाइक ने 600 किग्रा के साथ रजत और यूपी पावर सेक्टर के अमित राठी ने 410 किग्रा वजन उठाकर कांस्य पदक जीता।

120 किग्रा वर्ग में केपीटीसीएल के रंगा रेड्डी ने 560 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण, छत्तीसगढ़ के महेंद्र कुमार साहू ने 330 किग्रा वजन उठाकर रजत और यूपी पावर सेक्टर के गणेश ने 240 किग्रा वजन उठाकर कांस्य पदक जीता।

स्वीकृति | रामोत्सव के बजट से शासन ने संस्कृति विभाग के निदेशक को भेजी धनराशि

# अयोध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए मिले 7 .9 करोड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शासन ने फोटो, वीडियो व खर्च का ब्योरा सुरक्षित रखने का दिया निर्देश

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने अयोध्या में 15 लघु मंचों पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए 7 करोड़ 9 लाख 20 हजार रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। शासन ने संस्कृति विभाग के निदेशक को कार्यक्रम का पूरा विवरण, फोटो, वीडियो और खर्च का ब्यौरा सुरक्षित रखने का भी निर्देश दिया गया है।

नव्य राममंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या आये थे। साथ ही, धर्म-अध्यात्म, उद्योग, कला-साहित्य, सिनेमा, शिक्षा आदि क्षेत्र से 8 हजार विभूतियां शामिल हुईं। इस दौरान अयोध्या में विभिन्न राज्यों से तमाम कलाकार 15 लघु मंचों पर प्रस्तुतियां दे रहे थे। यह कार्यक्रम कई दिनों तक चला। इसके लिए पहले ही 19 जनवरी के संस्कृति विभाग ने धनावंटन का प्रस्ताव शासन को भेजा था।

शासन के अनु सचिव रघुनाथ वर्मा ने सोमवार को संस्कृति विभाग के निदेशक को भेजे शासनादेश में कहा है कि सरकार ने रामोत्सव, अयोध्या-2024 के अंतर्गत 15 लघु मंचों पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए 7 करोड़ 9 लाख 20 हजार रुपये की प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति दी है। कहा गया है कि स्थानीय कलाकारों को अधिकाधिक अवसर मिलने चाहिए। कार्यक्रमों का विवरण, फोटो, वीडियो एवं व्यय संबंधी सभी अभिलेख सुरक्षित रखे जाएं और पोस्ट आडिट भी अनिवार्य होगी। सचिवालय प्रशासन और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा अनुमोदित दरों एवं न्यूनतम वास्तविक दरों पर ही भुगतान किया जाएगा।

### रामघाट के शवदाह स्थल पर जनसुविधाओं के लिए 4.84 करोड़

राज्य सरकार ने सोमवार को अयोध्या में सरयू किनारे रामघाट शवदाह स्थल के लिए 4 करोड़ 84 लाख 7 हजार की धनराशि स्वीकृत की है। इस धन से अयोध्या विकास प्राधिकरण जनसुविधाओं का विकास करेगा। शासन ने निदेशालय धर्मार्थ कार्य विभाग, वाराणसी के निदेशक को निर्देश दिये हैं कि पारंपरिक शवदाह स्थल रामघाट के लिए संपूर्ण धनराशि एकमुश्त निर्गत कर दी गई है। अब कार्य शुरू होते ही प्रगति को लेकर धर्मार्थ कार्य विभाग निगरानी और खर्च पर भी नजर रखेगा।

# व्यापारियों को कम ब्याज पर मिले लोन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- देश की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन डॉलर बनाने के लिए फुटकर व्यापारियों को मजबूत करना जरूरी

**अमृत विचारः** आगामी एक फरवरी को केंद्रीय बजट 2024 पेश होगा। इस बजट से व्यापारियों को खासी आस है। लखनऊ के व्यापारिक संगठनों ने केंद्रीय वित्तमंत्री से इस बार के बजट में व्यापारी वर्ग का विशेष ध्यान रखने की मांग की है। व्यापारियों के अनुसार अभी भी जीएसटी प्रणाली में कई परेशानियां हैं। इन्हे सरल किया जाना चाहिए। जीएसटी कानून की एक बार नए सिरे से समीक्षा बेहद जरूरी है। कानून ऐसा बनाया जाए, जिसे आम व्यापारी भी आसानी से समझ सकें। साथ ही व्यापारियों को बैंकों से कम ब्याज दरों पर लोन मिलना चाहिए।



प्री बजट पर चर्चा करते व्यापार मंडल के पदाधिकारी। अमृत विचार

उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय गुप्ता के अनुसार देश की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए घरेलू व्यापारियों के व्यापार को बढ़ाने की योजना तैयार की जानी चाहिए। इसके लिए व्यापारियों को अधिक मजबूत किए जाने की जरूरत है। तभी इस लक्ष्य तक आसानी से पहुंचा जा सकता है।

लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा के अनुसार केंद्र सरकार ने एमएसएमई सेक्टर में ट्रेडर्स को भी जोड़ा गया है। लेकिन ऑनलाइन कारोबार का प्रभाव व्यापार जगत पर दिख रहा है। उन्होंने ऑनलाइन ट्रेडिंग पर 20 प्रतिशत की दर से अतिरिक्त शुल्क लगाए जाने की सिफारिश की जिससे फुटकर कारोबारियों का व्यापार बचाया जा सके। जीएसटी अधिकारी मनमानी कर रहे हैं। विभिन्न तरह के कानूनों का हवाला देकर कई तरीके की पेनाल्टी व्यापारी पर थोप रहे हैं। इसके लिए जीएसटी कानून में बदलाव की जरूरत है। इससे ईमानदार व्यापारी का उत्पीड़न रोका जा सकेगा। व्यापारी समाज के लिए 'स्मार्ट हेल्थ कार्ड' और पेंशन की व्यवस्था की मांग वर्षों से हो रही, इस पर भी विचार किया जाना चाहिए।

# महादेवा कॉरिडोर बनाने का रास्ता साफ, शारदा पुरी ने भी दी सहमति

## आसपास के 165 घरों के मालिकों को मिलेगा आवास खाली करने का मुआवजा

सतीश श्रीवास्तव, बाराबंकी

**04** एकड़ भूमि पर्यटन विभाग को अब तक सौंपी जा चुकी है

**10** एकड़ भूमि और जुटाने का चल रहा है प्रयास

**तैयारी**

- महादेवा कॉरिडोर पर लगभग 40 करोड़ रुपये खर्च होंगे
- मुआवजे के लिए रखा गया है तीन करोड़ रुपये का प्रावधान



**अमृत विचार :** महादेवा कॉरिडोर बनाने का रास्ता साफ हो गया है। प्रस्ताव के विरोध में कोर्ट गए महंत शारदा पुरी ने भी कॉरिडोर बनाने के लिए सहमति पत्र जिला अधिकारी को सौंप दिया है। सोमवार को महंत बीपी दास ने भी मंदिर परिसर स्थित अपने आवास को निःशुल्क कॉरिडोर के निर्माण के लिए देने का सहमति पत्र जिलाधिकारी को सौंप दिया है।

महादेवा कॉरिडोर निर्माण के लिए अब तक चार एकड़ भूमि पर्यटन विभाग को सौंपी जा चुकी है। 10 एकड़ भूमि और जुटाने का प्रयास चल रहा है। इसमें 165 आवास मुआवजा देकर खाली कराए जाएंगे। इन्हें अन्यत्र आवास देने पर भी विचार चल रहा है। कॉरिडोर के निर्माण पर लगभग 40 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। 3 करोड़ रुपए मुआवजे के लिए भी प्रावधान किया गया है। खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कॉरिडोर के निर्माण में रुचि ले रहे हैं। समझा जाता है कि लोकसभा चुनाव के पूर्व ही मुख्यमंत्री इसकी आधारशिला रखने के लिए यहां आ सकते हैं। इस दौरान वे कई अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसके लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। कार्यदायी संस्थाओं को समय से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। महादेवा मंदिर रामनगर विधानसभा क्षेत्र में स्थित है। इस क्षेत्र में विकास की जिन योजनाओं की घोषणा पिछले विधानसभा चुनाव में की गई थी, उस पर अमल न होने के कारण नाराज जनता ने भाजपा का सफाया कर दिया था। इसमें महादेवा का सौंदर्यीकरण और बुढ़वल चीनी मिल का पुनर्निर्माण भी शामिल था। अब जबकि लोकसभा चुनाव निकट हैं तो सरकार जनता को लुभाने के लिए कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखना चाहती है। घोषणा से अधिक देने के लिए ही महादेवा कॉरिडोर निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया गया है। हालांकि चीनी मिल के संदर्भ में अब भी प्रशासन मौन है।

अयोध्या में राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भाजपा लोकसभा चुनाव को अपने पक्ष में देख रही है। ऐसे में वह धर्मस्थलों के विकास में कोई कोर कसर नहीं रखना चाहती है। महादेवा कॉरिडोर भी इसी रणनीति का हिस्सा है। महादेव कॉरिडोर के साथ-साथ अन्य धर्मस्थलों के विकास की भी कार्ययोजना जिला प्रशासन ने तैयार कर रखी है।

जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में कॉरिडोर की बाधाएं दूर करने में लगे अतिरिक्त मजिस्ट्रेट चंद्रकांत त्रिपाठी ने बताया कि ज्यादातर लोगों ने सहमति पत्र दे दिए हैं। इनमें महंत शारदा पुरी का सहमति पत्र भी शामिल है।

# डीएम-एसपी ने किया कारागार का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



जेल का निरीक्षण कर बाहर निकलते डीएम व एसपी।

**अमृत विचार :** डीएम व एसपी ने पुलिस बल के साथ सोमवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। यहां पहुंचे अधिकारियों ने बैरक, मेस, जेल परिसर व अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद डीएम सत्येंद्र कुमार और एसपी दिनेश कुमार ने कैदियों से समस्याओं और सुविधाओं की जानकारी ली। डीएम ने कारागार में साफ-सफाई आदि को लेकर कारागार कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। वहीं जेल अस्पताल में निरीक्षण के दौरान बन्दियों को स्वास्थ्य सम्बन्धी सभी सुविधाएं समय से दिए जाने के निर्देश दिये। डीएम ने निर्देश दिया कि अस्पताल में साफ-सफाई, बंदियों के उपचार में लापरवाही न की जाए।

## घर में सो रही महिला से दुष्कर्म का प्रयास

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में घर में सो रही महिला से एक युवक ने दुष्कर्म का प्रयास किया। शोर सुनकर लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी भाग निकला। शिकायत करने आरोपी के घर पीड़िता का पति पहुंचा तो युवक व उसके परिजनों ने उसकी पिटाई कर दी। मामला दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

## कार्यालय जिला खाद्य विपणन अधिकारी,सुलतानपुर

पत्रांकः 943/बोरा नीलामी/2023-24 दिनांकः 29 जनवरी,2024

**नीलामी सूचना**

जनपद सुलतानपुर में खाद्य विभाग के ब्लाक गोदामों में संग्रहीत अनुपयोगी खाली असेवायोग्य/निष्प्रोज्य जूट बोरो की नीलामी की जानी है, जिसका विवरण निम्नवत है।

| क्र.सं. | ब्लॉक का नाम | अनुपयोगी बोरो की संख्या |
|---|---|---|
| 01 | दूबेपुर | 8343 |
| 02 | कुड़वार | 13000 |
| 03 | बल्दीराय | 29566 |
| 04 | कादीपुर | 16569 |
| 05 | दोस्तपुर | 11507 |
| 06 | प्रतापपुर कमैचा | 3927 |
| 07 | लम्भुआ | 17077 |

उक्त बोरो की नीलामी दिनांक 05.02.2024 को अपरान्ह 02 बजे की जानी है। इच्छुक व्यक्ति नीलामी सम्बन्धी समस्त सूचनाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में ज्ञात कर सकते है।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी
सुलतानपुर

# बोलेरो पलटी, दो घंटे तक ठप रहा छह जिलों का मार्ग

**हादसा**

- अनियंत्रित होकर संजय सेतु की रेलिंग से टकरायी

बाराबंकी/बहराइच

**अमृत विचार :** बहराइच से बाराबंकी की ओर जा रही बोलेरो सोमवार सुबह घाघरा घाट (संजय सेतु) पर पुल की रेलिंग से टकराकर पलट गई। वाहन सवार छह लोग मामूली रूप से घायल हुए। हादसे के कारण जाम लग गया। जरवलरोड व बाराबंकी पुलिस ने जाम खुलवाया। करीब दो घंटे तक छह जनपदों की ओर जाने वाला मार्ग ब्लॉक रहा। बता दें कि इस मार्ग से गोंडा, लखनऊ, बलरामपुर, बाराबंकी, श्रावस्ती और सीतापुर के लिए आवागमन होता है। जरवलरोड क्षेत्र के लखनऊ-बहराइच मार्ग पर सोमवार सुबह करीब 10 बजे बहराइच से बाराबंकी की ओर आ रही बोलेरो पुल की रेलिंग से टकराते हुए पलट गई। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जेसीबी मंगवाकर वाहन को हटवाया। हादसे के चलते लखनऊ-बहराइच-गोंडा मार्ग पर भीषण जाम लग गया। गाड़ी में करीब आधा दर्जन लोग सवार थे जो मामूली रूप से घायल हुए। सभी को बाराबंकी जिला अस्पताल भेजा गया।

## कार्यालय ग्राम पंचायत मलिकपुर बखरा, वि०ख० मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर

पत्रांक–मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023–24 दिनांक– 29.01.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना/कोटेशन**

सर्वसाधाण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मलिकपुर बखरा, विकासखंड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर मे राज्यवित्त/पंद्रहवाँ वित्त योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक– 30.01.2024 से 05.02.2024 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय ग्राम पंचायत मलिकपुर बखरा, विकास खण्ड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक–05.02.2024 को सायं 04:00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी। समिति द्वारा दिया गया निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण | शपथ पत्र हेतु स्टाम्प का मूल्य (रुपय में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | महेंद्र हरिजन के घर से राज बहादुर के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 3,23,800 रुपये | इंटरलॉकिंग ईट, बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, ईट आदि सामग्री | 100 |
| 2 | पक्की सड़क से डब्लू के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 4,99,800 रुपये | इंटरलॉकिंग ईट, बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, ईट आदि सामग्री | 100 |
| 3 | पक्की सड़क से बाबूराम केवट के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 3,05,653.24 रुपये | इंटरलॉकिंग ईट, बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, ईट आदि सामग्री | 100 |

नोट– निविदा से सम्बंधित नियम व शर्ते कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस के निर्धारित समय में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान
ग्रा0पं0– मलिकपुर बखरा
वि0खं0–मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर

सचिव
ग्रा0पं0– मलिकपुर बखरा
वि0खं0–मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर

## कार्यालय ग्राम पंचायत मुड़हा, वि०ख० मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर

पत्रांक–मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023–24 दिनांक– 29.01.2024

**अतिअल्पकालीन निविदा सूचना/कोटेशन**

सर्वसाधाण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मुड़हा, विकासखंड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर मे राज्यवित्त/पंद्रहवाँ वित्त योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक–30.01.2024 से 01.02.2024 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय ग्राम पंचायत मुड़हा, विकास खण्ड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक–01.02.2024 को सायं 04:00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी। समिति द्वारा दिया गया निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण | शपथ पत्र हेतु स्टाम्प का मूल्य (रुपय में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ढेमा बार्डर से शंकर के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 2,15,700 रुपये | इंटरलॉकिंग ईट, बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, ईट आदि सामग्री | 100 |
| 2 | राम दुलार के घर से राम सागर के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 2,61,800 रुपये | इंटरलॉकिंग ईट, बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, ईट आदि सामग्री | 100 |

नोट– निविदा से सम्बंधित नियम व शर्ते कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस के निर्धारित समय में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान
ग्रा0पं0– मुड़हा
वि0खं0–मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर

सचिव
ग्रा0पं0– मुड़हा
वि0खं0–मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर

# गांधीजी को आज दी जाएगी श्रद्धांजलि

**बाराबंकी, अमृत विचार:** मंगलवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी। सभी सरकारी और सरकारी कार्यालय व शिक्षा संस्थानों में उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए जाएंगे। मुख्य कार्यक्रम गांधी भवन पर आयोजित किया गया है। गांधी भवन पर आयोजित कार्यक्रम में हिन्दीसेवी एवं गांधीवादी अध्येता राहुलदेव, शीतल पी. सिंह, गोरखपुर से एमएलसी सीपी चंद, पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप, कानपुर के पूर्व विधायक एवं कांग्रेस नेता गणेश दीक्षित एवं पूर्व विधायक सरवर अली विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता गांधीवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा करेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह करीब 10 बजे होगी।

# ऑपरेशन शिविर देख जॉन ब्रोक्शा बोले-वंडरफुल!

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



श्रीराम वन कुटीर पहुंचे अमेरिका और न्यूजीलैण्ड के नागरिक।

**अमृत विचार :** श्रीराम वन कुटीर आश्रम हड़ियाकोल का नेत्र ऑपरेशन शिविर देश-विदेश के लोगों के आश्चर्य का केंद्र बन गया है। सोमवार को अमेरिका व न्यूजीलैण्ड से जॉनब्रोक्शा की चार सदस्यीय टीम आश्रम पर पहुंची। जॉनब्रोक्शा ऑपरेशन शिविर देखकर बोल पड़े- वंडरफुल, ग्रेट वर्क। उन्होंने हनुमान मन्दिर में दर्शन किये। आश्रम के सेवादार मनीष मेहरोत्रा ने बताया कि सोमवार को रोहतक पीजीआई से आये डॉ. रमेश हुड्डा की टीम मरीजों की जांच की। शिविर में 4000 से अधिक ऑपरेशन किए जाने हैं।

## कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, सुलतानपुर

पत्रांक: 1946 / जि0आ0अधि0/सुलतानपुर/व्यवस्थापन/2024–25 दिनांक– 29.01.2024

**संशोधन विज्ञप्ति**

कार्यालय जिलाधिकारी/ लाइसेंस प्राधिकारी, सुलतानपुर के पत्र संख्या: 1893/ जि0आ0 अधि0 / सुलतानपुर/ व्यवस्थापन 2024–25/दिनांक 19.01.2024 द्वारा आबकारी दुकानो की प्रथम चरण की ई–लाटरी की तिथि/समय एवं स्थल दिनांक 30.01.2024 को प्रात: 11.00 बजे से समाप्ति तक कलेक्ट्रेट सभागार सुलतानपुर में नियत था जिसे संशोधन करके प्रेरणा सभागार (विकास भवन), सुलतानपुर में आयोजित किया गया है।

जिला आबकारी अधिकारी
सुलतानपुर

# कार्यालय नगर पंचायत मान्धाता बाजार, प्रतापगढ

पत्रांक: 148/न0पं0मा0बा0/2023–24 दिनांक: 29.01.2024

## अल्पकालिक ई–निविदा/सामान्य निविदा सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि नगर पंचायत मान्धाता बाजार, प्रतापगढ़ में पत्र सं0–39/2023/386मु0 मं0न0 सृ0यो0/नौ–2–2023/1775683 दिनांक–30 दिसम्बर, 2023 द्वारा मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना मद के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में प्राप्त धनराशि के सापेक्ष स्वीकृत कार्यो को सक्षम स्तर से स्वीकृतोपरान्त नीचे लिखे विवरण के अनुसार निर्माण कार्य कराया जाना है। इस कार्य हेतु किसी भी सरकारी संस्थान में पंजिकृत ठेकेदारो से दिनांक 31.01.2024 को समय 10:00 बजे पूर्वाह्न से ई– निविदाए https://etender.up.nic.in/ बेवसाइट पर आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा के समस्त अभिलेख एवं शर्ते उक्त बेवसाइट पर दिनांक 31.01.2024 समय 10:00 बजे पूर्वान्हे से दिनांक 13.02.2024 समय 12:00 बजे पूर्वाह्न तक उपलब्ध रहेगीं, जहाँ से इसे डाउनलोड किया जा सकता है। निविदादाता दिनांक 13.02.2024 को समय 12:00 पूर्वाह्न तक आनलाइन अपनी निविदा डाल सकते है। बेवसाइट पर अपलोड किये गये अभिलेखो की मूल प्रति एक बन्द लिफाफे जिस पर पत्राचार हेतु पता व मोबाईल नम्बर अकित हो दिनांक 13.02.2024 को समय 02:00 बजे अपराह्न तक नगर पंचायत कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। प्राप्त निविदाए दिनांक 13.02.2024 को समय 3:00 बजे अपराह्न निविदादाताओं की उपस्थिति / अनुपस्थिति जैसी भी स्थिति हो में निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी।

2– इसी प्रकार सामान्य निविदा निम्नवत कार्यो हेतु दिनांक 13.02.2024 को समय 02 बजे अपराह्न तक आमंत्रित की जाती है। निविदि प्रपत्र दिनांक 12.02.2024 को समय 05:00 बजे अपराह्न तक नगर पंचायत कार्यालय में पटल सहायक से निर्धारित शुल्क जमा करके प्राप्त किये जा सकते है। सामान्य निविदाए दिनांक 13.02.2024 को समय 02:00 बजे अपराह्न तक सील बन्द लिफाफे में नगर पंचायत कार्यालय पर रखे निविदा बाक्स में डाली जायेगीं, जो उसी दिन समय 03:00 बजे अपराह्न निविदादाताओं की उपस्थिति / अनुपस्थिति जैसी भी स्थिति होगी में निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगीं।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आगणित धनराशि जी0एसटी0 सहित | आगणित धनराशि जी0एसटी0 सहित | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य जी0एस0टी0 सहित (रू में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड नं0–13 में मुन्ना चौरसिया के घर से ननकु सरोज के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य । | 1275800.00 | 1081186.00 | 108000.00 | 1298.00 | दो माह |
| 2 | वार्ड नं0–13 मान्धाता पूर्वी कोतवाली से उत्तर पुलिया तक आरसीसी नाला निर्माण कार्य। | 1366600.00 | 1158136.00 | 116000.00 | 1416.00 | दो माह |
| 3 | वार्ड नं0–13 में मान्धाता पूर्वी में कोतवाली से पश्चिमी तालाब तक आरसीसी नाला निर्माण कार्य। | 2385300.00 | 2021441.00 | 202000.00 | 2360.00 | दो माह |
| 4 | वार्ड नं0–14 में मान्धाता पश्चिम में मुख्य व्यापार क्षेत्र सब्जी मंडी बाजार इन्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 1632000.00 | 1383051.00 | 138500.00 | 1652.00 | दो माह |
| 5 | वार्ड नं0–14 में संजय तिराहा से प्रतापगढ़ सड़क तक इन्टरलाकिंग व नाली निर्माण का कार्य । | 3005400.00 | 2546949.00 | 255000.00 | 3068.00 | दो माह |
| 6 | वार्ड नं0–14 में संजय तिराहा से कटरा गुलाब सिंह सड़क तक इन्टरलाकिंग व नाली निर्माण का कार्य । | 1803200.00 | 1528136.00 | 153000.00 | 1770.00 | दो माह |
| 7 | कौली के पुरवा से विश्वनाथगंज वाली सड़क पर पटरी द्वारा चौराहे का विकास निर्माण का कार्य। | 3756700.00 | 3183644.00 | 318500.00 | 3776.00 | दो माह |
| 8 | वार्ड नं0–09 हरखपुर पंचायत भवन के बगल पार्क निर्माण और सौन्दर्गीकरण का कार्य। | 3301300.00 | 2797712.00 | 280000.00 | 3304.00 | दो माह |
| 9 | कोतवाली मान्धाता की चोकी के सामने खुला जिम विकास कार्य। | 1515300.00 | 1284153.00 | 128500.00 | 1534.00 | दो माह |
| 10 | वार्ड नं0–01 अमैयामऊ जेठवारा पुलिया से बचई खा के खेत आरसीसी नाला निर्माण का कार्य। | 2272100.00 | 1925508.00 | 192600.00 | 2242.00 | दो माह |
| 11 | वार्ड नं0–13 मान्धाता पूर्वी पक्की सड़क सूर्या हाउस से सूरेश सरोज के घर तक आरसीसी नाला निर्माण का कार्य । | 2272100.00 | 1925508.00 | 192600.00 | 2242.00 | दो माह |
| | **सामान्य निविदा का विवरण :–** | | | | | |
| 12 | वार्ड नं0– 15 अहिना छोटे लाल चौरसिया के घर के पास से नाला तक पक्की नाली निर्माण का कार्य। | 761500.00 | 645339.00 | 64500.00 | 708.00 | दो माह |
| 13 | वार्ड नं0–09 हरखपुर हिमांचल के घर के पास नाली तक नाली निर्माण का कार्य। | 761500.00 | 645339.00 | 64500.00 | 708.00 | दो माह |
| 14 | वार्ड नं0–04 अहिना पंचायत भवन से सामने से छोटी नहर तक नाली निर्माण का कार्य। | 689900.00 | 584661.00 | 58500.00 | 708.00 | दो माह |
| 15 | वार्ड नं0–04 कुटुलिया मिन जागृति इंटर कॉलेज के पास से पंचायत भवन के पास तालाब तक नाली निर्माण का कार्य । | 926800.00 | 785424.00 | 78500.00 | 944.00 | दो माह |
| 16 | शिव शंकर सरोज के घर के पास इन्द्रपाल चौहान के घर तक नाली निर्माण का कार्य। | 715600.00 | 606441.00 | 60600.00 | 708.00 | दो माह |
| 17 | पंचायत भवन लिलौली में खुला जिम का कार्य। | 659400.00 | 558814.00 | 55900.00 | 708.00 | दो माह |
| 18 | कोतवाली के सामने इंटरलाकिंग द्वारा खुली जगह का विकास कार्य। | 602100.00 | 510254.00 | 51000.00 | 590.00 | दो माह |
| 19 | वार्ड नं0–10 सराय मेदीराय अशर्फी के घर के पास राम प्यारे के घर होते हुये महाबली तालाब तक पक्की सड़क का निर्माण: कार्य । | 390300.00 | 330763.00 | 33000.00 | 354.00 | दो माह |

**नियम शर्ते :–**

1. सशर्त निविदायें स्वीकार नही की जायेगीं।
2. निविदा शुल्क व अग्रिम धरोहर धनराशि नगद / आर.टी.जी.एस. के माध्यम से खाता संख्या 57940100005087 IFSC Code BARB0BUPGBX बड़ौदा यू0पी0 बैंक शाखा मान्धाता बाजार, प्रतापगढ़ में जमा करना होगा ।
3. अग्रिम धरोहर धनराशि यदि एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में है, तो मूल प्रति जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मान्धाता बाजार, प्रतापगढ़ के पक्ष में बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4 . बिना निविदा शुल्क व धरोहर धनराशि के निविदा पर विचार नही किया जायेगा।
5. निविदादाताओं को अनिवार्य रूप से जिलाधिकारी महोदय द्वारा जारी अद्यतन हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र (T4, T5), जी0एस0टी0 पंजियन, आयकर में पंजीयन, विगत 03 वर्ष का आयकर रिटर्न का प्रमाण पत्र, श्रम विभाग में पंजियन, सरकारी विभाग में समान श्रेणी के कार्य हेतु ठेकेदार के रूप में पंजियन तथा समान श्रेणी के कार्य में विगत दो वर्षो का अनुभव प्रमाणपत्र एवं किसी भी सरकारी संस्था द्वारा काली सूची में न होने का शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा।
6. उक्त के अतिरिक्त रू–100 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी से प्रमाणित शपथ पत्र (T6) संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, श्रम विभाग में पंजियन के प्रमाणपत्र, सरकारी विभाग में समान श्रेणी के कार्य में पंजियन के प्रमाणपत्र की वैधता वांछित सीमा में ही मान्य होगी। अन्यथा निविदा न्यूनतम दरे प्राप्त होने पर भी निरस्त कर दी जायेगी।
8. ससमय: बिन्दु संख्या 02,03,05,06 में उल्लेखित प्रपत्रो की मूल प्रति उपलब्ध न कराने पर निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
9. अपठनीय / अस्पष्ट स्कैन कापी टेन्डर के साथ अपलोड होने पर निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
10. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त एक सप्ताह के अन्दर निविदादाता को नियमानुसार जनरल स्टाम्प पेपर पर अपने खर्चे से नगर पंचायत के साथ अनुबन्ध करना अनिवार्य होगा।
11. शासनादेश संख्या–3890 / नौ–5–19–149सा/2019 दिनांक 20 सितम्बर, 2019 के अनुपालन में निविदा स्वीकृति के उपरान्त ठेकेदार यदि नगर पंचायत में पंजिकृत नही है, तो नगर पंचायत मान्धाता बाजार, जनपद प्रतापगढ में पंजीकरण कराने के उपरान्त ही कार्यादेश निर्गत किया जायेगा।
12. निर्माण कार्यो में परफार्मेन्स सिक्योरिटी के संबंध में पत्र संख्या–11593/नौ–5–2021–142सा / 2021 नगर विकास अनुभाग–5 लखनऊ दिनांक 07 जनवरी, 2022 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार स्वीकृत लागत से निम्न दर की निविदा प्राप्त होने पर परफारमेन्स गॉरन्टी की धनराशि जमा करना आवश्यक होगा। अन्यथा के स्थिति में जमानत की धनराशि जब्त करते हुए निविदा निरस्त कर दी जायेगी तथा फर्म/ठेकेदार को काली सूची में डाल दिया जायेगा।
13. ठेकेदारों को कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व, कार्य के दौरान तथा कार्य समाप्ति के उपरान्त कार्य स्थल का फोटो ग्राफ कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
14. जिन ठेकेदारों/फर्मो द्वारा नगर पंचायत मान्धाता बाजार, प्रतापगढ़ में पूर्व में लिए गये कार्यो को समय से पूर्ण नहीं कराया गया है वे निविदा में भाग नहीं ले सकते हैं।
15. उक्त योजनान्तर्गत समय–समय पर जारी शासनादेशों का अनुपालन निविदादाता /ठेकेदार द्वारा किया जायेगा।
16. निविदादाला द्वारा उक्त योजनान्तर्गत जारी शासनादेश संख्या–1489/नो–9–2022–84ज/22 नगर विकास अनुभाग–9 दिनांक 08 अगस्त, 2022 एवं शासनादेश संख्या–125/2022/1954/नौ–9–2022/001–84जे–22 नगर विकास अनुभाग–9 दिनांक 14 नवम्बर, 2022 में इंगित नियम / शर्तो का अनुपालन किया जाना अनिवार्य होगा।
17. निविदादाता द्वारा किये गये निर्माण कार्य का अनुरक्षण एवं रख रखाव का कार्य 1 वर्ष तक की जिम्मेदारी कान्ट्रेक्टर/फर्म की होगी तथा 10 प्रतिशत धनराशि गारण्टी के रूप में 1 वर्ष तक रोंकने के उपरान्त कार्य सन्तोषजनक होने की स्थिति में भुगतान किया जायेगा। निर्माण के सम्बंध में शासन द्वारा समय–समय पर प्राप्त होने वाले अन्य आदेशों का पालन फर्म/कान्ट्रैक्टर को करना होगा।
18. कार्य का भुगतान लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित दर के अनुसार सक्षम स्तर से तकनीकि स्वीकृति उपरान्त संबंधित फर्म/ठेकेदार को किया जायेगा।
19. कार्यो की विस्तृत जानकारी व अन्य शर्ते किसी भी कार्य दिवस में नगर पंचायत मान्धाता बाजार, कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
20. किसी विवाद की स्थिति में न्यायालय क्षेत्र जनपद प्रतापगढ़ होगा।
21. निविदादाता को बिना कोई कारण बताये किसी भी निविदा/टेण्डर अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी में निहित होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत मान्धाता बाजार**
**प्रतापगढ़**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत मान्धाता बाजार**
**प्रतापगढ़**

क्षिप्रं विजानाति चिरं श्रृणोति विज्ञाय चार्थ भते न कामात्।
नासम्पृष्टो व्युपयुङ्क्ते परार्थे तत् प्रज्ञानं प्रथमं पण्डितस्य॥

ज्ञानी लोग किसी भी विषय को शीघ्र समझ लेते हैं,लेकिन उसे धैर्यपूर्वक देर तक सुनते रहते हैं।किसी भी कार्य को कर्तव्य समझकर करते है, कामना समझकर नहीं और व्यर्थ किसी के विषय में बात नहीं करते।

## संपादकीय

# बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर

बिगड़ती भू-राजनीतिक स्थिति के बावजूद, भारत 2024 में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। भारत को आगामी वित्तीय वर्ष में 7 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि की उम्मीद है। लाल सागर में हाल की घटनाओं ने वैश्विक सप्लाई चेन पर निर्भरता को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। वैश्विक व्यापार में पहले से ही धीमी वृद्धि है। यदि सप्लाई चेन में व्यवधान जारी रहा तो यह व्यापार, परिवहन लागत, आर्थिक उत्पादन और वैश्विक मुद्रास्फीति को प्रभावित कर सकता है। हालांकि भारत इन उभरती चुनौतियों के प्रबंधन को लेकर आश्वस्त है। अगले तीन वर्षों में भारत के पांच लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी)के साथ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद है। अगले वित्त वर्ष का केंद्रीय बजट प्रस्तुत किए जाने से पहले वित्त मंत्रालय की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को लोकसभा में अंतरिम बजट पेश करने वाली हैं। ध्यान रहे दस साल पहले भारत 1.9 लाख करोड़ डॉलर के जीडीपी के साथ दुनिया की 10वीं बड़ी अर्थव्यवस्था था। वित्त मंत्रालय ने अर्थव्यवस्था की जनवरी माह की समीक्षा रिपोर्ट में कहा है कि 10 साल की यह यात्रा ठोस एवं क्रमिक दोनों तरह के कई सुधारों से गुजरी है। इससे देश की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सरकार ने वर्ष 2047 तक भारत के विकसित देश बनने का एक बड़ा लक्ष्य रखा है। सुधारों की यात्रा जारी रहने के साथ, यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। साथ ही राज्य सरकारों की पूर्ण भागीदारी से चल रहे सुधार अधिक उद्देश्यपूर्ण और फलदायी होंगे।

वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भी आर्थिक मोर्चे पर भारत का प्रदर्शन और भी बेहतर दिखाई देता है। अमेरिका, ब्रिटेन और जापान सहित प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में आने वाले वर्ष में आर्थिक विकास दर में मंदी देखी जा सकती है। उधर भारत ग्लोबल अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ने के लिए तैयार है। यह रुझान भारत को 2030 तक जापान और जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर ले जाएगा। ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ), एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स जैसी तमाम एजेंसियां का अनुमान है कि भारत दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, सबसे बड़ी परीक्षा यह है कि क्या भारत अगला बड़ा वैश्विक विनिर्माण केंद्र बन सकता है, जो एक बहुत बड़ा अवसर है। साथ ही एक मजबूत लॉजिस्टिक्स ढांचा विकसित करना भारत को सेवा-प्रधान अर्थव्यवस्था से विनिर्माण-प्रमुख अर्थव्यवस्था में बदलने में महत्वपूर्ण होगा।

# महात्मा गांधी और भारत की लोकचेतना



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

गांधी लोक में रमे और ऐसे रमे कि भारत के लोकमन बन गए। लोक ने गांधी में अपना ही अधिष्ठान किया और इसी अधिष्ठान के सहारे भारतीय लोकतंत्र के सपने बुने थे। महात्मा गांधी भारत का मूर्तिमान लोकमन हैं। भारत की मूर्तिमान मेधा हैं।

यह ठीक है कि गांधी एक व्यक्ति थे,किंतु व्यक्ति का क्या? व्यक्ति तो करोड़ों और अरबों-खरबों ही हैं,पहले भी हुए हैं,फिर गांधी पर ही नजर क्यों टिकती है? अनुयायी हों या विरोधी सभी की चर्चा के केंद्र में गांधी क्यों रहते हैं? वास्तव में जब कोई व्यक्ति अपने को सर्वजन-चेतना से अभिभूत कर लेता है,जब व्यक्ति-चेतना अथवा अहंता-ममता की बर्फ पिघलकर जलधारा बन जाती है,तब व्यक्ति व्यक्ति नहीं रहता,वह कोटि-कोटि जन की अभिव्यक्ति बन जाता है।

वास्तव में गांधी व्यक्ति नहीं रह गए थे,वे समष्टिचेतना बन गए थे,भारत के लोकजीवन की मूल्य प्रणाली,विश्वास प्रणाली,विचार प्रणाली और अभिव्यक्ति प्रणाली का युगावतार। भारत की सामान्य जनता की निष्ठा के संबंध मे महात्मा गांधी ने एक बार यूरोप के एक पत्रकार से बात की। पत्रकार रेवरेंट माट् ने पूछा कि श्रीमान सार्वजनिक-जीवन में आपको आशा और निराशा दोनों ही होती होंगी। आपको किस बात से आश्वासन मिला और किस बात से निराशा हुई? महात्मा गांधी ने उत्तर दिया- भारत की सामान्य जनता बहुत कष्ट में जीवन व्यतीत कर लेती है,किंतु अहिंसा की वृत्ति को नहीं छोड़ती। इससे मुझे आश्वासन मिला है। महात्मा गांधी ने कहा कि निराशा की बात यह है कि शिक्षित लोगों के हृदय में दयाभाव का स्रोत सूखता जा रहा है,इससे मुझे चिंता होती है।

2 अप्रैल 1947 को दिल्ली मे एक इंटर एशियन रिलेशंस कान्फ्रेंस हुई थी जिसमें महात्मा गांधी ने जो भाषण दिया था,उसमें आपको उसी भारतीय लोकचेतना का स्वर सुनाई देगा। गांधीजी ने कहा कि आप सभी दोस्तों ने जो भारत है,उसे वाकई नहीं देखा है। यह कांफ्रेंस भी असल भारत में नहीं हो रही है। दिल्ली, बॉम्बे, मद्रास, कलकत्ता, लाहौर- बड़े शहर होने की वजह से ये सभी पश्चिम से प्रेरित हैं। उन्होंने एक कहानी सुनाई - "एक बार की बात है, फ्रांस के तीन वैज्ञानिक सत्य की खोज में निकले। तीनों एशिया के अलग-अलग हिस्सों में चले गए। इनमें से एक वैज्ञानिक ने भारत में अपनी खोज जारी रखी। वह उस वक्त के तथाकथित शहरों में गया। यह अंग्रेजों और



मुगलों के आधिपत्य से पहले की बात है। उसने यहां के कथित ऊंची जाति के लोगों, पुरुषों व महिलाओं को देखा,मगर उसे संतुष्टि नहीं मिली। अंत में थक-हार कर वह एक साधारण सी कुटिया में जा पहुंचा। वहां उसे उस सत्य के दर्शन हुए जिसकी उसे लंबे समय से तलाश थी।" गांधीजी ने कहा कि "अगर आप वाकई भारत को देखना चाहते हैं तो आपको यहां के गांवों में बसे दलितों के बेहद साधारण-से घरों में आना होगा। यहां ऐसे सात लाख गांव हैं जिनमें अड़तीस करोड़ लोग रहते हैं। इस भारत को मैंने खुद अपनी आंखों से देखा है। मैंने भारत की एक छोर से दूसरे छोर तक यात्रा की है। मुरझाई आंखों से मैंने यहां मनुष्यता की दयनीय तस्वीर देखी है। भारत यहीं बसता है। गोबर से सनी इन मामूली झोपड़ियों में मिलते हैं, वे दलित जिनमें मिलेगा आपको खाटी ज्ञान। लोकतंत्र और निर्धनतम लोगों के जागरण के इस दौर में आप पूरी ताकत से इस संदेश को फैला सकते हैं। गांधी लोक में रमे और ऐसे रमे कि भारत के लोकमन बन गए। लोक ने गांधी में अपना ही अधिष्ठान किया और इसी अधिष्ठान के सहारे भारतीय लोकतंत्र के सपने बुने थे।"

महात्मा गांधी भारत का मूर्तिमान लोकमन हैं। भारत की मूर्तिमान मेधा हैं। सच्चाई,ईमानदारी,सादगी, समानता,भाईचारा ,लोकमंगल,विश्वशांति आदि लोकजीवन के मूल्य जैसे महात्माजी के रूप में जीवंत हो गये थे। गांधी ने भारत के लोकजीवन का प्रत्यक्ष दर्शन और अनुभव किया था। गांधी ने भारत को जानने के लिए भारत को पाने के लिए भारत की पैदल-पैदल यात्रा करते हुए लोकमन से तादात्म्य की साधना की और और लोकमानस में जगह बनाई थी। लोक को जगाया था,लोक के विश्वास को जगाया था और लोक का विश्वास जीता था। लोक ने भी उनको विश्वास दिया था। 6 जुलाई 1944 को आजाद हिन्द फौज रेडियो से सुभाष चन्द्र बोस ने एक पत्र महात्माजी के नाम प्रसारित किया था, उसमें उन्होंने महात्माजी कहकर संबोधित किया और उन्हें लोकजागरण का प्रतीक बतलाया। कहा कि भारत और भारत के बाहर रहने वाले भारतीयों की दृष्टि में आप हमारे देश के वर्तमान जागृति के जनक हैं।

गांधी लोकजीवन को इतना उद्वेलित नहीं कर पाते यदि वे स्वयं ही सामान्यजन न बन गए होते। वे तो बैरिस्टर थे,लेकिन सामान्यजन के बीच घुलमिल जाने के लिए उन्होंने सिर के बाल हटा दिए,आधी धोती पहन ली और आधे से शरीर ढक लिया। पैरों में चप्पल डाल ली। सामान्यजन की वह असामान्यता कि गोलमेज-सम्मेलन असफल हो गया,होना ही था,किंतु उस दौरान सम्राट पंचम जार्ज ने बर्किंघम पैलेस में विशालभोज दिया। दो हजार मेहमान थे जिनमें राजनयिक थे,लार्ड थे तथा भारत के राजा,महाराजा और नवाब-लोग बड़े ठाठ-बाट से सजे सजाए खड़े हुए हीरे और जवाहरातों की नुमाइश कर रहे थे। उस वैभवशाली समारोह में उन सभी महिमाशाली लोगों ने देखा कि घुटनों तक धोती बांधे,सफेद दुपट्टा डाले बड़े गौरव के साथ एक सामान्य आदमी आ रहा है। सभी की नजर उस धोती-वाले पर ही जा टिकीं। थोड़ी देर में पंचम जार्ज आए,उन्होंने चारों ओर देखा और उस सामान्यजन के पास आकर खड़े हो गए। सम्राट कुछ देर तक तो उन्हें देखते रहे,फिर बोले कि आप अफ्रीका में तो हमारे मित्र थे, मैं नहीं समझ पाया कि अब आप हमारे विरुद्ध कैसे हो गए? बापू ने उन्हें देखा और मुसका दिए।

सम्राट फिर बोला मैं आपको चेतावनी देता हूं कि आपने भारत में गड़बड़ी की और मेरी सरकार के साथ सहयोग नहीं किया तो वहां मेरी सेना उपद्रवियों को उड़ा देगी। यह बात इतनी धीरे से कही गई थी कि वहां खड़ी हुई सरोजिनी नायडू ने ही सुनी। गांधी उस समय तो मुसका दिए,किंतु जब प्रतिनिधियों की सबसे बड़ी समिति की बैठक हुई तो वे बोले भारत में मेरे बच्चे ब्रिटिश बमों को केवल पटाखे समझते हैं। महात्मा गांधी के लिए लोकतंत्र का क्या अर्थ था, इस बात को हम उनके जीवन की एक घटना समझ सकते हैं।

महात्मा गांधी से (पहले से ही समय लेकर) गांव के दो किसान मिलने आए थे, महात्माजी उनको कुछ समझा रहे थे कि इसी बीच वायसराय के यहां से कोई अंग्रेज-अफसर गांधीजी से मिलने आ गया। थोड़ी देर तो उसने किसानों से महात्माजी की बातें सुनी फिर बोला मुझे आपसे बात करनी है। महात्मा गांधी ने कहा ठीक है,कहिए। वह अफसर उन किसानों को वक्र-दृष्टि से देखते हुए बोला मुझे राज्य के संबंध में गोपनीय बातें करनी है। महात्मा गांधी बोले ठीक है,करिए। उसने फिर से उन किसानों की ओर देखा। महात्मा गांधी बोले-हां, वे तो उस राज्य के मालिक हैं जिसके संबंध में आप गोपनीय बात करना चाहते हैं। राज्य के मालिक से छिपकर क्या बात करनी है? राज्य के मालिक से दुराव-छिपाव क्यों?

लोकचेतना की तरह ही महात्मा गांधी सामान्यजन के बीच खींची जाने वाली किसी भी रेखा या दायरे को अस्वीकार करते थे। जीवन भर वे दायरों को तोड़ते ही रहे। बापू की हत्या हुई तब कविवर बालकृष्ण शर्मा नवीन ने एक बड़ी कविता लिखी थी,उसका सार यह था - ऐसे संत-पुरुष के मरने का दुःख नहीं है,दुःख तो मनुष्य और मनुष्यता के मर जाने का है। ऐसे रामभरोसे रहने वाले आदमी पर जिन हाथों से गोली चली। क्या वह मनुष्य था? क्या उसकी मनुष्यता मर गई थी? लोक नायक पर प्रहार का स्वाभाविक परिणाम यह हुआ कि आजादी की लड़ाई के समय हुंकार भरने वाली लोकचेतना नींद में चली गई और बाजार के रूप में व्यष्टि चेतना समष्टि चेतना पर हावी हो गई।

## व्यंग्य

# मैं आई हूं यूपी बिहार लूटने

नट उठकर खड़ा होते हुए बोला- डायन कहीं कि तुझे बरसों पहले छुआ भर था और तूने ऐसे बदला लिया कि धक्का मारकर मुझे खंडित कर दिया। नटी- नासपीटे याद रखना मैं सेर को सवा सेर का जवाब देती हूं। महाराष्ट्र और फिर बिहार में मेरे साथ रंगरलियां करने वालों ने मुझे धोखा देकर निकाह दूसरों से कर लिया था।

एक कार्यक्रम में सौभाग्य भरे इत्तेफाक से लुप्त हो रही नौटंकी विधा का रसास्वादन हुआ। मजा आ गया। मैं आई हूं यूपी-बिहार लूटने... ये गीत गाकर नाच रही नटी से नट बोला-लग रहा है लोकसभा चुनाव 2024 के मंच पर भाजपा है तू। नटी बोली- तुझे जलन क्यों हो रही है। यूपी के अस्सी मेरे और अब तो बिहार के चालीस भी मेरे। मंडल भी मेरा कमंडल भी मेरा। श्रीराम भी मेरे, कर्पूरी ठाकुर भी मेरे। नीतीश भी मेरे। बिहार की नैया के मांझी भी मेरे,पासवान के चिराग भी मेरे। यूपी के पीले गमछे वाले राजभर भी मेरे, निषाद भी मेरे, पटेल भी... और अब देशभर के कुर्मी भी मेरे। ब्राह्मण,बनिया,ठाकुर तो पहले से ही मेरे हैं। यूपी भी मेरा,बिहार भी मेरा,राजस्थान,छत्तीसगढ़,मध्य प्रदेश...सब मेरा।

नट-तो फिर मेरा क्या है? नटी-जा दक्षिण में कहीं सिर छिपा ले। नट-दक्षिण भी कहां छोड़ रही है तू,वहां भी फन फैलाए बैठी हो,जहां तुम्हारा जलवा नहीं चलता वहां भी तो डोरे डाल रही हो।


नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

नटी-सब हमारे आंशिक हैं, पूरा देश हमारा है। तुम्हें क्यों जलन हो रही कलमुंहे? नटी ने ये कहते हुए नट के सीने पर हाथ मारा तो नट जमीन पर गिर गया। दर्शकों में किसी ने हूटिंग की- इंडी गठबंधन है क्या,जो धड़ाम से गिर गया? दूसरा दर्शक बोला- इसे पप्पू से मिलवा दो। वो न्याय बांटता घूम रहा है और इनके अपने गठबंधन के साथी न्याय न पाकर गश खाकर गिरे पड़ रहे हैं। तीसरा दर्शक बोला-भला हो मोटे भाई का,इससे पहले कि कोई गिरने वाला हो,वो इस्ट्रएचर लिए खड़े रहते हैं। ईडी,सीबीआई के पहिए वाला इस्ट्रएचर पहले कमलछाप साबुन से नहलाकर पवित्र करता है और ऑपरेशन लोटस की अपार सफलता का सिलसिला जारी रखता है। नटी- ठीक तो है,हमारी छोटी सी शर्त है। कुंवारे रहकर एकला चलो या हमारे साथ ब्याह करो।

दर्शक- जैसा कि दिल्ली में खांसी वाले और उनके पंजाब के साथी दारूवाला,यूपी के भइया और बंगाल की दीदी बहन जी की तरह एकला चलो की राह पर चल सकते हैं। नटी-समझदार हैं ये लोग,इस मुवे की तरह (जमीन पर पड़े नट की तरह इशारा करते हुए) खड़गे... ओह आज जबान बहुत फिसल रही है। गड्ढे में नहीं गिरना चाहते हैं ये लोग। नट उठकर खड़ा होते हुए बोला- डायन कहीं कि तुझे बरसों पहले छुआभर था और तूने ऐसे बदला लिया कि धक्का मारकर मुझे खंडित कर दिया। नटी- नासपीटे याद रखना मैं सेर को सवा सेर का जवाब देती हूं। महाराष्ट्र और फिर बिहार में मेरे साथ रंगरलियां करने वालों ने मुझे धोखा देकर निकाह दूसरों से कर लिया था। हलाला करवाकर दोनों को फिर अपना बना लिया। अब इन्हें जोरू का (अपना) गुलाम बनाऊंगी। नट-शर्म करो नास पीटी,लज्जा नहीं आती। डायन भी सात घर छोड़कर डसती है,तू तो ऐसी डायन है कि अपनो को भी नहीं छोड़ती,तूने तो एमपी वाले अपनी मामा और राजस्थान वाली अपनी मामी को भी डसने में कसर नहीं छोड़ी।

नटी-जा-जा मेरा पीछा छोड़, पप्पू की न्याय यात्रा में जाकर मेरे अन्याय को उजागर कर दे। मुझे कोई चिंता नहीं। राम कसम जनता हम पर भरोसा करती है, मेरी गारंटी पर भरोसे का दौर चल रहा है। कुछ तो है न मुझमें जो तुझमें नहीं है। मेरी काबिलियत की गर्मी देखकर अब वो ठिठुर रहा है। पिछली बार जीरो डिग्री में हाफ टी-शर्ट में घूम रहा था। अब इलेक्ट्रिक हीटर में कोयले जला रहा है मूर्ख...

आडियंस हंसने लगी और पर्दा गिर गया।

# अस्वाभाविकताओं का दौर


डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

फिर वे कौन हैं जिन्होंने नीतीश कुमार को विवश किया? तरह-तरह की व्याख्याएं हैं,जो लोग कर रहे हैं और अगले कुछ दिनों तक करते रहेंगे। शायद ही कभी पूरा सच सामने आ पाए।

हम अस्वाभाविकताओं के दौर में जी रहे हैं। दलित चेतना की आभा की प्रतीक रहीं मायावती किन्हीं अज्ञात कारणों से प्रतिरोध की मुख्यधारा से बाहर हैं। समर्थक हों या विरोधी,सब लगभग एक स्वर में कहते थे कि नीतीश कुमार विपक्ष के एकमात्र ऐसे बड़े चेहरे हैं जिन्हें केंद्रीय जांच एजेंसियों के दायरे में लाना आसान नहीं है। विश्लेषकों का एक वर्ग नीतीश को नरेंद्र मोदी के बरक्स खड़ा करने का मजबूत तर्क देता था। सपाट तरीके से सोचें तो यह तर्क प्रभावित भी करता था,क्योंकि नीतीश का ओबीसी होना,हिंदी पट्टी का प्रभावशाली नेता होना आदि भी महत्वपूर्ण कारक के रूप में गिनाए जाते थे।

बहुत सारे विश्लेषक तो ऐसी रणनीतियों पर लंबी-लंबी परिचर्चाएं करते थे कि नीतीश उत्तर प्रदेश की किसी अनुकूल लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेंगे और इंडिया गठबंधन के वोट बैंक को यूपी में ही नहीं,मध्य प्रदेश और झारखंड के भी कई इलाकों में एक नया विस्तार देंगे,लेकिन दौर चूंकि अस्वाभाविकताओं का है। हमने टीवी स्क्रीन पर देखा कि बुझे और थके चेहरे के साथ नीतीश कुमार राज्यपाल के समक्ष रिकार्ड नवीं बार नई सरकार चलाने की शपथ ले रहे थे और उनकी बगल में भाजपा के उनके नए सहयोगियों की कतार थी। लोगों ने ऐसे मंजर कम ही देखे होंगे कि नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह हो रहा हो और शपथ लेने वालों में एकाध को छोड़ किसी का चेहरा उल्लास से दमक न रहा हो। जीतनराम मांझी के सुपुत्र जी और एक निर्दलीय जी को छोड़ किस शपथ लेने वाले के चेहरे पर आंतरिक खुशी नजर आ रही थी। चाहे जातीय गणना का मुद्दा हो,आरक्षण के दायरे को बढ़ाने का मामला हो या कम समय में रिकार्ड तोड़ संख्या में सरकारी नौकरियां देने का क्रेडिट हो, अब अतीत बन चुकी महागठबंधन की सरकार अच्छी खासी चल रही थी,लेकिन सवाल उठता है कि नीतीश कुमार के ऐसे कौन से निकट सहयोगी-सलाहकार थे जिन्हें इस सरकार को गिराने और भाजपा के साथ नई सरकार बनाने की बेताबी थी। निश्चय ही कुछ सांसद होंगे जिन्हें डर होगा कि वे पिछला चुनाव लालू विरोधी मतों को पाकर जीते हैं और अगला चुनाव महागठबंधन की ओर से लड़ने में उन्हें दिक्कतें पेश आ सकती हैं। यह कोई इतनी बड़ी बात नहीं है कि इस आधार पर वे नीतीश कुमार को विवश कर दें और भाजपा के पाले में फिर से ले आएं।

फिर वे कौन हैं जिन्होंने नीतीश कुमार को विवश किया? तरह-तरह की व्याख्याएं हैं,जो लोग कर रहे हैं और अगले कुछ दिनों तक करते रहेंगे। शायद ही कभी पूरा सच सामने आ पाए,लेकिन नीतीश कुमार उदाहरण हैं कि कोई नेता अगर राजनीतिक-प्रशासनिक रूप से नौकरशाहों की खास मंडली पर जरूरत से ज्यादा निर्भर करने लगे,अगर उसके अगल-बगल जनाधार विहीन राजनेताओं की मंडली जमा हो जाए और समय एवं परिस्थितियों के अनुसार खासी प्रभावशाली भी हो जाए तो एक दिन बड़े से बड़े आभामंडल वाले नेता की भी मिट्टी पलीद होना तय है। सभी के लिए उम्र महज एक संख्या नहीं होती। सबके अपने पारिवारिक-सामाजिक आधार होते हैं, उस आधार पर बनता-बिगड़ता अपना मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य होता है। आडवाणी हों, मनमोहन हों या स्वर्गीय मोरारजी,कई उदाहरण हैं। उन्हें लेकर कभी अफवाहें नहीं उड़ी कि कोई चौकड़ी उनकी उम्र जनित समस्याओं का लाभ उठा कर उनके राजनीतिक फैसलों पर हावी हो रही है,लेकिन नीतीश कुमार को लेकर ऐसी अफवाहें चल रही हैं। नीतीश बेदाग होंगे ऐसा संभव है, लेकिन वर्षों से उन्हें घेरे,अपने घटिया स्वार्थों में लिप्त नौकरशाहों और राजनीतिज्ञों की मंडली में कौन कितना बेदाग है यह कौन बता सकता है? केंद्रीय एजेंसियों की आंच अगर उनमें से कुछ तक पहुंच रही हो और उसका असर राजनीतिक ब्लैकमेलिंग के रूप में सामने आ रहा हो तो इसमें क्या आश्चर्य?

एक बात के लिए तेजस्वी यादव को नीतीश का,उनके निर्णयों पर कथित रूप से प्रभाव डालने वाले सलाहकारों का और इन तमाम घटना क्रमों का आभार मानना चाहिए कि उनके राजनीतिक व्यक्तित्व को इन सबने एक नई चमक दी है। उन्होंने छला नहीं है,बल्कि वे छले गए के रूप में जनता के सामने जा सकते हैं। भले ही नीतीश रिकार्ड समय में लाखों नौकरियों का क्रेडिट लें, लेकिन बिहार के बेरोजगार नौजवानों के बीच तेजस्वी की ही चर्चा है और यह जाति धर्म से ऊपर उठकर उनके प्रति युवाओं के अनुराग का एक अध्याय है। आगे वे क्या करते हैं, कैसे बिहार की राजनीति को संभालते हैं,यह उन पर निर्भर करता है।

## सोशल फोरम

# अमीर खुसरो और निजामी

अमीर खुसरो की इच्छा थी कि साहित्य के क्षेत्र में उनके योगदान का प्रभाव ईरान-तूरान से आगे तक महसूस किया जाए। इसके लिए उन्होंने एक ऐसी साहित्यिक परियोजना पर काम शुरू करने का इरादा किया जो सार्वभौमिकता के तकाजों को पूरा करती हो।


असग़र मेहदी
लखनऊ

फिरदौसी के शाहनामा के बाद गंजवी के निजामी के नाम से प्रसिद्ध जमाल उद्दीन अबु मुहम्मद इलयास इब्ने यूसुफ़ इब्ने ज़की (1141-1209) ही मसनवी के क्षेत्र में कमाल दिखा सका था। उसके द्वारा पांच साल में पांच मसनवियों के पंज-गंज या खमसे की रचना उसे फारसी साहित्य में रूमानी परंपरा का महत्वपूर्ण शायर स्थापित करने के लिए पर्याप्त है।

निजामी को फारसी महाकाव्य में बोलचाल और यथार्थवादी शैली के प्रवेश कराने में सहायक माना जाता है। उसका पंज-गंज बाद की शताब्दियों में ईरानी और मुगल दरबारों में पेंटिंग के हवाले से एक लोकप्रिय विषय रहा है। अमीर खुसरो ने निजामी से प्रेरणा लेकर अपनी परियोजना पर काम शुरू कर दिया और केवल तीन वर्षों (1298-1301) में तमाम व्यस्तताओं के बावजूद पांच मसनवियों पर आधारित अपना खमसा दुनिया के सामने पेश कर दिया।

पहली मसनवी,'मतला उल अनवार' सूफीवाद और नैतिकता से संबंधित विषयों को समेटती है। दूसरी मसनवी "शिरीं व खुसरो", आर्मीनियाई राजकुमारी, ईरानी राजकुमार और एक संगतराश के नाकाम प्रेम के विषय का करुणाजनक बयान है। तीसरी मसनवी "लैला व मजनू" में अरबी मूल कथा का ईरानीकरण है। चौथी मसनवी "आयीना ए सिकंदरी", निजामी की दो मसनवियों "सिकंदर नामा (बर्री और बहरी)" से छोटी होने के बावजूद,उनसे मुकाबला करती नजर आती है।

अमीर खुसरो की पांचवीं मसनवी "हश्त बिहिश्त" अर्थात आठ स्वर्ग,जो इतिहास और किंवदंतियों का बेहतरीन संगम है। यह भी अजब है कि हिंदुस्तान से बाहर ख़ुसरो की ख्याति की वजह मसनवियों का यह संकलन करार पाया। जबकि हिंदुस्तान में वह गीतों, दोहों, गजलों, पहेलियों की वजह से जाने और पहचाने जाते हैं।

-फेसबुक वॉल से

# गांधी का चतुर्मुखी दर्शन

महात्मा गांधी भारत भूमि पर जन्मे ऐसे युग पुरुष हैं,जिन्होंने अपने सत्कर्मों से भारत को ही नहीं अपितु समस्त मानवजाति को धन्य किया। मानव-सेवा, शोषितों और पीड़ितों की सेवा-सुश्रुषा के लिए गांधी जी ने जो कार्य किए वे कालजयी बन गए। उनके यही कार्य उनके दर्शन का रूप धारण कर 'गांधीदर्शन' में परिणत हो गए। कोई भी विचार या दर्शन कालजयी तब बनता है जब हर युग में उसकी प्रासंगिकता हो। महात्मा गांधी का दर्शन पूर्णतः व्यावहारिक दर्शन है। इसमें जहां एक ओर अध्यात्म और नैतिकता का सुख है वहीं राजनीति और रचनात्मकता का आनंद भी है। गांधी दर्शन चार प्रमुख रूपों में हमारे सम्मुख आता हैं-आध्यात्मिक, नैतिक, राजनीतिक और रचनात्मक।


डॉ. लवलेश दत्त
बरेली

महात्मा गांधी पूर्णतः आध्यात्मिक व्यक्ति थे। उनका मानना था कि ईश्वर एक है और वही सत्य है। अतः उन्होंने 'ईश्वर सत्य है' को 'सत्य ही ईश्वर है' माना और जीवनभर सत्य के माध्यम से ईश्वर की आराधना करते रहे। उनका मानना था कि दरिद्रनारायण की सेवा ही ईश्वर की सच्ची आराधना है। गांधीजी पुनर्जन्म में आस्थाशील थे। महात्मा गांधी के अध्यात्म दर्शन अध्यात्म के सभी प्रमुख तत्वों ब्रह्म,जीव,जगत,माया,मोक्ष आदि के दर्शन होते हैं। महात्मा गांधी ने अपने दर्शन को नैतिक आदर्शों का आधार प्रदान किया। गांधीजी चाहते थे कि देशवासी अपने चरित्र और जीवन को ऐसा बनाएं कि संपूर्ण विश्व में एक आदर्श स्थापित हो सके। इन्हीं बातों को ध्यान में रखकर गांधीजी ने न केवल भारतवासियों के लिए,बल्कि संपूर्ण मानव जाति को नैतिक आदर्शों का पाठ पढ़ाया। गांधीजी चाहते थे कि लोग सच्चरित्र हों, सत्यवादी हों और अहिंसा का पालन करने वाले हों। एक शांतिपूर्ण जीवन जीने के लिए आवश्यक है कि व्यक्ति संयमित हो और उसे अपनी इन्द्रियों पर अधिकार हो। गांधीजी अहिंसा के पुजारी थे। उन्होंने सत्य और अहिंसा के पालन में अपना सर्वस्व त्याग दिया था। गांधीजी अहिंसा की लड़ाई के वीर योद्धा थे और उनकी अहिंसा की लड़ाई के बल पर ही देश को स्वाधीनता प्राप्त हुई। गांधीजी ने स्वाधीन देश में आदर्श समाज की स्थापना के लिए ही नैतिक आदर्शों को जीवन में सर्वोच्च स्थान दिया। उनका स्वप्न था कि स्वाधीन देशवासी नैतिकता के आधार पर ही एक उत्कृष्ट समाज का निर्माण करें जिससे भारत संपूर्ण विश्व के समाने नैतिकता की एक मिसाल बने। गांधीजी के राजनीतिक दर्शन का सबसे महत्वपूर्ण अंग है-सत्याग्रह।

गांधीजी अहिंसक उपायों से देश को स्वाधीन कराना चाहते थे। वे जानते थे कि यदि हिंसा के मार्ग से स्वतंत्रता प्राप्त की गई तो उसे स्थाई बनाए रखने के लिए भी हिंसा का मार्ग ही अपनाना पड़ेगा। अतः अहिंसा के माध्यम से प्राप्त स्वाधीनता ही चिरस्थायी रह सकेगी। इसीलिए अपने राजनीतिक दर्शन में गांधीजी ने अहिंसक उपायों का प्रयोग किया। भारत की स्वाधीनता के लिए किए गए उनके कार्य उनका राजनीतिक दर्शन बन गए। गांधीजी का रचनात्मक दर्शन सर्वोदय की अवधारणा पर स्थापित है। स्वदेशी आंदोलन और सांप्रदायिक सद्भाव उसके प्रमुख लक्ष्य हैं। गांधीजी का प्रत्येक कार्य जनहित में था। इसीलिए उन्होंने सर्वप्रथम सर्वोदय का नारा दिया। सब एक साथ आगे बढ़ें यही गांधी जी चाहते थे। उन्होंने स्वावलंबन और शारीरिक श्रम जैसे बिंदुओं को अपने रचनात्मक दर्शन का अंग बनाया। गांधीजी शारीरिक श्रम पर बल देते थे। गांधीजी ने देश की स्वतंत्रता, मानव सेवा और मनुष्य के नैतिक उत्थान के लिए जो कार्य किए वे सभी गांधीदर्शन में परिणत हो गए। उनका दर्शन पूर्ण और व्यावहारिक दर्शन है।

# सरकार पलट गई कुर्सी स्थिर रही

नीतीश कुमार नवीं बार मुख्यमंत्री बने हैं। पत्रकारों के सवाल पर जवाब दिया सबकुछ ठीक नहीं चल रहा था,जब भाजपा से गठबंधन तोड़ा तो बोले हमारी पार्टी ही हड़प लेना चाहते हैं। एक बात तो है नीतीश कुमार भले ही विचारों में स्थिर न हों,लेकिन कुर्सी मजबूत स्थिति में रहती है। उन्हें पलटूराम कहा जा रहा है,जबकि वे स्थिर हैं।


सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

पलटूराम तो वे हैं,जो मुंह भर-भर कर कोसते रहे। अब हंसते हुए सरकार में शामिल हो कसीदे पढ़ेंगे। आखिर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मंच व सदन की गरिमा भी तो रखनी है। नीतीश का 24 जनवरी 2024 को समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर परिवारवाद पर भाषण देना ही लग रहा था कि अब फिर बदलेंगें। यह तो उनको पता ही था कुर्सी नहीं बदलेगी। वे जानते थे,जो उनके खिलाफ हैं,सत्ता की चाशनी में फिर लिपटने चले आएंगे। यदि लोकसभा के बाद परिणाम उचित नहीं आए तो फिर हो सकता है कि कुर्सी को ध्यान रखते हुए मन बदलेंगे। तेजस्वी यादव भी फिर आ जाएंगे आखिर सत्ता हनक की बात ही कुछ और होती है। एक बात तो है इतिहास उन्हें कैसे याद करेगा इसका भी ख्याल रखना चाहिए था। नीतीश कुमार ने जाति जनगणना कराई जिसमें तेजस्वी यादव का भी साथ था। मुझे लगता है उन आंकड़ों से दूसरे दल घबरा गए। अब से पूर्व की सरकार में तेजस्वी यादव उपमुख्यमंत्री थे।

दोनों पिछड़े वर्ग से अबकी सरकार में विजय सिन्हा और सम्राट चौधरी दो उपमुख्यमंत्री बनाए गए,जो कहते थे कि नीतीश कुमार को सत्ता से बेदखल करने के बाद ही पगड़ी खोलेंगे। अब उन्होंने ही उपमुख्यमंत्री की पगड़ी बांध ली ये भी कालचक्र का नया पहलू है।

# कैबिनेट मंत्री ने दिया बूथ जीतो-चुनाव जीतो का मंत्र



**सुलतानपुर, अमृत विचार:** पयागीपुर स्थित भाजपा जिला कार्यालय में सोमवार को लोकसभा चुनाव तैयारी की मंथन बैठक और गांव चलो अभियान की कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री व लोकसभा के क्लस्टर प्रमुख नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने लोकसभा चुनाव तैयारी को लेकर आयोजित मंथन बैठक में बूथ जीतो चुनाव जीतो का मंत्र कार्यकर्ताओं को दिया।

उन्होंने कहा प्रत्येक बूथ पर 50 प्रतिशत से अधिक वोट पाने का लक्ष्य लेकर काम करना है। भाजपा 365 दिन 24 घंटे काम करने वाला राजनीतिक दल है। कार्यकर्ता चुनावी मोड़ में काम करना शुरू कर दें। प्रदेश में 80 की 80 सीट बीजेपी जीतेगी। पीएम के नेतृत्व में भाजपा लोकसभा चुनाव में हैट्रिक लगायेगी। नंदी ने पीएम मोदी व सीएम योगी की सराहना करते हुए कहा की सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं अंतिम गांव और अंतिम व्यक्ति तक पहुंची हैं। भाजपा ने जाति, धर्म, मजहब से ऊपर उठकर सर्व समाज का काम और विकास किया है।

# अयोध्या बन रही वर्ल्ड क्लॉस सिटी : पाठक

**संबोधन**

▸▸ उरई के चमारी गांव पहुंचे डिप्टी सीएम कथा में हुए शामिल

कार्यालय संवाददाता, उरई



केंद्रीय राज्यमंत्री भानु प्रताप के साथ बैठे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक जिले में आए तो कालपी में उनका जोरदार स्वागत हुआ। इसके बाद वह चमारी गांव में आयोजित भागवत कथा में शामिल हुए। यहां से वह कोंच में केंद्रीय राज्यमंत्री के यहां उनकी पत्नी के निधन पर आयोजित बारहवीं भोज में शामिल हुए। यहाँ पर पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि सूबे में भाजपा क्लीन स्वीप करेगी। सभी अस्सी सीटों पर कमल खिलेगा। प्रभु राम की कृपा से अयोध्या वर्ल्ड क्लास सिटी बन रही।

चमारी गांव में इंफोपार्क के डायरेक्टर अभय द्विवेदी ने उनका स्वागत किया और स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया। यहां से उनका काफिला कोंच पहुंचा। यहां पर केंद्रीय राज्यमंत्री भानुप्रताप की पत्नी राममूर्ति देवी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। पत्रकारों के सवाल पर डिप्टी सीएम ने कहा कि आज की अयोध्या अब पहले वाली अयोध्या नहीं रही। लोग देख रहे हैं कि रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद वहां अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, अंतरराष्ट्रीय मानकों का रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड विकसित हो रहे हैं। सभी सड़कों को फोरलेन किया जा रहा है। रामायण से जुड़ा संग्रहालय बनाया जा रहा है। सीएए के सवाल पर उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में एक लहर चल रही है। आम गरीब के जीवन स्तर को ऊपर उठाने में सरकार कामयाब रही है। केंद्रीय राज्य मंत्री के यहां समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार मंत्री आसीम अरुण, राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग मनोहर लाल पंथ मन्नू कोरी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश अली, बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मुकेश पांडे, पूर्व प्रभारी मंत्री नीलिमा कटियार, विधायक चरखारी ब्रजभूषण सिंह राजपूत गुड्डू, विधायक कानपुर महेश त्रिवेदी, संगठन मंत्री धर्मपाल सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# पीएम की प्रेरणा से समूह की सखियां बन रहीं लखपति



**बांदा, अमृत विचार :** कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करने आईं राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से स्वयं सहायता समूह की सखियां लखपति और बेटियां ड्रोनवीर बन रही हैं। उन्होंने महिलाओं के उद्यमी बनने व उद्यमिता विकास पर बल दिया। उन्होंने कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं से सामाजिक समस्याओं पर शोध का आह्वान किया।

बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय उद्यान महाविद्यालय सभागार में सोमवार को नौवां दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने इसका उद्घाटन किया। कहा कि माता-पिता का बच्चों को आगे बढाने में बहुत योगदान है। कुलाधिपति ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से स्वयं सहायता समूह की सखियां लखपति तो देश की बेटियां ड्रोन वीर बनकर अपने माता-पिता के साथ देश का नाम रोशन कर रही हैं।

## एक नजर

### पत्नी के दूसरी शादी करने पर युवक ने दी जान

**कानपुर, अमृत विचार :** छावनी थानाक्षेत्र में बनिया बाजार के रहने वाले 40 वर्षीय रामदास गौतम ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। उसकी बहन चंदा देवी ने बताया कि 2007 में उसकी शादी ललिता से हुई थी। आरोप लगाया कि शादी के कुछ महीने के बाद ही वह भाई को छोड़कर चली गई और दूसरे से शादी कर ली। पत्नी के चले जाने पर वह अवसाद में रहने लगा था। इसके बाद ललिता ने भाई पर दहेज का फर्जी मुकदमा दर्ज करवा दिया। उसने घर के आंगन में संदिग्ध परिस्थितियों में बैठकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### पिता की डांट से क्षुब्ध किशोर ने दी जान

**आसीवन, उन्नाव, अमृत विचार :** थानाक्षेत्र के गांव नूरुल्लानगर में पिता की डांट से क्षुब्ध किशोर ने फांसी लगाकर जान दे दी। नूरुल्लानगर गांव निवासी संजय सिंह का 14 वर्षीय पुत्र बादल रसूलाबाद कस्बा के एक विद्यालय में हाईस्कूल का छात्र था। ठीक से पढ़ाई न करने के कारण वह आए दिन विद्यालय नहीं जाता था। सोमवार को इसी बात पर पिता ने उसे डांट दिया था। नाराज किशोर ने घर के कमरे में रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली।

### रिटायर सूबेदार को ट्रक ने मारी टक्कर, मौत

**कानपुर, अमृत विचार :** चकेरी थानाक्षेत्र में सड़क पार कर रहे सेवानिवृत्त सूबेदार को ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे उनकी मौत हो गई। जाजमऊ के कैलाश नगर के रहने वाले 62 वर्षीय विष्णु कुमार त्रिपाठी आर्मी से सूबेदार पद से सेवानिवृत्त हुए थे। वह चकेरी के रामादेवी फ्लाईओवर पर सड़क क्रॉस कर रहे थे, इसी दौरान ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। अस्पताल में उनकी मौत हो गई।

# अंबेडकरनगर : लापता किशोरी का मिला शव, हत्या का आरोप

## 29 दिसंबर से थी गायब, 6 नामजद सहित 4 अज्ञात पर केस दर्ज

आलापुर, अंबेडकरनगर



फाइल फोटो।

**अमृत विचार:** घर से गायब किशोरी का शव एक महीने बाद पड़ोसी जनपद आजमगढ़ बॉर्डर पर एक तालाब में मिला। मामले की जानकारी तब हुई जब खेत की सिंचाई कर रहे किसान ने तालाब में उतराता हुआ शव देखा। किशोरी का हाथ-पांव रस्सी से बंधा था और शरीर में पत्थर बांधकर पानी में फेंका गया था। किशोरी की पहचान राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र के समडीह गांव निवासिनी निधि (16 वर्ष) पुत्री अनिल कुमार के रूप में हुई।

29 दिसंबर को निधि रात में घर से गायब हो गई थी। पिता अनिल कुमार ने बताया कि वह रोजगार के सिलसिले में गाजीपुर में रहते हैं और 30 दिसंबर को घर आए। इसके बाद शक के आधार पर पड़ोसी दुर्गेश पुत्र चंदीश्वर के संबंध में जानकारी पुलिस टीम को दी जो इससे पहले भी घर में एक दो बार घुस चुका था। जब बेटी गायब हुई तो आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को चेक किया गया जिसमें साफ देखा गया कि एक दिन पहले 28 दिसंबर को निधि बाइक से जाती दिख रही है। 28 दिसंबर को घर से स्कूल के लिए निकली निधि स्कूल ना जाकर गोविंद साहब मेला देखने चली गई। इस मामले में जब स्कूल का रजिस्टर चेक किया गया तो पता चला कि वह स्कूल नहीं आई थी। बताया जाता है कि जिस दिन से निधि गायब हुई थी, उसी दिन से आरोपी दुर्गेश की बाइक भी नहीं दिख रही थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज में दिख रही बाइक के बारे में जब पड़ताल की तो बाइक चोरी की निकली जिसे आजमगढ़ जनपद के अतरौलिया थाना क्षेत्र के धरहरा गांव से 6 महीने पहले चोरी किया गया था। पूछताछ में आरोपी ने जब कुछ नहीं बताया तो पुलिस ने उसे बाइक चोरी के मामले में जेल भेज दिया। डिप्टी एसपी आरबी सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर 4 आरोपियों को हिरासत में लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय ने बताया कि परिजनों ने किशोरी को भगाकर हत्या कर शव को तालाब में फेंकने का आरोप लगाया है।

# हरदोई में ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को कार सवारों ने पीटा

**हरदोई, अमृत विचार :** पिकेट ड्यूटी पर तैनात हेड कांस्टेबिल और कांस्टेबिल की बुरी तरह से पिटाई कर दी गई। दरअसल, बात सिर्फ इतनी थी कि दोनों हमराहियों ने चेकिंग करने के लिए लग्ज़री कार रोकीए इस पर उस पर सवार लोग इतने आगबबूला हो गए कि उन्होंने दोनों हमराहियों को बुरी तरह से पीट दिया। पुलिस इस मामले में हेड कांस्टेबल की तहरीर पर जांच कर रही है। बताया गया है कि पचदेवरा थाने में तैनात हेड कांस्टेबिल कांशीराम व कांस्टेबिल विकास कुमार रविवार को अनंगपुर चौराहे पर पिकेट ड्यूटी पर तैनात थे। इसी बीच देर रात उधर से एक लग्ज़री कार गुज़री जिस पर चार लोग सवार थे। दोनों हमराहियों ने कार को चेकिंग के इरादे से उसे रुकवाया। इसी बात पर कार सवार चारों लोग इतने आगबबूला हो गए कि वह हेड कांस्टेबिल व कांस्टेबिल को पीटने लगे।

# रंगदारी मामले में विधायक इरफान की जमानत मंजूर



**कानपुर, अमृत विचार :** जाजमऊ निवासी एक सीमेंट कारोबारी से रंगदारी मांगने के मामले में एमपीएमएलए कोर्ट ने सपा विधायक इरफान सोलंकी की जमानत याचिका मंजूर कर ली है। इरफान के अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित ने यह जानकारी दी है।

सपा विधायक इरफान सोलंकी के आगजनी मामले में जेल जाने के बाद जाजमऊ निवासी सीमेंट कारोबारी विमल गौतम ने दिसंबर 2022 में इरफान सोलंकी, बिल्डर हाजी वसी, कमर आलम व शाहिद लारी के खिलाफ उनकी जमीन कब्जा करने व रंगदारी मांगने का आरोप लगाकर जाजमऊ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विमल ने बताया था कि बिल्डर हाजी वसी व उसके साथी कमर आलम, शाहिद लारी ने मिलकर उनकी चार सौ गज की जमीन पर कब्जा कर लिया। इसमें विधायक इरफान सोलंकी भी शामिल रहे। पुलिस ने सपा विधायक व उनके साथियों के खिलाफ धोखाधड़ी, रंगदारी, धमकी देने में रिपोर्ट दर्ज की थी। इरफान के अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित ने बताया कि कोर्ट ने सपा विधायक की जमानत याचिका मंजूर कर ली है।

**आगजनी मामले में सुनवाई**

सोमवार को सपा विधायक के आगजनी कांड मामले में सुनवाई की गई। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता सईद नकवी ने तर्क दिया कि एफआईआर में किसी भी गवाह का उल्लेख नहीं किया गया है। पीड़िता नजीर फातिमा चश्मदीद गवाह नहीं है। जिस प्लॉट में नजीर फातिमा रह रहीं थीं वह रिजवान का प्लॉट है और जला सामान रिजवान ने प्लॉट में कबाड़ के तौर पर डाला था। सभी गवाह अचानक मौके पर पहुंचे थे, किसी ने भी घटना होते हुए नहीं देखी है।

# गोंडा में 34 स्कूलों के प्रधानाध्यापकों का रोका गया वेतन

**गोंडा, अमृत विचार :** यू डायस पोर्टल पर स्टूडेंट प्रोफाइल का डाटा फीड करने में शिथिलता बरतने वाले 34 स्कूलों के प्रधानाध्यापक फंस गए हैं। बीएसए ने इन सभी का वेतन रोक दिया और 31 जनवरी तक हर हाल में फीडिंग कार्य पूरा करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा माध्यमिक शिक्षा के 183 व अल्पसंख्यक विभाग से संचालित 156 मदरसों के खिलाफ कार्रवाई के लिए संस्तुति रिपोर्ट संबंधित विभागों को भेजी है। माध्यमिक शिक्षा के 183 कॉलेज, अल्पसंख्यक विभाग के 156 मदरसों व बेसिक शिक्षा के 34 परिषदीय स्कूलों ने अब तक डाटा फीडिंग का काम नहीं शुरू किया है। इसे गंभीरता से लेते हुए बीएसए प्रेमचंद यादव ने 34 परिषदीय स्कूलों के प्रधानाध्यापकों का वेतन रोक दिया है। बीएसए ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा के 183 व अल्पसंख्यक विभाग के 156 मदरसों ने भी फीडिंग का काम नहीं शुरू किया है।

# अपहरण, गैंगरेप में 5 को 20 साल की कैद

**चित्रकूट, अमृत विचार :** दुकान जा रही लड़की को अगवाकर सामूहिक दुराचार करने के मामले में त्वरित न्यायालय ने दो भाइयों समेत पांच लोगों को 20-20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अर्थदंड भी दिया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपाल दास ने बताया कि पीड़िता के पिता ने 10 सितंबर 2017 को मऊ के तत्कालीन उप जिलाधिकारी को प्रार्थना-पत्र देकर बताया था कि 15 जून 2017 को उसकी छोटी बेटी सामान लेने दोपहर को दुकान जा रही थी। रास्ते में रैपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी बसंतलाल ने अपने घर के बाहर उसकी बेटी का मुंह दबाया और अंदर बंद कर दिया। मौके पर पहुंचे उसके बेटे ने दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया। इस पर बसंतलाल के भाई फूलचंद्र और पिता रामबहादुर ने उसे गाली-गलौज कर भगा दिया। कई महीनों बाद पुलिस के साथ जाकर मध्यप्रदेश से शिकायतकर्ता लड़की को वापस घर लाया था। पीड़िता के अनुसार, आरोपियों ने अपहरण के बाद उसके साथ कई लोगों ने दुराचार किया और मध्यप्रदेश में बेच दिया। सोमवार को त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज संजय कुमार ने निर्णय सुनाया। दोषसिद्ध बसंतलाल, योगेश उर्फ उगेश, फूलचंद्र, अजय गुप्ता व अमृतलाल को 20-20 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई।

# मौनी अमावस्या स्नान पर्व की तैयारी करें पूरी

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** कुंभ मेलाधिकारी विजय किरण आनंद की अध्यक्षता में सोमवार को मेला प्राधिकरण स्थित आईसीसीसी सभागार में आगामी मौनी अमावस्या स्नान पर्व को सकुशल एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराये जाने के लिए बैठक आयोजित की गयी। बैठक में कुंभ मेलाधिकारी विजय किरण आनंद ने शहर व मेला क्षेत्र में जाम की स्थिति उत्पन्न न होने पाए, इसके लिए यातायात व पार्किंग की व्यवस्था पर चर्चा की। उन्होंने मेले में मॉक ड्रिल व निरीक्षण करते रहने के निर्देश दिए हैं।

कुंभ मेलाधिकारी ने पार्किंग स्थलों पर बैरिकेटिंग, लाइट, कैमरा, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, इंट्री-एग्जिट साइन बोर्ड व अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश भी दिया। उन्होंने कानपुर, लखनऊ, मिर्जापुर, रीवा, चित्रकूट, जौनपुर, वाराणसी, प्रतापगढ़-अयोध्या सहित अन्य मार्गों से मौनी अमावस्या पर्व पर आने वाले श्रद्धालुओं को कम से कम पैदल चलना पड़े, इसके लिए पार्किंग स्थलों की विशेष व्यवस्था बनाये जाने के लिए कहा है। बैठक में मेलाधिकारी ने संगम नोज व अन्य स्नान घाटों पर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ का दबाव, संगम क्षेत्र में नाव की भीड़ बढ़ने पर, अत्यधिक कोहरा होने की स्थिति में, वीआईपी मूवमेंट, भीड़ प्रबंधन के लिए होल्डिंग एरिया, डायवर्जन व अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा हुई।

## सार-संक्षेप

### 16.5 किलो चरस लेकर कानपुर जा रहे चार लोग गिरफ्तार

**मसौधा, अयोध्या, अमृत विचार :** एसटीएफ लखनऊ की टीम ने पूराकलंदर थाना क्षेत्र के इटौरा चौराहे के पास दर्शननगर मोड़ से कार सवार चार लोगों को गिरफ्तार कर उनसे 16.5 किलो चरस बरामद की है। लखनऊ एसटीएसफ के अपर पुलिस अधीक्षक सत्यसेन यादव की टीम को मादक पदार्थों की तस्करी की जानकारी मिली थी। पूराकन्दर थानाध्यक्ष रतन शर्मा ने बताया कि इसके बाद टीम ने इटौरा चौराहे के पास रविवार रात कार यूपी 78 एचएल 5333 को रोककर तलाशी ली तो कार से 16.5 किलो चरस बरामद हुई। इसके बाद एसटीएफ ने कार सवार कानपुर नगर के देहली सुजानपुर निवासी विमल राजपूत, न्यू आजाद नगर निवासी आशीष यादव व कानपुर देहात के थाना मंगलपुर स्थित बलरामपुर कन्चौसी नगर पंचायत निवासी जितेन्द्र सिंह व क्वीत खेडा तहसील अकबरपुर निवासी योगेन्द्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में इन्होंने बताया कि यह लोग नेपाल से चरस की खेप लेकर कानपुर जा रहे थे। बरामद कार आशीष यादव के नाम पर पंजीकृत है। खेप कानपुर निवासी मनोज तिवारी के कहने पर ले जाई जा रही थी। इनके पास से 4500 रुपये, चार पैन कार्ड, दो ड्राइविंग लाइसेंस, तीन मोबाइल फोन व चार एटीएम कार्ड भी बरामद हुए हैं। सभी के खिलाफ मादक पदार्थ के तस्करी की धारा में पूराकलंदर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### चुनाव से पहले पॉवर प्लांट से प्रदेश को मिलने लगेगी बिजली

**कानपुर, अमृत विचार :** पनकी पॉवर प्लांट की निर्माणाधीन यूनिट का 90 प्रतिशत काम लगभग पूरा हो चुका है। प्लांट में अब बॉयलर को लाइटअप करने की तैयारी चल रही है। इसमें आग जलाकर बॉयलर की क्षमता का परीक्षण होगा। यह कार्य पूरा होने के बाद मार्च माह में पॉवर प्लांट का ट्रायल शुरू होगा। ट्रायल सफल रहने पर प्लांट का संचालन और विद्युत उत्पादन शुरू कर दिया जाएगा। इस प्लांट में बनने वाली पूरी बिजली उत्तर प्रदेश को मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2019 में पनकी पॉवर प्लांट में 660 मेगावाट की नई यूनिट की आधारशिला रखी थी। 80 हेक्टेयर क्षेत्रफल में बन रहे इस प्लांट का निर्माण भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) करा रहा है। 5816.70 करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट को जनवरी 2022 में पूरा किया जाना था, लेकिन कोरोना महामारी की वजह से वर्ष 2020 व 2021 में काम प्रभावित रहा। इस बीच सहायक मैटेरियल व उपकरणों की कीमतें बढ़ गईं। इस कारण प्रोजेक्ट की लागत 912.50 करोड़ रुपये और बढ़ गई। इस प्लांट से 660 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। इसे लेकर उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। पनकी पॉवर प्लांट के अधिकारियों का कहना है कि 90 प्रतिशत से ज्यादा निर्माण कार्य हो चुका है। बॉयलर को लाइटअप करने के बाद आयल और कोयला गर्म किया जाएगा। इसके बाद सिक्रोनाइज यानी समकालिक किया जाएगा। इसके तहत पावर प्लांट का ग्रिड से तालमेल बैठाया जाएगा। मार्च माह में प्लांट संचालन का ट्रायल सफल होते ही बिजली उत्पादन शुरू करने की प्रक्रिया की जाएगी।

### दरोगा-सिपाही ने छात्र से वसूले डेढ़ लाख रुपये, निलंबित

**कानपुर, अमृत विचार :** कोहना थाने के एक दरोगा और सिपाही पर जेल भेजने का डर दिखाकर छात्र से डेढ़ लाख रुपये वसूलने का आरोप लगा है। घटना की सोशल मीडिया और महकमे में चर्चा है। पीड़ित छात्र ने सोमवार को मामले की शिकायत पुलिस कमिश्नर से की। उन्होंने डीसीपी सेंट्रल को जांच सौंपी। जांच में आरोप सही पाने पर दोनों को सस्पेंड कर दिया गया। डिप्टी पड़ाव निवासी नितिन त्रिपाठी बीटीसी छात्र हैं। उन्होंने पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार को बताया कि 23 जनवरी को वह कोचिंग पढ़ाकर लौट रहे थे, तभी पड़ोसी वासु सोनकर उनकी स्कूटी मांगकर ले गए। थोड़ी देर बाद वह आया और उसे मोतीझील ले गया। वहां वासू वाशरूम जाने की बात कहकर चला गया। इसी दौरान कार से कोहना थाने के रानीघाट चौकी इंचार्ज कपिल यादव और सिपाही राहुल वर्मा एक अन्य युवक के साथ आए और कार में जबरन बैठा लिया। उन्होंने कहा कि उसकी स्कूटी में आधा किलो चरस मिली है। उसे कोहना थाने ले आए। उसने अपने भाई को फोन किया तो वह थाने पहुंचा। नितिन ने आरोप लगाया कि उससे डेढ़ लाख रुपये लेकर छोड़ दिया गया।

### सीआरपीएफ की महिला सिपाही से हड़पे चार लाख रुपये

**फतेहपुर, अमृत विचार :** सीआरपीएफ महिला सिपाही से उसी के एक रिश्तेदार ने जमीन बेचने का झांसा देकर चार लाख रुपये हड़प लिए। सदर कोतवाली क्षेत्र के आधारपुर निवासी दीपा देवी सीआरपीएफ में सिपाही है। वह पश्चिम बंगाल में तैनात है। उसने बताया कि थरियांव थाने के रसूलपुर भभैचा निवासी कपिल सिंह रिश्तेदार है। उसने जमीन बेचने का प्रस्ताव रखा था। उसने आठ फरवरी 2021 को चार लाख रुपये कपिल के खाते में आरटीजीएस कर दिया। रुपये देने के बाद कपिल जमीन के बैनामे को टरकाने लगा। कुछ दिन पहले छुट्टी लेकर आई और वह कपिल के घर पहुंची। उसने मिलने से मना कर दिया तो उसने थरियांव थाने में शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। तब उसने अपनी शिकायत एसपी से की तो एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है, उसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

# अयोध्या धाम से मनकापुर तक रेलवे बिछाएगा डबल लाइन

अयोध्या कार्यालय

▸▸ सर्वे पूरा, दोहरीकरण होते ही बढ़ जाएगी ट्रेनों की रफ्तार



**अमृत विचार :** रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद से रेलवे यात्री सुविधाओं पर खासा ध्यान दे रहा है। सलारपुर से अयोध्या धाम तक दोहरीकरण और विद्युतिकरण का कार्य पूरा हो चुका है। अब मनकापुर तक विस्तार की योजना जोर-शोर से चल रही है। इसके लिए सर्वे का कार्य पूरा हो चुका है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो जल्द ही इस पर कार्य भी शुरू हो जाएगा।

केंद्र सरकार सभी तीर्थ स्थलों को सड़क, वायु व जलमार्ग से जोड़ने में जुटी हुई है। अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा हो जाने के बाद आसपास के रेलवे स्टेशनों का महत्व बढ़ गया है। दर्शननगर और सलारपुर रेलवे स्टेशन पर पहले से ही मूलभूत सुविधाओं को बढ़ा दिया गया है। अभी अयोध्या धाम से मनकापुर तक सिंगल लाइन है। 37 किलोमीटर की दूरी में ट्रेनों के संचालन में असुविधा भी होती है। ऐसे में रेलवे ने एक लाइन और बनाने का खाका तैयार किया है। सर्वे रिपोर्ट रेलवे बोर्ड के पास भेज दी गई है।

> मनकापुर से अयोध्या धाम के बीच डबल लाइन हो जाने से ट्रेनों की रफ्तार बढ़ जाएगी। ट्रैक की सर्वे रिपोर्ट पर बोर्ड से सहमति मिलते ही कार्य शुरू हो जाएगा। – **पंकज कुमार सिंह, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, एनईआर**

# आस्था स्पेशल ट्रेन से पहुंचे 4500 श्रद्धालु

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के बाद रामलला के दर्शन-पूजन के लिए अलग-अलग राज्यों से श्रद्धालु लगातार यहां पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं के लिए चलाई गईं दो आस्था स्पेशल ट्रेन भी सोमवार राजस्थान से अयोध्या धाम पहुंची। ट्रेन में सवार लगभग 4500 श्रद्धालुओं का ढोल-नगाड़ों व पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धालु यहां सरयू स्नान के बाद जन्मभूमि, हनुमानगढ़ी सहित प्रमुख मठ-मंदिरों का दर्शन-पूजन करेंगे।

भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद अपने आराध्य के प्रति श्रद्धा निवेदित करने के लिए श्रद्धालु साइकिल व पैदल यात्रा कर दर्शन-पूजन के लिए पहुंच रहे हैं। इसके अलावा केंद्र व प्रदेश सरकार श्रद्धालुओं को रामनगरी पहुंचने में कोई परेशानी न हो, इसके लिए अलग-अलग राज्यों से यातायात कनेक्टिविटी जोड़ने के साथ आस्था स्पेशल ट्रेनों की शुरुआत की है। राजस्थान से 2500 श्रद्धालुओं को लेकर पहली आस्था स्पेशल ट्रेन सोमवार सुबह 8 बजे अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पहुंची। दोपहर करीब 2 बजे दो हजार श्रद्धालुओं को लेकर दूसरी ट्रेन पहुंची।



> हम लोगों ने जय श्रीराम उद्घोष कर यात्रा की शुरुआत की। हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए सफर को पूरा किया है। यहां पहुंचकर बहुत अच्छा लग रहा है। नई और दिव्य अयोध्या देखने को मिला। यहां पर सरयू स्नान के बाद रामलला का दर्शन-पूजन करेंगे। ट्रेन में सुविधाएं अच्छी थीं। – **हेमंत, श्रद्धालु, राजस्थान**



> हम लोग यहां रामलला के दर्शन करने आए हैं। रेलवे की तरफ से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। कहीं कोई अव्यवस्था नहीं हुई। यहां हम लोगों को बहुत ही आध्यात्मिक वातावरण की अनुभूति हो रही है। अयोध्या का स्वरूप भी बदल गया है। बहुत अच्छा लग रहा है। – **दिनेश शर्मा, श्रद्धालु, राजस्थान**


### टेंट सिटी में ठहरेंगे श्रद्धालु

रामलला के दर्शन-पूजन के लिए यहां पहुंचे 4500 श्रद्धालुओं का अयोध्या धाम स्टेशन पर भव्यता के साथ स्वागत किया गया। दो दिनों के प्रवास पर आए श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। इन सभी श्रद्धालुओं को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से बनाए गए तीर्थ क्षेत्रपुरम टेंट सिटी में ठहराया जाएगा।

**अयोध्या दौरा** | मुख्यमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पहुंचकर किया दर्शन-पूजन, हनुमानगढ़ी भी गए

# दर्शनार्थियों को सुगम दर्शन कराने में सहयोग करें : योगी

अयोध्या कार्यालय



रामलला का दर्शन-पूजन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

**अमृत विचार :** राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद भी लगातार भक्तों की आस्था बनी हुई है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री सोमवार को भी रामनगरी के दौरे पर रहे। मुख्यमंत्री ने राम मंदिर के अलावा कामकाज की भी समीक्षा की। ट्रस्ट के पदाधिकारियों से भी मुलाकात कर श्रद्धालुओं के आवागमन का हालचाल पूछा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सोमवार दोपहर मुख्यमंत्री राजकीय विमान से अयोध्या एयरपोर्ट पर उतरे। वहां से सड़क मार्ग से हनुमानगढ़ी पहुंचकर दर्शन पूजन किया। हनुमानगढ़ी के महंत बलराम दास, राजू दास, हेमंत दास व अन्य संत जनों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पहुंचकर दर्शन-पूजन किया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के पुजारी महंत सतेंद्र दास, महासचिव चंपत राय, डॉ. अनिल मिश्र, गोपाल राव सहित अन्य द्वारा स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के विभिन्न स्थलों, परिसर और दर्शन मार्गों का निरीक्षण किया और श्रीराम जन्मभूमि आने वाले दर्शनार्थियों को सुगम दर्शन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान मंडलायुक्त गौरव दयाल ने दर्शनार्थियों के सुलभ दर्शन कराने के लिए किये गए प्रबंधों से अवगत कराया गया। जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री अयोध्या दौरे के दौरान राम जन्मभूमि परिसर में मंदिर शेष निर्माण कार्य का जायजा लिया। परिसर में आने वाली यात्रियों की सुविधाओं को लेकर यात्री सुविधा केंद्र में क्षमता बढ़ाये जाने का भी निर्देश दिया है।

**राज्यवार रामलला के शरण में पहुंचेगी कैबिनेट**

राम मंदिर में दर्शन के लिए 31 जनवरी को त्रिपुरा के मुख्यमंत्री और उनकी कैबिनेट के साथ दर्शन पूजन करेंगे। इसी तरह एक फरवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपनी कैबिनेट के साथ रामलला का आशीर्वाद लेंगे। दो फरवरी को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी और पांच फरवरी को महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे, छह फरवरी को अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री, नौ फरवरी को हरियाणा, 12 फरवरी को राजस्थान, 15 फरवरी को गोवा, 22 को असम, 24 को गुजरात और चार मार्च को एमपी के मुख्यमंत्री का अपनी कैबिनेट के साथ राम मंदिर में दर्शन पूजन करने का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

### अयोध्या में दर्शनार्थियों के सामान रखने की व्यवस्था होगी और बेहतर

**अयोध्या, अमृत विचार :** भव्य मंदिर में रोज करीब एक लाख श्रद्धालु रामलला के दर्शन करने को पहुंच रहे हैं। इस बीच उनके सामान व जूते-चप्पल रखने की व्यवस्था को और भी मजबूत करने पर मंथन शुरू हो गया है। इसके लिए डीएम नितीश कुमार ने सोमवार को ट्रस्ट के पदाधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा की। डीएम ने श्रद्धालुओं के निकास मार्ग सहित पिलग्रिम फैसिलिटी सेंटर (पीएफसी) का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दर्शनार्थियों को दर्शन की सुविधा को और सुगम बनाने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पीएफसी में दर्शनार्थियों के समान व जूते चप्पल आदि को रखने की व्यवस्था को और भी बेहतर करने के संबंध में भी ट्रस्ट के पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## एक नजर

### दो पासपोर्ट मामले में कोर्ट नहीं पहुंचा गवाह

**रामपुर।** अब्दुल्ला आजम के दो पासपोर्ट मामले में सोमवार को गवाह कोर्ट नहीं पहुंचा। इसके चलते सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले में 31 जनवरी को सुनवाई होगी। भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने वर्ष 2019 में सिविल लाइंस थाने में अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो पासपोर्ट रखने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था। यह मामला एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल कोर्ट में विचाराधीन है। सोमवार को इस मामले में गवाह को सफाई साक्ष्य के लिए कोर्ट आना था, लेकिन उसके नहीं पहुंचने के कारण सुनवाई टल गई। अब इस मामले में बुधवार को सुनवाई होगी।

### रिश्वत लेते चौकी इंचार्ज समेत दो गिरफ्तार

**सहसवान (बदायूं)।** बरेली की एंटी करप्शन टीम ने चौकी इंचार्ज समेत दो लोगों को 20 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को पकड़कर कोतवाली सदर लाई। जहां उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की गई है। एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने आरोपी चौकी इंचार्ज को निलंबित कर दिया है। विभागीय जांच शुरू की गई है। थाना जरीफनगर क्षेत्र के गांव समसपुर कूबरी निवासी विजेंद्र कुमार ने 26 जनवरी को ग्राम प्रधान के भाई प्रदीप और प्रेमपाल के खिलाफ मारपीट और धमकाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# मोदी लोकसभा चुनाव जीते, तो भारत में कोई चुनाव नहीं होगा

## कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा- भारत में आ सकती है तानाशाही

**भुवनेश्वर, एजेंसी**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को दावा किया कि 2024 का लोकसभा चुनाव लोगों के लिए लोकतंत्र को बचाने का आखिरी मौका है, क्योंकि अगर भारतीय जनता पार्टी फिर से जीतती है, तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तानाशाही की तरफ बढ़ सकते हैं।

उन्होंने लोगों से भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से दूरी बनाने का आग्रह किया और आरोप लगाया कि वे जहर के समान हैं। खरगे ने कांग्रेस की सभा में कहा, यह भारत में लोकतंत्र को बचाने के लिए लोगों के पास आखिरी मौका होगा। अगर नरेन्द्र मोदी एक और चुनाव जीतते हैं, तो देश में तानाशाही होगी। भाजपा भारत में उसी तरह शासन करेगी जैसे पुतिन रूस में कर रहे हैं। खरगे ने भाजपा और आरएसएस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली मौजूदा सरकार राज्यों और विपक्ष के नेताओं को डरा-धमका कर चल रही है। उन्होंने दावा किया नेताओं को नोटिस भेजे जा रहे हैं और ईडी तथा आयकर विभाग राजनीतिक विरोधियों को कुचलने के हथियार बन गए हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को भाजपा और आरएसएस की विचारधाराओं के बारे में पता होना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस की विचारधारा का विरोध करने पर नेताओं को अपनी पार्टियां और गठबंधन छोड़ने की धमकी दी जाती है। उन्होंने दावा किया राहुल गांधी को अक्सर डराने-धमकाने की कोशिश की जाती है, क्योंकि वह भाजपा और आरएसएस का विरोध करते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, हालांकि, राहुल गांधी उनके दबाव में नहीं आए और ऐसी ताकतों के खिलाफ लड़ते रहे, जो देश को बांटना चाहते हैं। उन्होंने यह भी कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के भारतीय जनता पार्टी के साथ जाने का आगामी चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा, महागठबंधन से एक व्यक्ति के जाने से हम कमजोर नहीं होंगे। हम भाजपा को हरा देंगे। कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी पर आदतन झूठ बोलने का आरोप लगाया। उनके मुताबिक, प्रधानमंत्री ने हर साल दो करोड़ नौकरियां और हर भारतीय के बैंक खाते में 15 लाख रुपये का आश्वासन देकर लोगों को गुमराह किया गया। पिछले 70 वर्षों के दौरान कांग्रेस की उपलब्धियों पर प्रधानमंत्री मोदी के तंज का जिक्र करते हुए खरगे ने कहा, आप (मोदी) गुजरात के मुख्यमंत्री और अब प्रधानमंत्री बन गए, क्योंकि कांग्रेस ने लोकतंत्र और संविधान को ऊंचा रखा था।



भुवनेश्वर में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को माला पहना कर स्वागत करते ओडिशा कांग्रेस अध्यक्ष सरत पटनायक व अन्य। एजेंसी



**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से परीक्षा पे चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित शिक्षकों व विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से दमक रहे थे। ● अमृत विचार

## आयुष्मान भारत में आयुर्वेद-योग को शामिल करने की याचिका खारिज


**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय जन स्वास्थ्य बीमा योजना 'आयुष्मान भारत' में आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा को शामिल करने के अनुरोध वाली याचिका सोमवार को खारिज कर दी। याचिकाकर्ता अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय की ओर से किसी भी वकील के उपस्थित नहीं होने के बाद कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह आदेश पारित किया। पीठ ने कहा, मामले पर संज्ञान लेने के बाद भी याचिकाकर्ता की ओर से कोई भी पेश नहीं हुआ, जिसके परिणामस्वरूप याचिका को खारिज किया जाता है। हाईकोर्ट ने पिछले वर्ष दो नवंबर को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, आयुष, वित्त व गृह मंत्रालय और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी करके जनहित याचिका के जवाब में अपने-अपने हलफनामे दाखिल करने को कहा था। याचिका में नागरिकों के स्वास्थ्य के अधिकार को सुरक्षित करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य संरक्षण मिशन, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना यानी आयुष्मान भारत में आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा को शामिल करने का अनुरोध किया गया था।

# हॉस्टल के कमरे में फंदे से लटका मिला छात्र का शव

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ**

**प्रबंधक, प्रधानाचार्य सहित चार के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट**

**अमृत विचारः** नगर से सटे कोटवारा रोड बोर्डिंग स्कूल स्थित सिल्वर सिटी एकेडमी में कक्षा पांच के छात्र का शव संदिग्ध परिस्थितियों में हॉस्टल के कमरे में लटका मिला। विद्यालय प्रबंधन की सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।



भीरा थाना क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर निवासी मनोज कुमार के दो पुत्र गौरव राज और सुमित राज सिल्वर सिटी एकेडमी के छात्रावास में रहकर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। रविवार की रात कक्षा पांच के छात्र गौरव (12) का शव मफलर से हॉस्टल में ही पंखे के कुंडे से लटका पाया गया। हॉस्टल के वार्डेन ने उसी कमरे में सो रहे गौरव के छोटे भाई सौरभ को जगाकर परिवार वालों को सूचना देने को कहा। परिवार वाले रात में ही विद्यालय पहुंचे तो उन्हें सौरभ का शव बेड पर पड़ा मिला, जिससे उन्होंने हत्या की आशंका जताई। विद्यालय प्रबंधन की सूचना पर पहुंची हैदराबाद थाना पुलिस ने रात में ही शव सील कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचने पर चीत्कार मच गई। परिवार वाले विद्यालय प्रबंधन पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग करने लगे। मामले को बिगड़ता देख जिले के कई थानों की पुलिस भवानीपुर गांव पहुंच गई। मृतक के पिता मनोज कुमार की तहरीर पर हैदराबाद थाना में विद्यालय प्रबंधक हरमोहन सिंह, प्रधानाचार्य सर्वजीत सिंह, रात्रि ड्यूटी कर्मचारी सुरवीर और एक अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज हो जाने पर परिवार वालों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। हैदराबाद पुलिस ने पूछताछ के लिए एक कर्मचारी को हिरासत में ले लिया है।

# हाई कोर्ट ने सुरक्षा की मांग वाली हिंदू-मुस्लिम दंपतियों की याचिका खारिज की

**विधि संवाददाता, प्रयागराज**

**अमृत विचारः** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने जान की सुरक्षा की मांग वाली आठ हिंदू-मुस्लिम दंपतियों की याचिकाएं खारिज कर दी हैं। अदालत ने कहा कि इन दंपतियों की शादियां उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप नहीं हैं। यह कानून वर्ष 2021 में पारित किया गया था जो कि बहला-फुसला कर, बलपूर्वक, धोखाधड़ी, अनुचित प्रभाव, दबाव और प्रलोभन के जरिए एक धर्म से दूसरे धर्म में गैर कानूनी परिवर्तन को रोकता है। इन दंपतियों ने अलग-अलग याचिकाएं दायर कर अपनी सुरक्षा और वैवाहिक जीवन में हस्तक्षेप नहीं करने का निर्देश जारी करने की मांग की थी। अदालत ने 10 जनवरी से 16 जनवरी 2024 के बीच इन याचिकाओं को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति सरल श्रीवास्तव ने कहा कि ये अंतरधार्मिक विवाह के मामले हैं, लेकिन ये विवाह स्वयं में कानून के मुताबिक नहीं हैं क्योंकि धर्म परिवर्तन रोधी कानून का पालन नहीं किया गया। अदालत के समक्ष आए इन आठ मामलों में पांच मुस्लिम पुरुषों ने हिंदू महिलाओं से विवाह किया था और तीन हिंदू पुरुषों ने मुस्लिम महिलाओं के साथ विवाह किया था। अदालत ने आदेशों में याचिकाकर्ताओं के धर्मों का उल्लेख किया है। अदालत ने इन याचिकाकर्ताओं के अनुरोध को खारिज करते हुये अपने आदेश में कहा, तथ्यों को देखते हुए याचिकाकर्ताओं द्वारा मांगी गई राहत प्रदान नहीं की जा सकती। ऐसे में ये रिट याचिकाएं खारिज की जाती हैं। हालांकि, अदालत ने याचिकाकर्ताओं से कहा कि यदि वे उचित कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए विवाह करते हैं तो नये सिरे से रिट याचिका दायर कर सकते हैं।

# ट्रक लूटकर भागे दो बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**संवाददाता, एटा**

**अमृत विचार :** करोड़ों का सामान भरा ट्रक लूटने के बाद भागे दो बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दबोच लिया। उनका तीसरा साथी भागने में सफल रहा। फायरिंग के दौरान पुलिस की गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए। पुलिस ने लूटा गया ट्रक सामान समेत बरामद कर लिया।

एसएसपी राजेश सिंह ने बताया है कि रविवार रात पिलुआ थाना क्षेत्र में सुन्ना नहर के पास बदमाशों ने एक ट्रक लूट लिया। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस व इंटेलिजेंस टीम ने मौके पर जाकर ट्रक की बरामदगी व बदमाशों की तलाश में चैकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम गोकुलपुर के जंगलों में बदमाश लूटे गए ट्रक से सामान उतारकर दूसरे ट्रक में लोड कर रहे हैं। पुलिस ने रात में गोकुलपुर के जंगल में जाकर घेराबंदी की । पुलिस को देखकर बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। बदले में पुलिस ने भी फायरिंग की। इस दौरान पुलिस की गोली लगने से बदमाश विपन कुमार पुत्र रामकिशोर निवासी काजीखेड़ा थाना मारहरा, अनिल निवासी बड़ेरा थाना कोतवाली देहात पैर में गोली लगने से घायल हो गए। इसके बाद पुलिस ने दोनों बदमाशों को हिरासत में ले लिया।

# लड़कियों से नौकरी न कराएं : उलमा

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- **खानकाहे तहसीनिया पर इत्तेहाद-ए-अहले सुन्नत कॉन्फ्रेंस आयोजित**
- **मुफ्ती-ए-आजम हिंद के कुल की रस्म अदा की गई, चादरों के जुलूस पहुंचे**

**अमृत विचार :** तहसीन मियां के 17 वें उर्स के दूसरे दिन सोमवार को कार्यक्रमों का आगाज फज्र की नमाज के बाद दरगाह तहसीनी पर कुरानख्वानी से हुआ। इस मौके पर इत्तेहाद-ए-अहले सुन्नत और रद्दे सुलह कुल्लियत कॉन्फ्रेंस हुई। इसमें मौलाना सगीर अहमद रजवी ने तकरीर करते हुए कहा कि लड़कियों पर नौकरी का बोझ न डाला जाए और उन्हें तालीम के लिए दीनी मदरसों में भेजा जाए।

इससे पहले नात एवं मनकबत की महफिल में मौलाना नदीम रजा कादरी और मौलाना फुरकान रजा ने नात का नजराना पेश किया। सलाम के बाद मौलाना हाफिज मसरूर ने दुआ की। मीडिया प्रभारी सगीर उद्दीन नूरी ने बताया कि हाजी सुलतान तहसीनी की तरफ से लंगर बांटा गया। दोपहर बाद चादरों के जुलूस देवचारा, बाकरगंज, सुरखा बानखाना, रहपुरा चौधरी, सूफी टोला, चक महमूद, हाजिया पुर, रबड़ी टोला, शाहदाना, कांकर टोला, कोट आदि इलाकों से खानकाह पहुंचे। आरिफ तहसीनी और जहीर अहमद नूरी ने दरगाह पर चादरपोशी की।

मगरिब की नमाज बाद मौलाना डॉ. शकील मिस्बाही ने हलका-ए-जिक्र की रूहानी महफिल सजाई। ईशा की नमाज के बाद इत्तेहाद-ए-अहले सुन्नत और रद्दे सुलह कुल्लियत कॉन्फ्रेंस हुई, जिसकी निजामत कारी नाजिर रजा तहसीनी ने की। इस दौरान मदरसे के 17 छात्रों की दस्ताबंदी हुई। देर रात 1:40 बजे मुफ्ती-ए-आजम हिंद का कुल हुआ। मुफ्ती काजी शहीद आलम, सूफी रिजवान रजा खां, दरगाह के प्रबंधक सुहैब रजा खां, मुफ्ती खुर्शीद मुस्तफा, मौलाना खुर्शीद मिस्बाही, अमान रजा खां, हसन रजा खां आदि मौजूद रहे।

# ज्ञानवापी क्षेत्र की परिक्रमा करने जा रहे शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को पुलिस ने रोका

**वाराणसी ।** ज्योतिष पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को सोमवार को ज्ञानवापी क्षेत्र की परिक्रमा करने से पुलिस ने रोक दिया गया। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने सोमवार को दोपहर तीन बजे मूल काशी विश्वनाथ (ज्ञानवापी क्षेत्र) के परिक्रमा की घोषणा की थी। शंकराचार्य के इस ऐलान के बाद ही पुलिस सतर्क हो गयी थी और उन्हें उनके श्री मठ से निकलते ही रोक दिया। सोनारपुरा स्थित विद्यामठ के आसपास बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। दशाश्वमेध क्षेत्र के सहायक पुलिस आयुक्त अवधेश पांडेय ने कहा, ''शंकराचार्य के पास अनुमति नहीं थी।

## उत्तराखंड

# पड़ोसी से विवाद पर व्यापारी ने कुत्ते को कार से कुचल कर मार डाला

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

- **पशु प्रेमियों में रोष, आरोपी के खिलाफ थाने में दी तहरीर**

**अमृत विचार :** लग्जरी कार सवार कारोबारी का गली में कुत्ता टहला रहे युवक से विवाद हो गया। नाराज कारोबारी ने लग्जरी कार से कुचल कर कुत्ते को मार डाला। जब कुत्ते के मालिक युवक ने विरोध किया तो कारोबारी ने पिता के साथ मिलकर उसकी भी पिटाई लगा दी। आरोपी पर कार्रवाई को लेकर पुलिस चौकी में लोगों की भीड़ जमा गई। कुत्ते के मालिक व पशु प्रेमियों ने अलग-अलग तहरीर सौंपी हैं।

शौर्य कक्कर निवासी पंत मार्ग, ठंडी सड़क भोटियापड़ाव ने बताया कि वह 28 जनवरी की रात करीब 9 बजे अपने पग कुत्ते को गली में टहला रहे थे। तभी उनका पड़ोसी एवं स्पेयर पार्ट्स कारोबारी अपनी लग्जरी कार से गली से गुजरा। गली में किसी बात को लेकर उसकी शौर्य से कहासुनी हो गई। नाराज कारोबारी ने तेजी से अपनी कार शौर्य के कुत्ते पर चढ़ा दी। पहला पहिया कुत्ते के ऊपर से गुजरा और वह पिछले पहिये में फंस गया। शौर्य ने कार पीछे करने के लिए कहा, लेकिन उसने कुत्ते को फंसे रहने दिया। भोटियापड़ाव चौकी प्रभारी कुमकुम धानिक ने बताया कि कुत्ते के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। आरोपियों के खिलाफ कुत्ते के मालिक के अलावा पशु प्रेमियों ने भी तहरीर दी है।

**पशु प्रेमियों ने दी तहरीर**

घटना की जानकारी पर श्रीश्री 1008 ज्योतिर्मठ गौ सेवा न्यास से जुड़े दीपक जोशी, नीरज मिश्रा और प्रथम बिष्ट भी पुलिस चौकी पहुंच गए। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी और भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 429 और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(1) और मोटर वाहन अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

## रात और दिन के तापमान में 19 डिग्री का अंतर

**हल्द्वानी।** असमान्य मौसम की वजह से जहां दिन में चटक धूप निकल रही और पारा चढ़ रहा है तो वहीं रात को तापमान में भारी गिरावट आ रही है। दिन और रात के तापमान में 19 डिग्री का अंतर दर्ज किया जा रहा है। हल्द्वानी में सुबह से ही धूप खिली रही। यहां पिछले कुछ दिनों से दिन के समय धूप निकल रही है जिससे दिन में ठंड से लोगों को राहत मिल रही है। हालांकि शाम होने के साथ ही ठंड बढ़ने लगी और रात को पारे में भारी गिरावट आने लगी। शहर में अधिकतम तापमान 21.5 डिग्री तो वहीं न्यूनतम तापमान 2.5 डिग्री दर्ज किया गया।

# नाबालिग ने दिया बच्चे को जन्म, बड़े भाई पर पॉक्सो कानून में एफआईआर

**संवाददाता, टनकपुर**

- **भाई के साथ टनकपुर में रहकर कर रही थी पढ़ाई**

**अमृत विचार :** चम्पावत जिले में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। सगे भाई के दुष्कर्म का शिकार बनी एक नाबालिग ने शिशु को जन्म दिया है। मामला नाबालिग से जुड़ा होने की वजह से उप जिला अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस को सूचना दी। नाबालिग के पिता ने भी बेटे पर संबंध बनाने का आरोप लगाते हुए पुलिस में तहरीर दी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में एफआईआर दर्ज की है।

चंपावत जनपद के दूरस्थ गांव की नाबालिग छोटे भाई के साथ टनकपुर में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई कर रही है। कुछ दिन पूर्व तबीयत खराब होने पर परिजनों ने निजी अस्पताल में दिखाया, जहां पता चला कि वह गर्भवती है। इसके बाद परिजनों ने टनकपुर व खटीमा के निजी अस्पतालों में भी उसकी जांच कराई गई। बताया जा रहा कि छात्रा के नाबालिग होने के कारण निजी चिकित्सालयों ने प्रसव कराने से इनकार कर दिया। रविवार को छात्रा की हालत बिगड़ने पर उप जिला अस्पताल टनकपुर पहुंचे, जहां रात में उसने एक स्वस्थ्य शिशु को जन्म दिया। बाद में नाबालिग के पिता ने कोतवाली में तहरीर दी।

पिता ने आरोप लगाया कि नाबालिग के बड़े भाई ने ही उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। एसएसआई बीएस बिष्ट ने बताया कि नाबालिग छात्रा टनकपुर में अपने छोटे भाई के साथ रहकर पढ़ाई कर रही थी। पिता की तहरीर पर पीड़िता के बड़े भाई के विरुद्ध धारा पॉक्सो एक्ट में एफआईआर दर्ज की है।

## शादी से पहले वायरल किए फोटो और वीडियो

**हल्द्वानी।** शादी से ठीक एक माह पहले युवती की फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी गईं। इसको लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। पुलिस ने पार्षद सहित 12 लोगों के खिलाफ क्रास एफआईआर दर्ज की है।

राजपुरा वार्ड 13 निवासी गुड्डो ने बताया कि उन्हीं के पड़ोस में उनके बेटी और दामाद रहते हैं। उनके दामाद की छोटी बहन की मार्च में शादी होनी है। आरोप है कि क्षेत्र के ही रहने वाले विजय उर्फ भोला ने युवती के फोटो और वीडियो फेसबुक पर अपलोड कर दिए। इसकी वजह से रिश्ता टूटने की कगार पर आ गया।

# बाघों का कुनबा बढ़ने से मानव वन्य जीव संघर्ष का संकट छाया

**विनोद पपनै, रामनगर**

**अमृत विचार :** जिम कार्बेट नेशनल पार्क में बाघों की संख्या में दिनों दिन बढ़ोत्तरी होने से मानव वन्य जीव संघर्ष टालने की कवायद आसान नहीं है। यह बात दीगर है कि विभाग लोगों को लिविंग विथ टाइगर के लिए जागरूक भले ही कर रहा हो मगर बढ़ती बाघों की संख्या से आम जनमानस चिंतित जरूर है।



आक्रमक मुद्रा में बाघ। ● अमृत विचार

यदि कार्बेट टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या के विषय में देखा जाए तो 2006 में बाघों की संख्या 137 से बढ़कर 2022 में 260 तक पहुंच चुकी है। यह देश और दुनिया में बाघों का सर्वाधिक घनत्व है। ऐसे हालातों में एक बाघ के पास केवल पांच स्क्वायर किलोमीटर का दायरा आता है जबकि एक बाघ का आम तौर पर 15 से 20 स्क्वायर किलोमीटर का दायरा टेरिटरी माना गया है। ऐसे हालातो में जंगल के भीतर वर्चस्व की जंग होना लाजिमी है। जो कमजोर बाघ होगा वह जंगल से निकलकर आबादी की ओर आएगा।

यही सब इस क्षेत्र में होने की वजह से ही मानव वन्य जीव संघर्ष का खतरा कम होने के बजाय बढ़ रहा है। मानव वन्य जीव संघर्ष को कम किए जाने के लिए सुझाव देते हुए वाइल्ड लाइफ फ़ोटो ग्राफर दीप रजवार ने कहा कि जब तक वन ग्रामों और खत्तों का विस्थापन नहीं होता तब तक मानव वन्य जीव संघर्ष जारी रहेगा। क्योंकि इन गांवो में एक गरीब तबका निवास करता है जो जलौनी लकड़ी और पशुचारे के लिए पूर्णतः जंगल पर निर्भर है। अधिकतर यही लोग मानव वन्य जीव संघर्ष की भेंट चढ़ते हैं। सरकार को इस ओर गंभीरता से मनन करना होगा।

वन्य जीव विशेषज्ञ संजय छिम्वाल का कहना है कि जंगल में से सागौन, यूके लिप्टिस, लेंटाना घास का समूल नाश किया जाना जरूरी है। जंगलों के अंदर चारागाहों और पानी के स्रोत जैसे तालाब आदि का निर्माण कर जल संचय भी जरूरी है। अधिक घनत्व वाले आबादी वाले बाघों को अन्य जंगलों में शिफ्ट करना होगा।

## जज के आदेश का उल्लंघन रीडर ने दर्ज कराया मुकदमा

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** कोर्ट के आदेश का उलंघन एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत न होने पर उसके खिलाफ कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस अब आरोपी की गिरफ्तारी की तैयारी कर रही है। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हल्द्वानी में रीडर के पद पर कार्यरत धर्मेंद्र लाल आर्या ने पुलिस को दी तहरीर में कहा, न्यायालय में एक मामला विचाराधीन है। कोर्ट ने इस मामले में मलाड वेस्ट लिंक रोड मुंबई महाराष्ट्र निवासी कवल शर्मा को कोर्ट में उपस्थित होने के आदेश दिए थे। आदेश के तहत कवल को बीते वर्ष 5 सितंबर को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत होना था, लेकिन वह हाजिर नहीं हुआ।

# ढेला और झिरना में रोकी पर्यटकों की राह

**संवाददाता, रामनगर**

**अमृत विचार :** बाघ द्वारा महिला को मारने के बाद सोमवार को गुस्साए ग्रामीणों ने सावल्दे में बीच सड़क पर धरना देकर जाम लगा दिया। इससे कॉर्बेट के ढेला और झिरना पर्यटन जोन में पर्यटकों की आवाजाही पूर्णतया ठप हो गई। ग्रामीणों ने कॉर्बेट प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

वहीं पुलिस एवं वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाते हुए जाम खोलने का अनुरोध किया लेकिन ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे। सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक ग्रामीण सड़क पर धरना देते रहे। जाम की वजह से जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क के झिरना एवं ढेला रेंज में पर्यटकों की आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई। इसी बीच पंजाब राज्य के जेड प्लस सुरक्षा प्राप्त वीवीआईपी पूर्व विधायक विक्रम सिंह मजीठिया भी इसी मार्ग से गुजरने वाले थे। पुलिस ने ग्रामीणों को काफी समझाने का प्रयास किया तो उनके बीच तीखी नोकझोंक भी हुई, लेकिन ग्रामीणों ने जाम नहीं खोला। इसी बीच पंजाब के वीआईपी की फ्लिट भी मौके पर पहुंच गई जिसे देखकर ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए अपना प्रदर्शन उग्र कर दिया। ग्रामीणों के आक्रोश को देखकर वीआईपी को आखिरकार अपने सुरक्षा कर्मियों सहित लौटना पड़ा।



सांवल्दे में बीच सड़क पर बैठकर रोष जतातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

# धर्म दर्शन


## दिव्यगुणों से युक्त अग्निदेव

हे सोम! आप अग्नि की भांति ऊर्जा प्रदान करने वाले अग्निरूप हैं। आप दिव्य पोषक रस के रूप में हैं। आप यज्ञ में आए अतिथियों का यथोचित सत्कार करने वाले हैं। धन ऐश्वर्य प्रदान करने वाले, संपूर्ण जगत के पोषक अग्नि एवं विष्णु देवता की तृप्ति के लिए हम आपको ग्रहण करते हैं। हे शकल! आप अग्नि उत्पादन के आधार हैं। हे कुशाओं! अग्नि उत्पन्न करने में सक्षम होने के कारण आप वीर्य स्वरूप हैं। हे घृत! आप अग्नि को आयु प्रदान करने वाले अर्थात् देर तक प्रज्वलित रखने वाली हैं।



हे अग्निदेव! आपको प्रकट करने के लिए गायत्री, त्रिष्टुप तथा जगती छंदों के साथ हम मंथन करते हैं। वेदज्ञाता ऋषियों के पुत्र स्वरूप हे ऋत्विकगण! प्रमादवश दिए गए शापों से यजमान के रक्षक ये आवहनीय अग्निदेव यज्ञ कुंड में प्रतिष्ठित होकर हवन का सेवन करते हैं। हे अग्निदेव! आप यजमानों के लिए कल्याणकारी होते हुए यज्ञ में दी गई आहुतियां को ग्रहण करें और इन्द्रादि देवताओं तक पहुंचाएं।

सर्वत्र गमन करने वाले, सर्वव्यापी, बलशाली हे आज्य! हम आपको यज्ञ कार्य के लिए स्वीकार करते हैं। सरल तथा श्रेष्ठ मार्ग पर ले चलने वाले आप यज्ञ कर्म में हमें स्थापित करें। हे व्रत पालन में अग्रगण्य अग्ने! आप हमारे वर्तमान व्रत का पालन करने वाले हैं। व्रत कार्यों के द्वारा अग्नि और यजमान समान रूप से आदर के पात्र हों। तपस्या का अधिपति गुरु तथा तपश्चर्या करने वाला शिष्य दोनों समान भाव वाले हों। हे सोमदेव! सोमवल्ली के संपूर्ण अवयव धनवान इंद्र के लिए प्रीतिकर होते हुए वृद्धि को प्राप्त करें। हे सोमदेव! आपका कल्याण हो। आपकी कृपा से हम सोम-यज्ञ कार्य को शीघ्र ही समाप्त करें। आपकी अनुकंपा से हम धन प्राप्त करें। हे अग्निदेव! जो आपका लौहमय, रजतमय तथा स्वर्णमय शरीर है, वह देवताओं की मनोकामना को पूर्ण करने वाला, असुरों को दुर्गम स्थान वाली गुफाओं में अवस्थित करने वाला, राक्षसों के कठोर शब्दों को नष्ट करने वाला तथा देवताओं के निमित्त आरोप प्रत्यारोप पूर्वक उच्चारण किए गए कथन को पूर्णतया प्रभावहीन कर देने वाला है। इस प्रकार के महिमाशाली शरीरधारी आपके लिए यह आहुति प्रदान की जा रही है। हे पृथ्वीदेवी! आप ही आप 'तप्तयानी' अर्थात् ऊर्जा प्रदान करने वाली और 'वित्तयानी' अर्थात् धन प्रदान करने वाली हैं। दीनता से हमे बचाएं। हे उत्तरवेदि! आप सिंहनी रूप हैं। आप आदित्य को प्रसन्न करने वाली हैं। आप ब्राह्मण एवं क्षत्रियों को हर्षित करने वाली हैं। इस रूप वाली आपको आहुति प्रदान की जाती है। हे मध्य परिधि! आप स्थिर हैं, अतः पृथ्वी को आप दृढ़ करें। हे दक्षिण परिधि! आप अंतरिक्ष में स्थिर यज्ञ में निवास करने वाली हैं, अतः आप अंतरिक्ष को पुष्ट करें। हे उत्तर परिधि! आप द्युलोक रूप हैं, अतः द्युलोक को स्थिर करें। हे गुग्गुल आदि सुगंधित द्रव्य समूह! आप अग्नि को पूर्ण करने वाले हैं। महान, सर्वज्ञ, वेदों का भलीभांति अध्ययन करने वाले ऋत्विकगण, सांसारिक विषयों से मन हटाकर यज्ञकार्य की पूर्णता के विषय में विचार करने लगते हैं। संपूर्ण प्राणियों के साक्षीभूत, प्रेरणा देने वाले, सर्वदा श्रेष्ठ स्तुतियों से प्रशंसित सविता देवता को अनुकूल करने के लिए यह आहुति प्रदान की जाती है। हे विष्णुदेव! आप अपने सर्वव्यापी प्रथम पद पृथ्वी में, द्वितीय पद अंतरिक्ष में तथा तृतीय द्युलोक में स्थापित करते हैं। भूलोक आदि इनके पद-रज में अंतर्हित है। इन सर्वव्यापी विष्णुदेव को यह आहुति दी जाती है। हे पृथ्वी एवं द्युलोक! आप लोगों के लिए कृषि, संपत्ति से युक्त अनेक गौओं को देने वाले, यवादि श्रेष्ठ अन्नों को देने वाले तथा विवेकवान पुरुषों के लिए यज्ञ साधनों को प्रदान करने वाले हैं। आपके लिए हम यह आहुती समर्पित करते हैं। राक्षसों एवं अभिचार साधनों का विनाश करने वाले विष्णु देवता से संबंधित गर्त (गड्ढे) का हम प्रोक्षण करते हैं। हे उदुंबर (गूलर की लकड़ी) शाखे! आप स्थिर हों। यजमान भी अपने घर में पुत्र तथा पशुओं से पूर्ण होता हुआ स्थिर हो। इस घृत आहुति से आप द्युलोक और पृथ्वी को संव्याप्त करें। हे तृण निर्मित छप्पर! आप इंद्र से जुड़ गए हैं, अतः आप सभी लोगों के छाया स्वरूप हैं। हे रज्जु! आप इंद्रदेव का संबंध जोड़ने के सीवन रूप हैं। हे ग्रंथि! आप इंद्रदेव से संयुक्त होकर स्थिर हों। हे आग्नीध! आप इंद्रदेव से संबंधित हो गए हैं। सभी देवताओं से संबंधित हो जाएं।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

## वेदांत दर्शन: विशिष्टाद्वैतवाद

विशिष्टाद्वैतवाद जैसा कि इसके नाम से ही संकेतित है, 'अद्वैत' से मिलता-जुलता संप्रदाय है। 'अद्वैत' के पूर्व गुणवाचक 'विशिष्ट' विशेषण के जुड़ने से इसकी उत्पत्ति हुई है। इस मत के अनुसार "ब्रह्म" ऐकांतिक होते हुए भी 'पुरूष'(ईश्वर) है। इसके दो विशिष्ट अंग क्रमशः चित (जीवात्मा) तथा अचित (जड़जगत), जो वास्तविक और उससे भिन्न या पृथक है। इन तीन तत्वों (तत्वत्रय) अर्थात् ब्रह्म, चित और अचित से ही सृष्टि संघटित है। तीनों में एकता होते हुए भी अभेद नहीं है अर्थात् अलगाव भी है। जीवात्मा, ईश्वर की कृपा से ही सृष्टि कर सकता है। इस मत का प्रतिपादन रामानुजाचार्य रचित 'ब्रह्मसूत्र'(बादरायण कृत) ग्रंथ पर लिखित "श्रीभाष्य" है। किंतु रामानुजाचार्य के विषय में विवरण अंकित करने से पूर्व वेदांतियों के दो अन्य महत्वपूर्ण संप्रदायों- 'द्वैतवादी' और 'द्वैताद्वैतवादी' पर प्रकाश डालना सर्वथा उचित प्रतीत होता है।

("द्वैतवाद") "ब्रह्मसूत्र" प्रणेता हमारे सुप्रसिद्ध बादरायण से पहले ही वेदांत के कई आचार्यों ने आत्मा एवं ब्रह्म के विषय में अपने-अपने मत का प्रतिपादन किया है। इनके तीन सिद्धांत क्रमशः द्वैत, अद्वैत एवं द्वैताद्वैत या भेदाभेद पर्याप्त लोकप्रिय हुए। द्वैत मत के संस्थापक औडुलोमि हैं। उनके मतानुसार 'आत्मा', 'ब्रह्म' से बिल्कुल भिन्न या अलग है, जब तक कि वह 'मोक्ष' को प्राप्त कर 'ब्रह्म' में विलीन नहीं हो जाता है। वेदांत के अतिरिक्त सांख्य, न्याय एवं वैशेषिक दर्शनों में भी आत्मा को प्रकृति या ब्रह्म से अलग स्वतंत्र तत्व माना गया है। स्पष्ट है इस मत के द्वैतवेदांती, सांख्य एवं वैशेषिक तीनों ही समर्थक हैं।

"द्वैताद्वैतवाद" इसी को 'भेदाभेदवाद' भी कहा गया है। इस मत या संप्रदाय के लोग, 'द्वैत' और 'अद्वैत' दोनों को ही सत्य स्वीकारते हैं। इस मत के प्रमुख प्रवर्तक निम्बार्क, भास्कराचार्य या आचार्य भास्कर माने जाते हैं। इस संप्रदाय को ही देवर्षि संप्रदाय, हंस संप्रदाय एवं सनकादि संप्रदाय नामों से भी जाना जाता है। निंबार्काचार्य के जन्मकाल को लेकर पर्याप्त मत भेद है। महाभारत के अर्जुन के पौत्र एवं परीक्षित के पुत्र जन्मे जय का समकालीन मानने वाले भी हैं। जबकि डा. राजबली पांडेय सहित अधिकांश आधुनिक विद्वान इनको 11 वीं में हुआ निंबार्क स्वामी से अभिन्न बताते हैं, जिन्होंने 'ब्रह्मसूत्र' की विष्णुपरक व्याख्या कर के 'द्वैताद्वैत' अथवा 'भैदाभेद' मत की स्थापना की (-डॉ. राजबली पांडेय-हिंदू धर्मकोश, पृष्ठ 337)। आचार्य निंबार्काचार्य के मतानुसार ब्रह्म, जीव और जड़ अर्थात् चेतन और अचेतन से पृथक एवं अपृथक दोनों हैं।

इसी अलगाव या अलगाव अथवा भेद और अभेद पर उनका सिद्धांत आधारित है। इनके अनुसार जीव और जगत दोनों ब्रह्म के परिणाम हैं। दोनों ही ब्रह्म से भिन्न और अभिन्न हैं। यही इस मत का सार है।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

## गणपति क्यों हैं अधिपति



भारतीय ऋषियों के चिंतन को व्यापक रूप से देखने पर उसमें अध्यात्म के साथ विज्ञान की भी झलक मिलती है। अनेक वैज्ञानिक अन्वेषणों का आधार भारतीय ऋषियों के ज्ञान पर आधारित मिलता है। इसी क्रम में आधुनिक कम्प्यूटर साइंस में जिस माउस से पूरी दुनिया ही नहीं, बल्कि आकाश-पाताल की परिक्रमा की जाती है, वही माउस (चूहा) देवाधिदेव महादेव के पुत्र गणेश जी का वाहन है। गणेश ने माता-पिता के चरणों की परिक्रमा पलभर में करके प्रथम पूज्य का स्थान प्राप्त किया, उसी माउस से आपरेटर पलभर में वांछित परिणाम हासिल करता है।

अनेक तर्कशास्त्रियों का यह आरोप है कि पार्वती जी के शरीर के मैल से गणेश जी का जन्म व्यावहारिक नहीं है। प्रथम दृष्टया इसे सही मान तो लिया ही जाएगा, लेकिन कम्प्यूटर साइंस की दृष्टि से मैल को परिभाषित किया जाए तो पेन-ड्राइव, सीडीआर सहित सभी स्टोरेज मीडिया, पीडीएफ, हाइपर टेक्स्ट तथा अन्य फाइल फार्मेट, ई मेल जैसे मल्टीमीडिया आदि के कंटेट कम्प्यूटर के आपरेटिंग सिस्टम के मैल (इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट) ही हैं, जो कार्य उस सोर्स कम्प्यूटर जिसमें पूरी फाइल विद्यमान है। वहीं से डाउनलोड कर पेन ड्राइव आदि में फाइल के रूप में लिया जाता है। इन्हीं माध्यमों को प्राचीन ऋषियों ने 'मैल' नाम दिया तो आधुनिक दौर में उसे ई मेल जैसे एप या पेन ड्राइव मीडिया का कंटेट कह रहा है।

तर्कशास्त्री इस बात के लिए भी व्यंग्य करते हैं कि महादेव सर्वज्ञ थे तो उन्हें जान लेना चाहिए था कि गणेश जी उनके पुत्र हैं। फिर युद्ध की क्या जरूरत पड़ गई? इसे भी कम्प्यूटर साइंस की दृष्टि से देखा जाए तो यह विदित है कि चाहे जितना भी साफ्टवेयर, उसके लैंग्वेज या आपरेटिंग सिस्टम का कुशल कर्ता और ज्ञाता हो, वह बिना पासवर्ड के पेन ड्राइव और एप आदि से वांछित सामग्री नहीं ले पाएगा। क्योंकि जब तक सृष्टि के हितविधान में अपरिहार्य न हो, तब तक देवताओं के विनियामक व्यवस्था में इथिकल हैकिंग भी पूरी तरह अनिथिकल होती है। इसी के साथ गणेश जी का गर्दन काटकर हाथी का गर्दन क्यों लगाया गया, इस पर भी तर्कशास्त्री सवाल खड़ा करते हैं। इस पर मनन किया जाए, तो स्पष्ट प्रतीत होता है कि कम्प्यूटर संचालित करते वक्त खुद के मन से नहीं, बल्कि कम्प्यूटर के प्रोग्रामिंग से ही उसे संचालित किया जा सकता है। हाथी की तरह धरती, आकाश और पाताल भी है, उस पर दृष्टि उस नियंता आपरेटर को रखनी पड़ती है। निरंतर अपग्रेड के लिए साफ्टवेयर के लैंग्वेज को रिराइट और मदरबोर्ड, रैम-रोम आदि को संशोधित करना पड़ता है। इसलिए संदर्भित पौराणिक कथा को इस दृष्टि से देखना चाहिए।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

## चौपाई के शब्द उच्चारण में भ्रांतियां

'द्रवउ सो दसरथ अजिर बिहारी' अर्धाली बालकांड के 112 वें दोहे की दूसरी चौपाई में दूसरी अर्धाली है। यह पंक्ति ख्याति प्राप्त गायकों के द्वारा जब गाई जा रही होती है तो, 'अजिर' की जगह 'अजर' गाया जाता है। हालांकि फिल्म उद्योग से जुड़े लोग 'अजिर' शब्द को जानबूझकर, 'अजर' के रूप में अपभ्रष्ट करके नहीं गाते। 'ज' को 'जि' करने से भी मात्रा की दृष्टि से वर्ण में कोई अंतर नहीं आता। तब भी दोनों वर्ण लघु या ह्रस्व ही रहते हैं। फिर गवैया यह वैयाकरणिक अभ्यास क्यों करेंगे? न ही ये अधिकतर फिल्मी गायक लक्षण ग्रंथों के रचयिता, आचार्य, शास्त्री या वैयाकरण होते हैं। वास्तविकता यह है कि 'अजिर' को 'अजर' गाने वाले फिल्मी गायकों को न यह मालूम है कि, 'अजर' का अर्थ 'अ'+'जर', यानि जरा रहित, अर्थात 'युवा' होता है और न यह मालूम है, कि 'अजिर' का अर्थ, 'आंगन' होता है। इनके द्वारा, 'अजिर' को बिना सोचे-समझे फ्लो या फर्राटे के साथ, 'अजर' गाने का प्रमुख कारण, शंकर जी से और उनकी स्तुतियों-स्तवनों से जुड़े 'अजर-अमर' शब्द युग्म से है, जो इन्होंने कई बार सुन और अपनी व्यावसायिक गायिकी में भी फिट कर रखा है, लेकिन इसका वास्तविक अर्थ ये लोग नहीं जानते। तुलसी ने 'रामचरितमानस' में निवेदन या प्रार्थना के पर्यायवाची के रूप में, 'अस्तुति' शब्द का सैकड़ों बार प्रयोग किया है और 'स्तुति' को शायद भूलकर एक बार भी नहीं। जबकि 'अस्तुति' को हिंदी में 'स्तुति' का विलोम, 'निंदा' माना जाता है। यानि खड़ी बोली, हिंदी में जो, 'स्तुति', यानि प्रशंसा है, अवधी बोली में वही, 'अस्तुति', यानि निंदा है। यदि तुलसीदास हिंदी शब्दों को तोड़-मरोड़ कर अवधी शब्द बनाने की सामर्थ्य रखते थे, तो उन्होंने, 'मानस' के अपने ही पाठकों को सैकड़ों स्थानों पर भ्रमित होने से बचाने के लिए 'अस्तुति' के स्थान पर 'स्तुति' का ही प्रयोग क्यों नहीं किया? पर उनके द्वारा ऐसा किया जाना बहुत बड़ा अक्षम्य अपराध हो गया होता। इसलिए हमें अपने पांडित्य-प्रदर्शन के लिए तुलसी जैसे अतुल्य व अलौकिक विभूतियों को नहीं घसीटना चाहिए।



ओम प्रकाश मंजुल
पूरनपुर, पीलीभीत

# प्रदेश

## समस्याओं को अनदेखा करने से देश का भला नहीं हो सकता

### भाजपा सांसद वरुण गांधी ने कई गांवों में किया जनसंवाद



गांधी सभागार में शिकायतें सुनते सांसद वरुण गांधी।

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

अमृत विचारः भाजपा सांसद वरुण गांधी ने दो दिवसीय दौरे के अंतिम दिन सोमवार को ललौरीखेड़ा ब्लॉक के पिपरा, गुटैहा, बिल्हा खजुरिया, मथुदांडी, जंगरौली, जिरौनिया, सतरापुर, चिनौरा, अलियापुर, सड़िया, रूपपुरकृपा, ललौरीखेड़ा, भूड़ा मगरासा आदि गांवों में जनसंवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने संविदाकर्मियों की दिक्कतों को खुलकर उठाया।

भाजपा सांसद ने कहा कि उन्होंने हमेशा निजीकरण का विरोध किया है। यह देशहित में नहीं है। देशभर में सरकारी नौकरियों के करीब एक करोड़ पद रिक्त हैं। जब किसी गरीब को नौकरी मिलती है तो पूरा परिवार खुशियों से झूम उठता है, सबको मजबूती मिलती है। संविदा की नौकरियां किसी का भला नहीं कर सकतीं। देश में बढ़ती बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, किसानों और गरीबों की समस्याओं को अनदेखा करने से देश का भला नहीं हो सकता।

**जनसमस्याओं के निस्तारण के लिए डीएम को दिए निर्देश**

सांसद वरुण गांधी की अध्यक्षता में आम जनमानस की समस्याओं को गांधी सभागार में सुना गया। सांसद ने विभिन्न समस्याओं का संज्ञान लेते हुए शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। ग्राम भैसहा ग्वालपुर के किसानों की ओर से आवारा पशुओं को लेकर आ रही दिक्कत बताई गई थी। इसे लेकर सांसद ने डीएम को गांव में बड़ी गौशाला का निर्माण कराने के निर्देश दिए। ये भी कहा कि जिन इलाकों में अधिक पशु हैं, वहां ठोस कदम उठाएं।

## विपक्ष कर रहा राम के नाम पर राजनीति : धर्मपाल सिंह

संभल। जनपद दौरे पर पहुंचे प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने विपक्षी नेताओं पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा राम मंदिर पर राजनीति नहीं करती। बल्कि अब विपक्ष राजनीति कर रहा है। निमंत्रण नहीं मिला तो कहते थे कि निमंत्रण नहीं दिया। निमंत्रण दिया तो वह राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में नहीं गए। उन्होंने कहा कि भाजपा एक समुद्र है नीतीश अब भाजपा रूपी समुद्र में मिल गए हैं। प्रदेश में भाजपा 80 की 80 सीट जीतेगी

जनपद दौरे के तहत कलेक्ट्रेट पर पहुंचे प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि राम प्राण हैं, आधार हैं, आस्था है, सभ्यता है, व्यवस्था हैं। इसी को लेकर बीजेपी आगे बढ़ रही है। अब ऐसी तस्वीर आ रही है कि मदरसे में भी रामायण पढ़ने के लिए उत्सुकता है। उन्होंने नीतीश के एनडीए में शामिल होने को लेकर कहा कि देर आए दुरुस्त आए। भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी और समुद्र है, इस समुद्र में नदियां मिल रही हैं। उत्तर प्रदेश में भाजपा 80 की 80 सीट जीतेगी और देश में 400 लोकसभा की सीट जीतने का लक्ष्य पूरा होगा।

## सहायक शिक्षक भर्ती के आवेदन पत्र में एक और कॉलम जोड़ने का निर्देश

**विधि, संवाददाता प्रयागराज।**

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शिक्षक भर्ती के आवेदन में त्रुटिपूर्ण एवं भ्रामक जानकारियां देने के मामले में महत्वपूर्ण आदेश देते हुए कहा कि परिषदीय स्कूलों में सहायक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में परिणाम की स्थिति का एक और अतिरिक्त कॉलम भी आवेदन पत्र में शामिल किया जाए। जिससे उन उम्मीदवारों को भी आवेदन करने का अवसर मिले, जिनके परिणाम प्रतीक्षित हैं या जिनके कुछ ही दिनों में घोषित होने की संभावना है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकलपीठ ने अजय कुमार व अन्य की याचिका पर विभागीय आदेशों को रद करते हुए पारित किया है। इसके साथ ही याचियों को 3 सप्ताह के अंदर सेवाओं में शामिल करने का भी निर्देश दिया है। मामले के अनुसार दिसंबर 2014 में परिषदीय स्कूलों में 15000 सहायक शिक्षकों की भर्ती के लिए एक विज्ञापन जारी किया गया था। याचियों ने अपने ऑनलाइन फॉर्म गलत ढंग से भरे और जमा किये, जिसमें उन्होंने परिणाम घोषित हुए बिना बीटीसी पाठ्यक्रम में प्राप्त अपने अंकों का उल्लेख किया। हालांकि याची फार्म जमा करने के कुछ दिनों के भीतर बीटीसी में उत्तीर्ण हो गए और बाद में संशोधन के लिए विंडो खुलने पर अपने आवेदन पत्र में सुधार कर दिया। कोर्ट के समक्ष प्रश्नगत मामला यह है कि पंजीकरण की तिथि पर गलत बयानी और योग्य न होने के कारण याचियों की नियुक्तियों को शून्य घोषित किया जाए या नहीं। मामले की विशिष्ट परिस्थितियों पर विचार करते हुए कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि याचियों ने पंजीकरण के चरण में अपने फार्म में गलत जानकारी दी। यह सत्य है कि उनका कार्य शुरू से ही प्रमाणित नहीं था, इस दृष्टि से वे सेवा में बने रहने के हकदार नहीं है, लेकिन विभिन्न चरणों में इस कोर्ट के हस्तक्षेप के कारण सरकार ने कई परिपत्र जारी किए और फॉर्म जमा करने की तिथि बढ़ा दी, साथ ही बाद में बीटीसी पाठ्यक्रम उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थियों को भी आवेदन करने का मौका दिया गया।

## वर्ग पहेली-327

**बाएं से दाएं**

1.1. एक मुगल शासक जो अकबर का पिता था 2. भाग्यशाली व्यक्ति।

5. श्रावक धर्मावलंबी, जैन धर्म पर विश्वास करने वाला, जैन मतानुयायी।

6.1. 'घम-घम' शब्द होना 2. तेज़ आवाज़ करना, गरजना।

9.1. तरल पदार्थ (जल आदि) को उलीचकर बाहर फेंकना 2. पंक

**ऊपर से नीचे**


2.1. जिसकी आशा टूट गई हो, उदास, हताश, निराश, नाउम्मीद 2. खिन्न।

3. दरवाज़े के चौखट के नीचे की लकड़ी, देहरी।

4.1. संसार 2. मर्त्यलोक 3. प्राणीजगत।

7. एक प्रकार का दलहन।

8.1. कम मात्रा का, अल्प, न्यून, जो परिमाण में कम हो, अल्पलभ्य, कुछ, ज़रा-सा, किंचित 2. अपर्याप्त, आवश्यकता या ज़रुरत से कम या घटकर 3. केवल उतना जितने में कार्य हो जाए।



**वर्ग पहेली - 326 का हल**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ज़ | | 2 अँ | | | |
| मीं | | 3 जु | 4 बा | द | |
| | 5 ज़ | ली | ल | | 6 आ |
| | | | वा | | ति |
| | 7 घ | रा | ड़ी | | श |
| | | | | | बा |
| 8 फ़ा | इ | न | ल | | ज़ी |

## सुडोकू-44

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | 1 | | | | 2 | 7 |
| | 2 | | | 7 | | | | 5 |
| | 3 | | | | 8 | | 9 | |
| 8 | | | | 3 | | | 5 | |
| | | 4 | | | | 2 | | |
| | 1 | | | 9 | | | | 8 |
| | 4 | | 7 | | | | 1 | |
| 1 | | | | 2 | | | 4 | |
| | 5 | 6 | | | 4 | 7 | | |

**सुडोकू - 43 का हल**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 4 | 3 | 1 | 7 | 6 | 9 | 2 |
| 7 | 3 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 1 | 8 |
| 6 | 1 | 9 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 2 | 8 | 1 | 3 | 5 | 9 |
| 5 | 9 | 1 | 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 |
| 2 | 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 1 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 | 7 | 1 |
| 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 9 | 8 | 2 | 5 |
| 9 | 7 | 8 | 1 | 5 | 2 | 4 | 6 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 जनवरी, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्थी 08.54 तक तत्पश्चात पंचमी।

**आज का पंचांग**




मुहूर्त-अभिजित-11.58-12.41 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-09.04-09.47, 23.01-23.53 तक। दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तरा फाल्गुनी 22.06 तक तत्पश्चात हस्त।


मेष — आज आप प्रतिस्पर्धियों के सामने बचाव के मूड में रहेंगे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए दिन काफी अच्छा है। आप कुछ प्रभावशाली लोगों के व्यक्तित्व और उनकी सफलता से काफी प्रेरित रहेंगे।


वृष — आज कार्यक्षेत्र में अधिकारियों का व्यवहार आपको दुखी कर सकता है। पिता के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। संतान की उन्नति से आपको प्रसन्नता होगी। महत्वपूर्ण व्यापारिक संबंध बन सकते हैं। प्रेमी जन के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं।


मिथुन — आज अपनी जीवनशैली पर ध्यान अवश्य दें। आप थोड़े अव्यावहारिक हो सकते हैं जिसके कारण कार्यों में रुकावटें आ सकती है। निजी संबंधों में कुछ न्यूनता महसूस होगी। बीमारियों से छुटकारा मिलेगा।


कर्क — आज आप अपने कुशल वाक् चातुर्य से महत्वपूर्ण परिस्थितियों को अपने पक्ष में कर लेंगे। किसी उत्सव में सम्मिलित होने का निमंत्रण मिल सकता है। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। बॉस आपकी सैलरी बढ़ाने को लेकर चर्चा कर सकते हैं।



सिंह — आज जल्दबाजी में कोई बड़ा निवेश न करें। अधिकारी वर्ग आपके काम में कमी निकाल सकते हैं। अनुपयोगी गतिविधियों में अपना समय बर्बाद न करें। आपको स्वास्थ्य में काफी ध्यान देना चाहिए। आय के स्रोतों में कमी आ सकती है।


कन्या — आज आर्थिक उलझनों का निवारण होगा। फिल्म उद्योग से जुड़े लोगों का भाग्य खुल सकता है। अचानक बड़े प्रोजेक्ट्स मिल सकते हैं। आपकी इच्छाओं के पूरा होने के योग बन रहे हैं। मित्र आपकी सहायता करने का प्रयास करेंगे।


तुला — आज किसी महत्वपूर्ण काम में हाथ न डालें। प्रेम सम्बन्धों को लेकर भावुक हो सकते हैं। मन में अप्राकृतिक और अव्यावहारिक विचारों का जमावड़ा लगा रहेगा। दिन की शुरुआत कुछ नकारात्मक रहेगी। पिता से झगड़ा हो सकता है।


वृश्चिक — आज अपने परिजन व दोस्तों के साथ समय बिताएं। विद्यार्थियों को किसी उपलब्धि के लिए सम्मान मिल सकता है। मार्केटिंग से जुड़े कारोबार में उत्तम प्रगति होगी। प्रेम संबंध को वैवाहिक स्वरूप भी दे सकते हैं। आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे।


धनु — आज आपके व्यवहार एवं सिद्धांतों से कई लोग प्रभावित रहने वाले हैं। छोटे बच्चों की पढ़ाई को लेकर माता-पिता चिंतित हो सकते हैं। यात्रा काफी शुभ एवं मंगलमय रहने वाली है। रेस्टोरेन्ट एवं होटल कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी।


मकर — आज दिन की शुरुआत बहुत अच्छी रहेगी। दोपहर के बाद काम तेजी से गति पकड़ेंगे। सेहत में आ रही परेशानियों से राहत मिलेगी। आपको अनुभवी लोगों से मार्गदर्शन लेना चाहिए। उच्च शिक्षा में बड़ा शानदार प्रदर्शन करेंगे।


कुंभ — आज किसी से व्यर्थ में न उलझे। दूसरों के काम में टोका-टाकी करना उचित नहीं है। अपना चरित्र अच्छा रखें। विवाह सुख में कुछ न्यूनता रहेगी। आकस्मिक धन हानि होने के योग बन रहे हैं। व्यस्तता के बावजूद अपने काम पर ध्यान दें।


मीन — आज दोस्तों के साथ मौज-मस्ती भरा समय बिताएंगे। धर्म-कर्म में दिखावा न करें। करियर में आपको बड़े मौके मिल सकते हैं। व्यवसाय में बड़ा लाभ व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। दांपत्य सुख का भरपूर आनंद लेंगे।

## आज की फिल्में

B4U Movies
दरार — सुबह : 10.00
खुद्दार — रात : 07.00

Sony Pix
जॉम्बीलैंड — सुबह : 09.52
सुपरमैन रिटर्न्स — रात : 09.00

Sony Max
सूरमा — दोपहर : 12.00
कुत्ते — रात : 10.00

Zee Cinema
वन टू थ्री — सुबह : 10.30
सोचा न था — रात : 07.30

Colors Cineplex
ऐलान — सुबह : 09.28
...और प्यार हो गया — रात : 07.00

**आज की सुपरहिट फिल्म**




सोनी मैक्स पर रात-10.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक औरत अपनी पड़ोसन से लड़ रही थी
पहली औरत- मेरे पास पैसा है, बंगला है गाड़ी है तेरे पास क्या है?
दूसरी औरत- मेरे पास 20 साल पहले सिलवाया हुआ शादी का ड्रेस है, जो मुझे आज भी फिट आता है।
फिर क्या! कॉलोनी में सन्नाटा छा गया...

पप्पू- यार मेरे एक कमीने दोस्त ने मेरी गर्लफ्रेंड का पर्सनल नंबर मेरे फोन से निकाल लिया।
दोस्त- फिर क्या हुआ भाई?
पप्पू : होना क्या था, साला सुबह से अपनी ही पत्नी को रोमांटिक मैसेज भेज रहा है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 डीएमओ 825 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1125 बोल्ड 1165 डीएमओ 838।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल प्रति कुन्तल** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800। |

# 27% कंपनियों ने जेएआई का इस्तेमाल रोका

## संचार कंपनी सिस्को के सर्वे के मुताबिक निजता, डेटा सुरक्षा जोखिम की वजह से लगाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली, एजेंसी**

निजता और डेटा (निजी सूचना) सुरक्षा जोखिमों के चलते चार में से एक संगठन ने जनरेटिव-कृत्रिम मेधा (जेन-एआई) पर प्रतिबंध लगा दिया है। संचार कंपनी सिस्को की एक शोध रिपोर्ट में यह निष्कर्ष निकला है।

शोध रिपोर्ट 'सिस्को 2024 डेटा प्राइवेसी बेंचमार्क स्टडी' भारत, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, मेक्सिको, स्पेन, ब्रिटेन और अमेरिका में 2,600 निजता एवं सुरक्षा पेशेवरों से बातचीत पर आधारित है। अध्ययन से पता चलता है कि अधिकांश कंपनियां डेटा गोपनीयता और सुरक्षा मुद्दों पर जेन-एआई के उपयोग को सीमित कर रही हैं और 27 प्रतिशत ने इसके उपयोग पर कम से कम अस्थायी रूप से प्रतिबंध लगा दिया है। अमेरिका की कंपनी सिस्को की शोध रिपोर्ट के अनुसार-चार में से एक से अधिक संगठनों ने गोपनीयता और डेटा सुरक्षा जोखिमों के कारण जेन-एआई के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया। रिपोर्ट में जेनएआई के साथ बढ़ती गोपनीयता चिंता, एआई के उपयोग पर संगठनों के सामने आने वाली भरोसे संबंधी चुनौतियों और सूचनाओं को बेचने आदि का उल्लेख किया गया है। इस सर्वेक्षण के सातवें संस्करण में पाया गया कि निजता नियामकीय अनुपालन से कहीं आगे का मामला है।

कंपनियों की प्रमुख चिंताओं में कानूनी और बौद्धिक संपदा अधिकार (69 प्रतिशत) को जोखिम और जनता या प्रतिस्पर्धियों के सामने जानकारी साझा करने का जोखिम (68 प्रतिशत) शामिल है।

सिस्को ने कहा कि अधिकांश संगठन इन जोखिमों के बारे में जानते हैं और इसे सीमित करने के लिए नियंत्रण स्थापित कर रहे हैं। इनमें 63 प्रतिशत ने सीमाएं स्थापित की हैं कि कौन सा डेटा दर्ज किया जा सकता है, 61 प्रतिशत ने सीमाएं निर्धारित की हैं कि जेन-एआई माध्यम का उपयोग कर्मचारियों द्वारा किया जा सकता है, और 27 प्रतिशत ने कहा उनके संगठन ने कुछ समय के लिए जेन-एआई अनुप्रयोगों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया था। फिर भी, कई व्यक्तियों ने ऐसी जानकारी दर्ज की है जो चिंता बढ़ा सकती है। इसमें कर्मचारी जानकारी (45%) या कंपनी के बारे में गैर-सार्वजनिक जानकारी (48%) शामिल है।

### उत्तरदाताओं का मानना जोखिम को प्रबंधित करने के लिए नई तकनीक की जरूरत



सिस्को के मुख्य विधि अधिकारी देव स्टालकॉफ ने कहा कि संगठन जेन-एआई को मौलिक रूप से भिन्न तकनीक के रूप में देखते हैं, जिसमें विचार करने के लिए नई चुनौतियां हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 90 प्रतिशत से अधिक उत्तरदाताओं का मानना है कि जेन-एआई को डेटा और जोखिम को प्रबंधित करने के लिए नई तकनीक की जरूरत है।

# देर से मिलेगा उत्तर प्रदेश के आलू का स्वाद

**प्रशांत सक्सेना, लखनऊ**

**अमृत विचार :** देश-विदेश को उत्तर प्रदेश के आलू का स्वाद इस बार देर से मिलेगा। आलू बेल्ट में मुख्य फसल फरवरी अंत तक तैयार होगी। क्योंकि अक्टूबर में समय से बोई गई फसल अधिक तापमान से तो कुछ जगह बारिश से पिछड़ गई थी।

इसलिए ज्यादातर क्षेत्रों में किसानों ने अक्टूबर की बजाय नवंबर में बोवाई की थी। जबकि मुख्य फसल मौसम अनुकूल होने पर 15 से 25 अक्टूबर तक की जाती है। इसकी 25 फरवरी से खोदाई शुरू हो जाती है। आलू की तमाम प्रजातियां पकने में 100-110 दिन तक लगते हैं। ऐसी स्थिति में मार्च शुरुआत में ही बाजार में आलू आने की संभावना है। फसल पिछड़ने से इस बार प्रदेश से निर्यात भी देर से होगा।



- **अक्टूबर में बारिश और अधिक तापमान के कारण देर से हुई थी बोवाई**
- **फरवरी अंत में आलू तैयार होने की संभावना, निर्यात पर पड़ेगा असर**

**आगरा व कन्नौज बेल्ट से 200 टन करना है निर्यात:** लखनऊ के रहमान खेड़ा स्थित मंडी परिषद के मैंगो पैक हाउस से पहली बार आलू का निर्यात परीक्षण के तौर पर फरवरी से ओमान, बहरीन व दुबई होना है। इसके लिए कन्नौज बेल्ट से 200 टन चिप्स सोना और कुफरी बहार 3792 प्रजाति किसानों से खरीदी जानी है। जो तैयार न होने के कारण किसान तय समय पर नहीं दे पाएंगे। इससे निर्यात में देरी होगी और असर पड़ेगा। वैसे इन देशों को ईरान आलू की पूर्ति करता आ रहा है। वहीं इस संबंध में अकरब बेग (जीएम मैंगो पैक हाउस) ने बताया कि मैंगो पैक हाउस को पहली बार फरवरी से निर्यात करना है। इसी आधार पर आगे मांग आएगी। लेकिन, फसल तैयार न होने के कारण मार्च में ही निर्यात कर पाएंगे।

### प्रदेश में आलू का रकबा

बोआई : 700 लाख हेक्टेयर में

अनुमानित पैदावार : 250 लाख एमटी

> अक्टूबर में बारिश के कारण समय पर आलू की बोवाई नहीं हो पाई। इस बीच की गई फसल बर्बाद हो गई थी। इस कारण मौसम सामान्य होने पर देर से बोवाई की गई और देर से खोदाई होगी।
>
> **-डॉ. अखिलेश कुमार दुबे,** वरिष्ठ कृषि विज्ञानी, कृषि विज्ञान केंद्र, लखनऊ।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,650 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,300 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,900-48,100 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,800 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,650 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,500 |
| चांदी तैयार | 73,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,800 |
| चांदी पक्की | 727 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,000 |
| चांदी आभूषण | 73,750। |

## एमएसएमई को सार्वजनिक व निजी दोनों क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी होते देखना चाहता हूं: मित्तल

**नई दिल्ली।** दूरसंचार सचिव नीरज मित्तल ने सोमवार को कहा कि छोटी, नवोन्वेषी कंपनियों के कुछ ''उत्कृष्ट'' उत्पाद बनाने के तथ्य पर गौर करते हुए वह एमएसएमई को न केवल सार्वजनिक क्षेत्र की निविदाओं के लिए बल्कि निजी क्षेत्र में भी प्रतिस्पर्धी होते देखना चाहते हैं। दूरसंचार विभाग के शीर्ष अधिकारी मित्तल ने कहा कि सरकार उत्पादन संबंधी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना में सुधार करना चाहती है और नई, बेहतर योजना के लिए लघु, कुटीर एवं मझौले उद्यमों (एमएसएमई) से भी उनके विचार मांगे हैं।

## सेंसेक्स में जोरदार उछाल से निवेशकों की पूंजी छह लाख करोड़ रुपये बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में भारी लिवाली और एशियाई बाजारों में तेजी के चलते बीएसई सेंसेक्स में करीब दो प्रतिशत के उछाल के साथ सोमवार को निवेशकों की संपत्ति छह लाख करोड़ रुपये बढ़ गई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,240.90 अंक यानी 1.76 प्रतिशत की बढ़त के साथ 71,941.57 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,309.55 अंक तक उछल गया था। दिन में कारोबार सेंसेक्स 1,309.55 अंक या 1.85 प्रतिशत की बढ़त के साथ 72,010.22 अंक तक पहुंचा था। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 6,08,556.11 करोड़ रुपये बढ़कर 3,77,20,679.19 करोड़ हो गया। सेंसेक्स की कंपनियों में रिलांयस इंडस्ट्रीज का शेयर करीब सात प्रतिशत चढ़ गया। बाजार में तेजी में इसका सबसे ज्यादा योगदान रहा। इसके अलावा टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड, लार्सन एंड टुब्रो, कोटक महिंद्रा बैंक, एनटीपीसी, टाइटन और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

## चीनी का उत्पादन 2023 24 सीजन में चार प्रतिशत कम होने का अनुमान

**नई दिल्ली।** देश में चीनी का उत्पादन 2023-24 सीजन (अक्टूबर-सितंबर) में सालाना आधार पर करीब चार प्रतिशत घटकर 3.16 करोड़ टन रहने का अनुमान है। चीनी व्यापार संगठन अखिल भारतीय चीनी व्यापार संघ (एआईएसटीए) ने सोमवार को अपना पहला उत्पादन अनुमान जारी करते हुए कहा कि 3.16 करोड़ टन के अनुमानित चीनी उत्पादन और 57 लाख टन के शुरुआती भंडार के साथ देश में चीनी की उपलब्धता 3.73 करोड़ टन होने की संभावना है। यह अनुमानित घरेलू खपत 2.9 करोड़ टन से अधिक है।

## सरकार तय कर सकती है वित्तीय संस्थानों से 70,000 करोड़ के लाभांश का लक्ष्य

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार अगले वित्त वर्ष में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और वित्तीय संस्थानों से लाभांश के तौर पर लगभग 70,000 करोड़ रुपये प्राप्त करने की उम्मीद कर रही है। चालू वित्त वर्ष में आरबीआई से मिले अच्छे लाभांश के बाद यह उम्मीद की जा रही है।

सूत्रों ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को लोकसभा में पेश किए जाने वाले अंतरिम बजट में वित्तीय संस्थानों से लाभांश प्राप्त करने का जो लक्ष्य रखेंगी, वह चालू वित्त वर्ष के लिए अनुमानित 48,000 करोड़ रुपये से कहीं अधिक होगा। चालू वित्त वर्ष का अनुमान पहले ही बजट लक्ष्य से अधिक हो चुका है। इसका कारण आरबीआई का 87,416 करोड़ रुपये का लाभांश है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों का तिमाही वित्तीय परिणाम अच्छा रहा है। ऐसे में आने वाले वर्ष में उनकी तरफ से लाभांश भुगतान चालू वित्त वर्ष की तुलना में अधिक होगा। सूत्रों ने कहा कि इसीलिए, वित्त वर्ष 2024-25 में आरबीआई और वित्तीय संस्थानों से लाभांश भुगतान के रूप में लगभग 70,000 करोड़ रुपये प्राप्त करने की उम्मीद करना उपयुक्त है।



## एक नजर

### प्रबीर, अमित चक्रवर्ती की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आतंकवाद रोधी कानून यूएपीए के तहत दर्ज एक मामले में समाचार पोर्टल 'न्यूजक्लिक' के संस्थापक और मुख्य संपादक प्रबीर पुरकायस्थ तथा मानव संसाधन विभाग के प्रमुख अमित चक्रवर्ती की न्यायिक हिरासत सोमवार को बढ़ा दी। उन पर चीन के समर्थन में प्रचार के लिए धन प्राप्त करने के आरोप में गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम कानून (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुरकायस्थ मामले में आरोपी हैं जबकि पूर्व सह-आरोपी चक्रवर्ती हाल में मामले में सरकारी गवाह बन गया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर ने सोमवार को उनकी न्यायिक हिरासत 17 फरवरी 2024 तक बढ़ा दी।

### तेजस्वी यादव को बयान दाखिल करने का निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव को उनकी उस कथित टिप्पणी को वापस लेते हुए एक उपयुक्त बयान दाखिल करने का निर्देश दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं। न्यायमूर्ति ए.एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्ल भुइयां की पीठ ने तेजस्वी के पूर्व के हलफनामे को लेकर शिकायतकर्ता द्वारा आपत्ति जताये जाने के बाद एक नया बयान दाखिल करने के लिए राजद नेता को एक हफ्ते का वक्त दिया है।

### 500 ग्राम हेरोइन के साथ दो युवक गिरफ्तार

**सिरसा।** हरियाणा के सिरसा में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत ब्यूरो की सिरसा यूनिट ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-9 पर अंडरब्रिज गांव सिकन्दरपुर से एक कार में सवार दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से 501 ग्राम हेरोईन पकड़ने में सफलता हासिल की है। ब्यूरो इसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में लगभग 50 लाख 10 हजार रुपये आंक रहा है। आरोपियों के खिलाफ सदर थाना सिरसा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के सिरसा स्थित पुलिस उपाधीक्षक दलीप सिंह ने गिरफ्तारी के बारे में जानकारी दी।

## परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को प्रधानमंत्री ने किया संबोधित, माता-पिता व शिक्षकों को दी सलाह

# अपने बच्चे के रिपोर्ट कार्ड को अभिभावक अपना विजिटिंग कार्ड न मानें: नरेंद्र मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अभिभावकों को अपने बच्चे के रिपोर्ट कार्ड को अपना विजिटिंग कार्ड नहीं मानने की सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि दबाव से निपटने में बच्चों की मदद करने के लिए उनमें दृढ़ता पैदा करना महत्वपूर्ण है और माता-पिता व शिक्षकों को सामूहिक रूप से छात्रों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करना चाहिए। दसवीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं से पूर्व छात्रों के मानसिक तनाव को कम करने के उद्देश्य से मोदी ने छात्रों को दूसरों से नहीं बल्कि खुद से प्रतिस्पर्धा करने और अभिभावकों को अपने बच्चों में प्रतिस्पर्धा और प्रतिद्वंद्विता के बीज ना बोने का भी सुझाव दिया।

अपने वार्षिक 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा-हमारे बच्चों में दृढ़ता पैदा करना और दबावों से निपटने में उनकी मदद करना महत्वपूर्ण है।

प्रधानमंत्री मोदी ने छात्रों को हमेशा ऐसे दोस्त बनाने का सुझाव दिया जो अधिक बुद्धिमान हों और कड़ी मेहनत करते हों। उन्होंने कहा-आपको ऐसे दोस्तों से प्रेरित होना चाहिए। पढ़ाई और परीक्षा के दबाव को खुद पर हावी न होने दें। मोदी ने कहा कि भले ही प्रतिस्पर्धा और चुनौतियां प्रेरणा के रूप में काम करती हैं, लेकिन प्रतिस्पर्धा स्वस्थ होनी चाहिए। उन्होंने कहा-बहुत से माता-पिता अपने बच्चों को दूसरे बच्चों का उदाहरण देते रहते हैं। माता-पिता को इन चीजों को करने से बचना चाहिए।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में 'परीक्षा पे चर्चा 2024' के दौरान छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत की। ● एजेंसी

# मामलों में वादियों की जाति या धर्म का उल्लेख करने की परंपरा बंद हो : उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल रोक लगाने का दिया निर्देश**

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अदालती मामलों में वादियों की जाति या धर्म का उल्लेख करने की प्रथा बंद होनी चाहिए। शीर्ष अदालत ने अपनी रजिस्ट्री और अन्य सभी अदालतों को भी इस पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला की पीठ ने सभी उच्च न्यायालयों को निर्देश दिया कि उच्च न्यायालयों या अधीनस्थ अदालतों के समक्ष दाखिल किसी भी याचिका में पक्षों के मेमो में वादी की जाति या धर्म का उल्लेख नहीं होना चाहिए। पीठ ने कहा-हमें इस अदालत के समक्ष या किसी भी अधीनस्थ अदालत के समक्ष किसी वादी की जाति या धर्म के उल्लेख का कोई कारण नजर नहीं आता। इस तरह की परिपाटी रुकनी चाहिए और तत्काल बंद होनी चाहिए।



शीर्ष अदालत ने राजस्थान की एक कुटुम्ब अदालत में लंबित एक वैवाहिक विवाद में मामले को स्थानांतरित करने की अनुमति देते हुए आदेश सुनाया। शीर्ष अदालत ने इस बात पर हैरानी जताई के पक्षों के मेमो में पति और पत्नी दोनों की जातियों का उल्लेख किया गया है।


### कोर्ट ने मजिस्ट्रेट को उपयुक्त प्रशिक्षण दिलवाने को कहा

**नई दिल्ली।** शीर्ष कोर्ट ने अग्रिम जमानत हासिल कर चुके एक व्यवसायी की पुलिस रिमांड को अदालत की घोर अवमानना करार देते हुए सोमवार को कहा कि वह गुजरात उच्च न्यायालय को दंडाधिकारियों (मजिस्ट्रेट) को उपयुक्त प्रशिक्षण देने के लिए कहेगा। गुजरात के व्यवसायी की पुलिस रिमांड को लेकर अत्यधिक नाखुशी जाहिर करते हुए शीर्ष अदालत ने 10 जनवरी को व्यक्ति की अवमानना याचिका पर सूरत के कुछ पुलिस अधिकारियों और एक न्यायिक मजिस्ट्रेट को नोटिस जारी किया। शीर्ष अदालत को सूचित किया गया कि पिछले साल 8 दिसंबर को याचिकाकर्ता तुषारभाई रजनीकांतभाई शाह को अग्रिम जमानत दी गई थी।

## राकांपा विधायकों की अयोग्यता संबंधी याचिका पर निर्णय लेने की समयसीमा बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **फैसला करने के लिए उच्चतम न्यायालय ने दिया निर्देश**



उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट से जुड़े राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने का अनुरोध करने वाली याचिका पर फैसला करने के लिए राज्य विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को दी गई समयावधि सोमवार को 15 फरवरी तक बढ़ा दी। इससे पहले शीर्ष अदालत ने 30 अक्टूबर को राकांपा के शरद पवार गुट के नेता जयंत पाटिल की इस याचिका पर फैसला करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष को 31 जनवरी तक का समय दिया था।

पाटिल की याचिका में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली राज्य सरकार का हिस्सा बनने के लिए पाला बदलने वाले राकांपा विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने का अनुरोध किया गया है। न्यायालय ने उसी दिन नार्वेकर को निर्देश दिया था कि वह शिवसेना के प्रतिद्वंद्वी गुटों की ओर से दाखिल उन याचिकाओं पर भी 31 दिसंबर तक फैसला करें जिनमें दोनों ने एक-दूसरे के विधायकों को सदन की सदस्यता से अयोग्य ठहराने का अनुरोध किया है।

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला व न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की इन दलीलों पर गौर किया कि याचिका पर आदेश पारित करने के लिए तीन और सप्ताह की आवश्यकता है। मेहता ने प्रतिद्वंद्वी शिवसेना गुटों द्वारा दायर याचिकाओं पर अध्यक्ष द्वारा हाल में पारित आदेश का उल्लेख किया और कहा कि प्रतिवादियों की जिरह अभी पूरी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि यह 31 जनवरी तक पूरी हो जाएगी तथा आदेश पारित करने के लिए तीन सप्ताह का समय और दिए जाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष प्रतिद्वंद्वी शिवसेना गुटों द्वारा दायर याचिकाओं के निपटारे में व्यस्त थे। उन्होंने कहा कि राकांपा के मामले में कार्यवाही वैसे समाप्त हो चुकी है और अध्यक्ष को आदेश लिखने के लिए वास्तव में कुछ और समय की आवश्यकता है।

## हिजाब पर विधायक के बयान पर बवाल, छात्राओं का प्रदर्शन

**जयपुर, एजेंसी**

जयपुर के एक सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली मुस्लिम छात्राओं ने भाजपा विधायक बालमुकुंद आचार्य के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर सोमवार को सुभाष चौक पुलिस थाने के सामने प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि विधायक ने स्कूल में एक कार्यक्रम के दौरान छात्राओं के हिजाब पहनने पर आपत्ति जताई थी।

कई स्कूली छात्राओं ने आज सुभाष चौक थाने के बाहर सड़क पर जाम लगा दिया और स्थानीय भाजपा विधायक के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने विधायक से माफी मांगने और नेता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। प्रदर्शनकारी छात्राओं ने संवाददाताओं से कहा-विधायक वार्षिक समारोह में भाग लेने के लिए हमारे स्कूल आए थे। हमने उनका स्वागत किया। हमें बताया गया कि हिजाब की अनुमति नहीं है। विधायक ने हमसे पूछा कि हिजाब पहने बच्चियां सांस कैसे लेती हैं। वहीं कांग्रेस विधायक रफीक खान ने इस मुद्दे को सदन में उठाने की भी कोशिश की थी।

## दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय मुनाफाखोरी रोधी प्राधिकरण से संबंधित कानून की वैधता बरकरार रखी

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को राष्ट्रीय मुनाफाखोरी रोधी प्राधिकरण (एनएए) से संबंधित कानूनी प्रावधानों की वैधता को बरकरार रखा। यह फैसला कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा की पीठ ने फिलिप्स इंडिया, रेकिट बेंकिजर, जिलेट इंडिया और प्रॉक्टर एंड गैंबल होम प्रोडक्ट्स आदि सहित कई संस्थाओं की 100 से अधिक याचिकाओं वाले मामलों की सुनवाई के दौरान दिया था। अदालत ने कहा-हमने (सीजीएसटी अधिनियम की) धारा 171 के साथ-साथ 2017 के (सीजीएसटी) नियमों के नियम 122, 124, 126, 127, 129, 133 और 134 की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा है।

## नीतीश कुमार जल्द करेंगे मंत्रिमंडल का विस्तार

**पटना।** बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के साथ गठबंधन कर सरकार बनाने के एक दिन बाद विधानसभा अध्यक्ष पद और अन्य विधायकों को मंत्रिपरिषद में शामिल करने के लिए जोरदार गोलबंदी शुरू हो गई है। कुमार ने विभागों के बंटवारे के लिए अपने नये मंत्रिमंडल की सोमवार को बुलाई गयी बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के बाद विभागों के बंटवारे को लेकर राजग के घटक दलों के नेता चुप्पी साधे रहे। कैबिनेट बैठक में रविवार को शपथ लेने वाले सभी आठ मंत्री शामिल हुए। नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा समेत अन्य 6 विधायकों ने मंत्री के तौर पर रविवार को शपथ ली थी।

# उच्च शिक्षण संस्थानों में एससी, एसटी, ओबीसी के आरक्षण को खत्म करने की साजिश : राहुल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **कांग्रेस नेता ने यूजीसी का मसौदा दिशा-निर्देश को लेकर लगाया आरोप**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) का मसौदा दिशानिर्देश उच्च शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों को मिलने वाले आरक्षण को खत्म करने की साजिश है।

राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, यूजीसी के नए मसौदे में उच्च शिक्षा संस्थानों में एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग को मिलने वाले आरक्षण को ख़त्म करने की साजिश हो रही है। आज 45 केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में लगभग 7,000 आरक्षित पदों में से 3,000 रिक्त हैं, और जिनमें सिर्फ 7.1 प्रतिशत दलित, 1.6 प्रतिशत आदिवासी और 4.5 प्रतिशत पिछड़े वर्ग के प्रोफेसर हैं। उन्होंने दावा किया-आरक्षण की समीक्षा तक की बात कर चुकी भाजपा-आरएसएस अब ऐसे उच्च शिक्षा संस्थानों में से वंचित वर्ग के हिस्से की नौकरियां छीनना चाहती है।



### आरएसएस और भाजपा की विचारधारा देश में हिंसा और नफरत फैला रही है : राहुल गांधी

**किशनगंज।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा देश में हिंसा और नफरत फैला रही है। अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत यहां एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग शासन के दौरान विभिन्न धर्मों और जातियों के लोग आपस लड़ रहे हैं। गांधी अपनी इस यात्रा के तहत ऐसे समय में बिहार आए हैं जब कांग्रेस के पूर्व सहयोगी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक दिन पहले फिर से पाला बदलकर भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में वापस चले गए। यह 2020 में विधानसभा चुनावों में प्रचार के बाद से उनका पहला बिहार दौरा था। उन्होंने कहा कि वे (आरएसएस और भाजपा) लोगों को धर्म, जाति और भाषा के नाम पर आपस में लड़ने के लिए उकसाते हैं। उन्होंने देश में यही माहौल बना दिया है।

## जॉर्डनः हमले में मारे गए सैनिकों की मौत का जवाब देंगे : बाइडन

**कोलंबिया (अमेरिका)।** अमेरिका और ईरान के बीच एक बार तल्खियां बढ़ गई हैं। इसकी एक बढ़ी वजह बीती रात जॉर्डन में अमेरिकी सैनिकों पर ईरान समर्थित समूहों द्वारा किया गया ड्रोन हमला है।



इस हमले में अमेरिका के तीन सैनिकों को अपनी जान गंवानी पड़ी, जिसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने जॉर्डन में हुए हमले का बदला लेने की बात कही है। हालांकि, ईरान ने अमेरिकी मिलिट्री बेस पर हुए हमले में अपनी भूमिका से इनकार कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के मिशन ने एक बयान में कहा कि तेहरान इस हमले में शामिल नहीं था। हमारा इस हमले से कोई संबंध नहीं है। इस क्षेत्र में अमेरिकी बलों और प्रतिरोध समूहों के बीच संघर्ष है।

## एलएसी पर एक साल से नहीं हुआ संघर्ष, सेना की मजबूत तैनाती

नई दिल्ली, एजेंसी



▶▶ सेना प्रमुख बोले- दूसरे पक्ष के साथ हमारी सैन्य राजनयिक स्तर की वार्ता जारी

सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने सोमवार को कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति स्थिर और संवेदनशील बनी हुई है। बीते एक साल में एलएसी के आसपास और अधिक टकराव के बिंदु नहीं देखे गए हैं। उन्होंने कहा, 'दूसरे पक्ष के साथ हमारी सैन्य और राजनयिक स्तर की वार्ता जारी है। हमें उम्मीद है कि हम दो बचे हुए मुद्दों का समाधान ढूंढ लेंगे। हमने मजबूत और संतुलित तैनाती की हुई है।'

जनरल पांडे ने कहा, 'पहला, हमारे अधिकारियों, जूनियर कमीशन अधिकारियों (जेसीओ) के पास रक्षा नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र का ज्ञान है, जो असल में इलाके में उपकरणों का इस्तेमाल करते हैं। दूसरा, हमारे पास अकादमिक विशेषज्ञ हैं, जो 'ए' श्रेणी के प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों में काम करते हैं। तीसरा, हमारे पास नागरिक सुरक्षा कार्यबल है, जो हमारी कार्यशालाओं और हमारी विनिर्माण इकाइयों में काम करता है। इन तीनों रास्तों के जरिए हम नवाचार की क्षमता का लाभ उठाना चाहते हैं।'

उन्होंने आगे कहा, 'एक बार जब हम जरूरत की पहचान कर लेते हैं और इन मार्गों के जरिए प्रस्ताव सामने आते हैं, तो सेना का डिजाइन ब्यूरो जांच करता है।' जनरल पांडे ने कहा, हाल ही में 'विद्युत रक्षक' नाम से एक परियोजना शुरू की गई है। इसके तहत हमने विक्रेताओं में से एक को नवाचार (इनोवेशन) और तकनीकी (टेक्नोलॉजी) का हस्तांतरण किया है।

## द. सूडानः बंदूकधारियों और ग्रामीणों के बीच झड़प, 52 की मौत

**जुबा।** सूडान और दक्षिण सूडान दोनों के दावे वाले तेल समृद्ध क्षेत्र अबेई में बंदूकधारियों ने ग्रामीणों पर हमला किया, जिसमें संयुक्त राष्ट्र शांतिदूत सहित 52 लोग मारे गए और 64 घायल हुए हैं। वर्तमान में अबेई क्षेत्र दक्षिण सूडान के नियंत्रण में है।

स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि शनिवार शाम को बंदूकधारियों ने हमला किया। अभी हमले की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है, लेकिन भूमि विवाद से जुड़े होने का संदेह है। अबेई के लिए संयुक्त राष्ट्र अंतरिम सुरक्षा बल (यूएनआईएफएसए) ने हिंसा की निंदा की है। हिंसा में अपने एक शांतिदूत की मौत की पुष्टि की और कहा कि सांप्रदायिक हिंसा के कारण कई लोग हताहत हुए हैं। बयान में कहा गया है कि अगोक में यूएनआईएफएसए बेस पर सशस्त्र समूह ने हमला किया।


## लिसा मिशनः ब्रह्मांड की घटनाओं को उजागर करेंगे नासा-इसा

▶▶ मिशन 2035 में लॉन्च किए जाने की बन रही योजना, बड़ी घटनाओं को उजागर करने में सक्षम

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** ब्रह्मांड अदृश्य शक्ति गुरुत्वाकर्षण तरंग की पहचान करने दुनिया की सबसे बड़ी दो स्पेस एजेंसिया एकजुट होने जा रही हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा व यूरोपियन अंतरिक्ष एजेन्सी इसा ने इस मिशन को लिसा डिटेक्टर नाम दिया है।

यह मिशन ब्रह्मांड की बड़ी घटनाओं जो उजागर करने में सक्षम होगा। लिसा मिशन को 2035 में लॉन्च किए जाने की योजना है। गुरुत्वाकर्षण वह अदृश्य ताकत है, जिसके प्रभाव से ब्रह्मांड की कोई भी वस्तु अछूती नही है। सुपरनोवा विस्फोट, हाइपर-घने सितारों और तारकीय-द्रव्यमान वाले ब्लैक होल विलय की ब्रह्मांडीय घटनाओं में गुरुत्वाकर्षण की बड़ी भूमिका होती है। जिसके चलते नासा व इसा ने संयुक्त मिशन तैयार किया है।



नासा व इसा का मिशन लिसा का डिजाइन।

मिशन का डिजाइन तैयार हो चुका है और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी व नासा ने इस प्रोजेक्ट को हरी झंडी दे दी है। योजना के उपकरण डिटेक्टर में 2.5 मिलियन किलोमीटर की दूरी पर तैरते तीन अंतरिक्ष यान शामिल होंगे, जो लेजर प्रकाश का एक त्रिकोण बनाएंगे। इससे न्यूट्रॉन सितारों और ब्लैक होल के ब्रह्मांड की विकृतियों का पता लग सकेगा। अंतरिक्षयान में इंटरफेरोमीटर उपकरण मौजूद रहेगा।

लेजर इंटरफेरोमीटर ग्रेविटेशनल-वेव ऑब्जर्वेटरी से इस मिशन को जोड़ा जाएगा। इस वेदशाला ने पहली बार 2015 में गुरुत्वाकर्षण तरंगों का पता लगाया था। नासा के अनुसार यह मिशन बड़े पैमाने में लाखों गुना वृद्धि व कम-आवृत्ति गुरुत्वाकर्षण तरंगों का पता लगाने में सक्षम होगा और दुर्गम ब्रह्मांडीय दुर्घटनाओं का पता लगाएगा।

### इस मिशन से खुलेंगे ग्रेविटी के कई अंजान रहस्य

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वैज्ञानिक डा वीरेंद्र यादव का कहना है कि नई तकनीक जैसे जैसे विकसित हो रही हैं, वैसे वैसे ब्रह्मांड के रहस्य भी उजागर हो रहे हैं। ग्रेविटी अदृश्य होने के कारण संभव है कि इसके भीतर और भी रहस्य छिपे हो सकते हैं। जिनका पता लगाने में यह मिशन महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

### एक नजर

#### जम्मू-कश्मीरः गुलमर्ग समेत कई पहाड़ी हिस्सों में हुई बर्फबारी



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कई हिस्सों में बर्फबारी को दौर शुरू हुआ है। फोटो गुलमर्ग की है, जहां इस साल की पहली बर्फबारी हुई है। पिछले कई दिनों से बर्फबारी का इंतजार कर रहे पर्यटकों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। गुलमर्ग के अलावा तनमर्ग, गुरेज, सोनमर्ग और कुपवाड़ा सहित कई स्थानों पर पर्यटक बर्फ गिरने का आनंद लेने पहुंचे। बर्फबारी के कारण कई शहरों का पारा भी गिर गया है। पहलगाम में माइनस 0.8 डिग्री सेल्सियस, काजीगुंड में माइनस 0.6 डिग्री सेल्सियस और कुपवाड़ा में न्यूनतम तापमान 2.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है।

#### चीन कर सकता है ताइवान के खिलाफ शक्ति प्रदर्शनः अमेरिका

**ताइपे।** प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य कमांडर ने कहा चीन अपने हालिया चुनावों के बाद ताइवान के खिलाफ अपनी ताकत का प्रदर्शन कर सकता है। ताइवान मीडिया के अनुसार यह जानकारी दी गई। 26 जनवरी को हवाई के होनोलूलू में आयोजित पैसिफिक फोरम में यूएस इंडो-पैसिफिक कमांडर एडमिरल जॉन सी एक्विलिनो मुख्य वक्ता थे। उन्होंने ने कहा कि अमेरिका 13 जनवरी को राष्ट्रपति चुनाव के बाद ताइवान के खिलाफ चल रहे अभियान की निगरानी कर रहा है।

## मुइज्जू के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव

### मालदीवः राष्ट्रपति की बढ़ीं मुश्किलें, विपक्षी दलों ने प्रस्ताव पेश की बनाई योजना

माले, एजेंसी

मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब मालदीव की संसद में सबसे बड़ी मुख्य विपक्षी पार्टी एमडीपी, राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू पर महाभियोग चलाने के लिए एक प्रस्ताव पेश करने की योजना बना रही है। जिसके बाद मुइज्जू की सरकार गिरने की आशंका है।

चीन समर्थक राष्ट्रपति मुइज्जू के मंत्रिमंडल के सदस्यों से मतभेदों को लेकर सरकार समर्थक सांसदों और विपक्षी सांसदों के बीच रविवार को संसद में झड़प होने के एक दिन बाद यह घटनाक्रम सामने आया है। दरअसल, मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) और डेमोक्रेट्स संसदीय समूह ने मतदान से पहले राष्ट्रपति मुइज्जू के मंत्रिमंडल के चार सदस्यों के लिए संसदीय मंजूरी को रोकने का फैसला किया था। सत्तारूढ़ पार्टी प्रोग्रेसिव पार्टी ऑफ मालदीव और पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीपीएम/पीएनसी) के सरकार समर्थक गठबंधन ने संसदीय बैठक में बाधा डालते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू किया, जिसके बाद हंगामा हो गया। स्थानीय मीडिया ने एमडीपी के एक विधायक के हवाले से कहा कि एमडीपी ने डेमोक्रेट के साथ साझेदारी में महाभियोग प्रस्ताव के लिए पर्याप्त हस्ताक्षर एकत्र कर लिए हैं।

हालांकि, उन्होंने अभी तक इसे जमा नहीं किया है। 17 नवंबर को मालदीव के राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने के तुरंत बाद, मुइज्जू ने औपचारिक रूप से भारत से 15 मार्च तक अपने देश से 88 सैन्य कर्मियों को वापस लेने का अनुरोध किया, उन्होंने कहा कि मालदीव के लोगों ने उन्हें नई दिल्ली से यह अनुरोध करने के लिए "मजबूत जनादेश दिया है। 87 सदस्य वाली मासदीव की संसद ने महाभियोग प्रस्ताव प्रस्तुत करना आसान बनाने के लिए हाल ही में अपने स्थायी आदेशों में संशोधन किया था।

एमडीपी और डेमोक्रेट्स के पास कुल मिलाकर 56 सांसद हैं और एमडीपी के 43 सांसद और डेमोक्रेट के 13 सांसद हैं। सन डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, संविधान में संसद के स्थायी आदेशों के साथ राष्ट्रपति पर 56 वोटों के साथ महाभियोग चलाया जा सकता है।

### विपक्षी पार्टी एमडीपी ने कहा- सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय



मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को एमडीपी की संसदीय समूह की बैठक में महाभियोग प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। 45 वर्षीय मुइज्जू ने पिछले साल सितंबर में हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव में भारत समर्थित उम्मीदवार इब्राहिम मोहम्मद सोलिह को हराया था। एमडीपी के संसदीय समूह की सोमवार बैठक हुई। इस दौरान सर्वसम्मति से महाभियोग प्रस्ताव पेश करने का फैसला किया गया। बता दें कि माले की संसद में कुल 87 सदस्य हैं। संसद ने हाल ही में महाभियोग प्रस्ताव को आसानी से सौंपने के लिए अपने स्थायी आदेशों में संशोधन किया था। एमडीपी डेमोक्रेट के मिलाकर 56 सांसद हैं। इनमें 43 सांसद एमडीपी और 13 डेमोक्रेट के हैं। संविधान और संसद के स्थायी आदेशों के मुताबिक, 56 मतों के साथ राष्ट्रपति के खिलाफ लगाया जा सकता है। गौरतलब है कि पिछली साल दिसंबर मुइज्जू ने राष्ट्रपति बनने के बाद सबसे पहले चीन की यात्रा की थी, इस लिए मुइज्जू को चीन समर्थित कहा जाता है, लेकिन विपक्ष को ये सब रास नहीं आ रहा है।

## तमिलनाडु पुलिस ने दायर किया हलफनामा

राम मंदिर कार्यक्रम प्रसारण मामला

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के प्रसारण पर कथित रोक के मामले में पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर किया है। अपने हलफनामे में तमिलनाडु पुलिस के डीजीपी ने कहा है कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर राज्य के कई मंदिरों में लाइव प्रसारण हुआ था।

पुलिस ने हलफनामे में तमिलनाडु भाजपा के दावों को भी गलत बताया और कहा कि सरकार को हिंदू विरोधी दिखाने को कोशिश की गई, लेकिन ये गलत है। डीजीपी ने बताया कि 'लाइव प्रसारण के साथ ही राज्य के कई मंदिरों में पूजा-अर्चना भी हुई थी और उस दौरान पुलिस या राज्य सरकार द्वारा कोई हस्तक्षेप नहीं किया गया था। ये जो आरोप है कि तमिलनाडु के सीएम ने मौखिक तौर पर कार्यक्रम के प्रसारण पर रोक लगाई थी, यह आरोप पूरी तरह से गलत और आधारहीन है। तमिलनाडु पुलिस ने बताया कि भाजपा के प्रदेश सचिव विनोज पी सेल्वम ने सरकार को हिंदू विरोधी दिखाने की कोशिश की, जो कि निंदनीय है।

## झगड़े की जड़ बने केस की सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी



▶▶ कलकत्ता हाई कोर्ट के दो जजों में आदेश को लेकर हुआ था विवाद

सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में एमबीबीएस की पढ़ाई में दाखिले के लिए कथित फर्जी जाति प्रमाण पत्रों के इस्तेमाल के आरोपों की सीबीआई जांच कराने के मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट की खंडपीठ-एकल पीठ आदेश विवाद के बाद स्वतः संज्ञान सुनवाई करते हुए संबंधित मामलों को सोमवार को अपने पास स्थानांतरित कर लिया।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की पीठ ने बंगाल सरकार को राज्य में एमबीबीएस प्रवेश के लिए उपयोग किए जाने वाले कथित फर्जी अनुसूचित (एससी)/अनुसूचित जनजाति (एसटी) प्रमाणपत्रों के संबंध में राज्य पुलिस द्वारा शुरू की गई जांच की स्थिति विवरण दाखिल करने का निर्देश दिया। दरअसल पश्चिम बंगाल में मेडिकल कॉलेज एडमिशन में आरक्षित वर्ग में एडमिशन के लिए फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल करने का मामला सामने आया था। इस पर कोर्ट के जज अभिजीत गंगोपाध्याय ने मामले की जांच सीबीआई से कराने का निर्देश दिया था। हालांकि कलकत्ता हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच के जज सोमेन सेन ने जज गंगोपाध्याय के आदेश पर रोक लगा दी थी। इसके बाद जज गंगोपाध्याय ने जज सोमेन सेन पर एक राजनीतिक पार्टी का पक्ष लेने का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट से दखल की अपील की थी।

### नायडू की अग्रिम जमानत को चुनौती वाली याचिका खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश सरकार की याचिका खारिज कर दी। याचिका में सरकार ने तेदेपा चीफ और पूर्व सीएम चंद्रबाबू की अग्रिम जमानत को चुनौती दी थी। चंद्रबाबू को अमरावती इनर रिंग रोड घोटाले मामले में अग्रिम जमानत मिली थी। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें हाईकोर्ट के 10 जनवरी को चंद्रबाबू नायडू को राहत देने के आदेश को चुनौती दी गई थी।

## महिलाओं की वैवाहिक उम्र 18 से 21 साल करने वाले लंबित बिल पर मई तक अंतिम रूप देगी समिति

नई दिल्ली, एजेंसी

▶▶ चार माह का विस्तार मिला, जून 2021 को लोकसभा में किया गया था पेश



संसद की एक स्थायी समिति को अपनी रिपोर्ट पेश करने के लिए चार महीने का विस्तार (एक्सटेंशन) दिया गया है। समिति महिलाओं की शादी की आयु 18 से बढ़ाकर 21 साल करने की मांग करने वाले विधेयक पर विचार कर रही है। संसद का बजट सत्र 31 जनवरी को शुरू होने वाला है। आगामी आम चुनाव से पहले 17वीं लोकसभा का यह अंतिम सत्र है।

समिति अब चार महीने के विस्तार के बाद मई तक अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप देगी। जबकि, मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को खत्म हो रहा है। बाल विवाह निषेध (संशोधन) विधेयक, 2021 लोकसभा में पेश किया गया था। तबसे वह वहां लंबित है। जबकि, सदन का कार्यकाल जून में खत्म हो जाएगा।

लोकसभा में पेश किए गए या वहां लंबित विधेयक मौजूदा लोकसभा के भंग हो जाने के बाद खत्म हो जाएंगे। जारी बुलेटिन में बताया गया कि राज्यसभा के सभापति ने बाल विवाह निषेध (संशोधन) विधेयक, 2021 की जांच के लिए संसद की स्थायी समिति को 24 जनवरी, 2024 से चार महीने की अवधि के लिए विस्तार दिया है। समिति को पहले भी अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप देने के लिए विस्तार दिया गया था।

इस विधेयक को दिसंबर 2021 में लोकसभा में पेश किया गया था। इसके बाद इसे शिक्षा, महिला, बच्चों, युवाओं और खेलों की स्थायी समिति के पास भेजा गया था। यह समिति राज्यसभा सचिवालय के तहत काम करती है। महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने जांच के लिए विधेयक को लोकसभा अध्यक्ष से स्थायी समिति के पास भेजने का अनुरोध किया था। ईरानी ने सदन को बताया था कि सरकार पुरुषों और महिलाओं के बीच समानता लाने की कोशिश कर रही है।

### बीटिंग रिट्रीट...



**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को बीटिंग रिट्रीट समारोह के दौरान रायसीना हिल्स पर सामूहिक बैंड के शंखनाद से लेकर नौसेना के मधुर मिशन चंद्रयान की धुनें गूंजती रहीं। विजय चौक पर आयोजित यह भव्य कार्यक्रम गणतंत्र दिवस समारोह के समापन का प्रतीक है। आम जनता भी इस शानदार समारोह को देखने पहुंची। कार्यक्रम की शुरुआत 1950 के दशक में हुई थी। ● एजेंसी

## अरब सागर में ईरानी पोत हाईजैक भारतीय नौसेना ने छुड़ाया

नई दिल्ली, एजेंसी



▶▶ भारत ने युद्धपोत भेजकर सवार 17 क्रू सदस्यों को सुरक्षित बचाया

अरब सागर में एक बार फिर समुद्री लुटेरों ने एक जहाज को निशाना बनाया। भारतीय अधिकारियों के मुताबिक, कोच्चि से पश्चिम में करीब 700 नॉटिकल मील की दूरी पर ईरान के एक मछली पकड़ने वाले जहाज को सोमालियाई लुटेरों ने हाईजैक कर लिया। हालांकि, इस घटना के बाद भारतीय नौसेना ने अपने युद्धपोत को जहाज के रेस्क्यू में लगाया और इसे लुटेरों के कब्जे से छुड़ा लिया।

अफसरों ने बताया कि ईरान के इस जहाज का नाम एमवी इमान है और इसमें 17 क्रू सदस्य सवार थे। भारतीय युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने इसमें सवार लोगों को बचाने का अभियान शुरू किया। देखते ही देखते युद्धपोत में मौजूद ध्रुव चॉपर्स ने ईरानी जहाज को घेर लिया और इसे चेतावनी जारी कीं। इसके बाद सोमालियाई लुटेरों को हथियार फेंकने और सोमालिया की तरफ जाने को कहा गया।

इसके बाद नौसेना ने जहाज में सवार सभी लोगों को सुरक्षित निकाल लिया। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता विवेक मधवाल ने कहा कि भारत का युद्धपोत सोमालिया के पूर्वी तट और अदन खाड़ी में एंटी-पाइरेसी मिशन में शामिल था। इसे ईरानी जहाज की तरफ से हाईजैकिंग का सिग्नल मिला। इसमें कहा गया कि जहाज पर लुटेरों ने कब्जा कर लिया है और क्रू को बंधक बना लिया गया है।

## ईरानः मोसाद के लिए काम करने वाले चार दोषियों को मृत्युदंड

**तेहरान।** ईरान ने सोमवार तड़के में चार लोगों को फांसी दे दी। इन चारों को ईरानी डिफेंस साइट को नष्ट करने की योजना में इजराइल के लिए जासूसी करने का दोषी पाया गया था।

न्यायपालिका के अनुसार, मोहम्मद फरमरजी, मोहसिन मजलूम, वफा अजरबार, पेजमैन फतेही को जुलाई 2022 में गिरफ्तार किया गया था। इन पर इस्फहान के केंद्रीय प्रांत में रक्षा मंत्रालय केंद्र के खिलाफ एक ऑपरेशन को अंजाम देने की साजिश रचने का आरोप लगाया गया था। इनको इस मामले में सुनवाई के बाद दोषी पाया और मौत की सजा दी गई। इन चारों को सजा सुनाए जाने के बाद आज उस पर अमल किया गया। सजा पाए चारों लोग ईरानी नागरिक हैं। सितंबर में अदालत ने सुनाई गई मौत की सजा को बरकरार रखा था।

### शोध

वर्षों से किए जा रहे अध्ययनों में आश्चर्यजनक निष्कर्ष आए सामने, शिशुओं की याद्दाश्त से जुड़ी जानकारी भी शामिल

## मनोविज्ञान ने दिमाग से जुड़ी कई धारणाएं बदली

टोरंटो, एजेंसी

मनोविज्ञान ने दिमाग से जुड़ी कई धारणाओं को बदला है। इनमें दिमाग के काम करने के तरीके से लेकर क्षमता से जुड़ी जानकारी शामिल है। यूनिवर्सिटी ऑफ टोरंटो में मनोविज्ञान के प्रोफेसर पॉल ब्लूम का कहना है कि लगभग सभी आयुवर्ग पर किए गए अध्ययनों में आश्चर्यजनक निष्कर्ष सामने आए हैं।

यह निष्कर्ष सदियों से मानी जा रही धारणाओं को चुनौती देने के साथ नए मानक स्थापित करते हैं। इनमें से कुछ सामान्य धाराणाओं पर निष्कर्ष निकाले गए हैं। **शिशुओं में तर्क करने की जन्मजात प्रणालीः** माना जाता हैं कि शिशओं में समझ की कमी होती है। मनोविज्ञान से पता चला है कि शिशुओं में तर्क करने की जन्मजात प्रणाली होती है। उन्हें लोगों की भी समझ होती है।

शिशु जानते हैं कि आंखों के सामने न होने के बाद भी चीजें उनके आसपास होती हैं। वे नैतिक निर्णय लेने के भी सक्षम होते हैं। **स्मृति धंधली और अस्पष्ट होती हैः** कुछ लोगों का मानना है कि हमारा दिमाग यादों को संजोकर रखता है।

सही तरीके अपनाने से हम किसी भी स्मृति को याद कर सकते हैं। हालांकि, यह सच नहीं है। याद्दाश्त भरोसे के लायक नहीं होती है। हमारे अनुभवों का अधिकांश हिस्सा यादों के तौर पर इकट्ठा नहीं हो पाता है। जो इकट्ठा होता है, वह कुछ ही समय में धुंधला और अस्पष्ट हो जाता है।

**चेतना की सीमाएंः** माना जाता है कि हमारी चेतना एक ही समय कई चीजों पर ध्यान देने में सक्षम होती है। संज्ञानात्मक मनोविज्ञान से पता चला है कि हमारे सामने हो रही चीजों का सिर्फ छोटा सा अंश स्मृति तक पहुंच पाता है। बाकी सब चीजों को नजरअंदाज कर हमेशा के लिए खो दिया जाता है। एक ही समय में कई चीजों पर ध्यान दे पाना संभव नहीं है।

### सकारात्मक मनोविज्ञान ने बदला नजरिया



सकारात्मक मनोविज्ञान ने सूख सुखद, सार्थक और संतुष्टिदायक जीवन पर शोध को बढ़ावा दिया है। इससे उन चीजों की तरफ ध्यान बढ़ा है, जो दिमाग को स्वस्थ रखने और जीवन बेहतर बनाने में मदद करती हैं। मनोविज्ञान के प्रोफेसर पॉल ब्लूम ने बताया है कि लगभग सभी आयुवर्ग पर किए गए अध्ययनों में आश्चर्यजनक निष्कर्ष सामने आए हैं।

## संबंध सुधारने में लगे ईरान-पाकिस्तान, विदेश मंत्रियों की बैठक

**इस्लामाबाद।** हाल ही में ईरान और पाकिस्तान के बीच छिड़ी जंग के बाद ईरान के विदेश मंत्री पाकिस्तान पहुंचे हैं। ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दोलहियन अपने पाकिस्तानी समकक्ष जलील अब्बास जिलानी के साथ गहन बातचीत करेंगे।

विदेश कार्यालय ने कहा कि अतिरिक्त विदेश सचिव (अफगानिस्तान और पश्चिम एशिया) राह हयात ने रविवार देर रात नूर खान हवाई अड्डे पर अब्दुल्लाहियन का स्वागत किया। एक बयान में कहा गया, यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री अब्दुल्लाहियन विदेश मंत्री जिलानी के साथ गहन बातचीत करेंगे और प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर से मुलाकात करेंगे। मीडिया के अनुसार, यह यात्रा ईरान द्वारा पाकिस्तान सीमा क्षेत्र पुंजगुर के अंदर आतंकवादियों के कथित ठिकानों को एकतरफा निशाना बनाए जाने के बाद हो रही है।

## पाकिस्तानः चुनाव से पहले कराची में बढ़ी हिंसा

कराची, एजेंसी

▶▶ नाजिमानाड में हिंसक झड़पें गोलीबारी में 1 की मौत, 3 घायल



पाकिस्तान के सबसे बड़े शहर कराची में बीते कुछ दिनों में चुनावी हिंसा काफी बढ़ी है। पाकिस्तान में 8 फरवरी को आम चुनाव होने हैं। इस वजह से राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभा सीटों के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे दलों के बीच पहले से ही कई झड़पें हो चुकी हैं।

सोमवार को नाजिमानाड में हिंसक झड़पें हुईं, जिसके परिणामस्वरूप पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के कार्यकर्ताओं के साथ गोलीबारी के दौरान मुत्तहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम पाकिस्तान) के एक कार्यकर्ता की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। एक दिन पहले रविवार को क्लिफ्टन इलाके में जेल में बंद इमरान की पीटीआई की चुनावी रैली पर पुलिस की भारी टुकड़ियों ने लाठीचार्ज किया, आंसू गैस के गोले दागे और जबरन तितर-बितर कर दिया। इस उपद्रव में कुछ पुलिसकर्मियों समेत कम से कम 25 लोग घायल हो गये। दक्षिणी सिंध प्रांत, विशेष रूप से कराची - जो पाकिस्तान का वित्तीय केंद्र भी है, पर पीपीपी के गढ़ को एक चुनौती का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि आगामी चुनावों में विभिन्न पार्टियां जमकर प्रतिस्पर्धा कर रही हैं।

बिलावल जरदारी-भुट्टो के नेतृत्व वाली पीपीपी की सिंध और कराची पर पकड़ तब भी बनी हुई है, जब खान के नेतृत्व वाली पीटीआई ने 2018 में पिछले चुनावों में सरकार बनाई थी और अविश्वास प्रस्ताव के बाद 2022 में शाहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार के गठन के दौरान भी पीटीआई शासन को समाप्त कर दिया।

### बलूचों का प्रदर्शन, आवाज उठाने वाले हो रहे लापता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अत्याचार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के बीच बलूचिस्तान के डेरा बुगती क्षेत्र में 10 लोग लापता हो गए। स्थानीय मीडिया न बताया कि सुई शहर में गुप्त एजेंसियों के साथ मिलकर पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने घर-घर जाकर तलाशी अभियान चलाया और 10 लोगों को लापता कर दिया। पाकिस्तानी बल ने जाफर कॉलोनी में तलाशी अभियान चलाया, जिसके बाद जीटीए के अध्यक्ष और जमहूरी वतन पार्टी कार्यकर्ता मास्टर मौस बक्श और उनका बेटा लापता हो गए। इसी तरह गोबर खान बुगती के बेटे आतिफुल्लाह को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों ने हिरासत में लिया, जिसके बाद से ही वह लापता हो गया। शनिवार को पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने एक व्यक्ति के आवास पर छापेमारी की और उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद से ही वह लापता हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने सड़क जाम किया।